@Qpatrika | @qaumipatrika hindi | instagram.com/qaumipatrika

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

मंगलवार, 9 सितंम्बर 2025

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 300 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## बिहार एसआईआर मामले में सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

### अब आधार भी होगा मान्य

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बिहार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अहम आदेश जारी किया है। कोर्ट ने चुनाव आयोग को आधार को भी अन्य 11 मान्य दस्तावेजों के बराबर मानने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के तौर पर माना जाएगा।

हालांकि, चुनाव आयोग आधार का सत्यापन कर सकता है कि आधार सही या नहीं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम साफ कर दे रहे हैं कि आधार सिर्फ निवास के प्रमाण के लिए है न कि नागरिकता तय करने के लिए। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने यह आदेश याचिकाकर्ता योगेंद्र यादव की दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याचिकाकर्ता योगेंद्र यादव ने



सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश की सराहना करते हुए कहा कि इससे लाखों-करोड़ों लोगों के वोट अधिकार की रक्षा होगी। उन्होंने चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हुए कहा कि एसआईआर वोट बंदी की प्रक्रिया है। यह आम लोगों से उनके सबसे अहम अधिकार को छीनने की प्रक्रिया है, क्योंकि लोगों से वो दस्तावेज मांगे जा रहे थे जो उनके पास है ही नहीं, लेकिन जो दस्तावेज आमजन के पास हैं उसे अमान्य माना जा रहा था। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग लगातार अपनी मनमानी करता आया है। उसने सुप्रीम कोर्ट के सुझाव और इशारे को भी नजरंदाज किया, लेकिन अब इस मामले में कोर्ट ने आदेश भी जारी कर दिया है। योगेंद्र यादव ने कहा कि यह वोटरों के लिए बड़ी राहत है। इससे न सिर्फ बिहार के लाखों वोटर बल्कि देश के करोड़ों मतदाता वोटर लिस्ट से बाहर होने से बच गए हैं।

## पंजाब में 296.4एमएम से ज्यादा बारिश

### हिमाचल में 824 सड़कें बंद; ताजमहल तक यमुना का पानी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पंजाब के 23 जिलों के करीब 2 हजार गांव बाढ़ की चपेट में हैं। इनकी 3 लाख 84 हजार की आबादी



प्रभावित है। 12 जिलों के 46 लोगों की बाढ़-बारिश में जान गई। 12 दिन बाद आज राज्य के सभी जिलों में स्कूल-कॉलेज खुले हैं। राजस्थान में तेज बारिश के बाद कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति है। नदी-नाले ओवरफ्लो होने से आज 8 जिलों, उदयपुर, सलूंबर, जालोर, डूंगरपुर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर और बालोतरा में स्कूल बंद हैं। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद उत्तर प्रदेश के मथुरा के वृंदावन में हालात बिगड़े हैं। राधा वल्लभ मंदिर में पानी भरा है। बांके बिहारी मंदिर से 100 मीटर दूर बाढ़ का पानी बह रहा है। राज्य में अब तक 644.9mm बारिश हुई है, जबकि यहां औसत बारिश का आंकड़ा 641.4mm है। हिमाचल प्रदेश में 2 नेशनल हाईवे समेत 824 सड़कें अभी भी बंद हैं। इनमें ज्यादातर सड़कों को बंद हुए 10 दिन हो चुके हैं। राज्य में इस सीजन में सामान्य से 45फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। 1 जून से 7 सितंबर के बीच 652.1द्बद्ब सामान्य बारिश होती है, लेकिन इस बार 948.5mm बारिश हुई है।

### बाढ़ से बर्बाद हुई फसलों के लिए किसानों को मिलेगा 20,000 रुपए प्रति एकड़ मुआवजा - भगवंत मान

मोहाली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में बाढ़ प्रभावितों के लिए कई अहम फैसले लिए गए। सीएम भगवंत मान अस्पताल में भर्ती हैं। वह अस्पताल से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कैबिनेट मीटिंग में शामिल हुए। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बताया कि बाढ़ के कारण बर्बाद हुई फसलों के लिए किसानों को 20,000 रुपए प्रति एकड़ का मुआवजा दिया जाएगा। बाढ़ के कारण किसानों की जमीनों में रेत भर गई है, इसलिए पंजाब सरकार 'जिसका खेत, उसकी रेत' योजना लागू करने जा रही है। इस योजना से किसान इस रेत और मिट्टी को अपने खेत से निकाल सकते हैं। वे इसे बेच भी सकते हैं या अपने निजी काम के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने सहकारी बैंकों से कर्ज लिया है, उनकी किश्तों में अगले 6 महीने तक छूट दी गई है। साथ ही बाढ़ के कारण जिन लोगों की आजीविका प्रभावित हुई है, उन्हें 4 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाओं पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में टीकाकरण अभियान और चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। शहरों में साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## उत्तराखंड के आपदाग्रस्त क्षेत्रों में नुकसान का आकलन करने पहुंची केंद्रीय टीम

**एजेंसी**

**देहरादून।** उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदाओं से हुई क्षति का आकलन करने के लिए एक अंतर मंत्रालय की केंद्रीय टीम आपदा प्रभावित क्षेत्रों की ओर सोमवार को रवाना हुई। यह टीम उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पौड़ी, बागेश्वर व नैनीताल का भ्रमण कर अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव आर. प्रसना के नेतृत्व में छह सदस्यीय टीम में अनु सचिव शेर बहादुर, अधीक्षण अभियंता सुधीर कुमार, उप निदेशक विकास सचान, मुख्य अभियंता पंकज सिंह और निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह शामिल हैं। अंतर मंत्रालय केंद्रीय टीम आज विभिन्न जनपदों में आपदा से हुई क्षति का आकलन व जायजा लेने के लिए देहरादून से प्रस्थान कर गई है।

## बाढ़ में सेना का सहारा

- 21 हजार लोगों को बचाया, 29 पुल बनाए, 10 हजार लोगों को दिया उपचार



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश के अनेक हिस्से इस वर्ष भयंकर बाढ़ से प्रभावित हैं। ऐसे कठिन समय में भारतीय सेना ने आपदा में फंसे आम देशवासियों की तरह मदद का हाथ बढ़ाया है। भारतीय सेना ने बाढ़ में फंसे 21 हजार से अधिक नागरिकों को सुरक्षित बचाया है। वहीं देश भर के विभिन्न बाढ़ प्रभावित इलाकों में हजारों लोगों को उपचार मुहैया कराया जा रहा है। सैकड़ों घंटे की हेलीकॉप्टर उड़ानों से हजारों बाढ़ पीड़ितों तक राहत सामग्री पहुंचाई गई है। सेना के मुताबिक अकेले पंजाब में ही अब तक करीब 10 हजार लोगों को बचाया जा चुका है।

## आमजन से व्यवहार ठीक रखें जनसेवक, दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं : सीएम योगी

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश भर से आए पीड़ितों की शिकायतें सुनीं और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

'जनता दर्शन' में 50 से अधिक पीड़ित पहुंचे। सहारनपुर से आई महिला ने बताया कि उनके पास राशन कार्ड नहीं है। जब वे राशन लेने गईं तो राशन डीलर अभद्रता करता है। इस पर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर जनसेवक आमजन से व्यवहार ठीक रखे। किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा। सोमवार को 'जनता दर्शन' में सर्वाधिक मामले जमीनी विवाद से जुड़े आए। प्रयागराज से आए सीआरपीएफ के जवान ने भी जमीन से जुड़े मामले को लेकर सीएम के समक्ष अपनी बात रखी। इस पर मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन को इस प्रकरण के शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया। शामली से भी एक महिला अपनी शिकायत लेकर आई, बताया कि उनके पति असम में तैनात



हैं।उन्होंने भी बताया कि प्रयागराज में जमीन ली है, लेकिन कब्जा लेने में परेशानी आ रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पत्र लेकर कार्रवाई का निर्देश दिया।'जनता दर्शन' में आई मंजू देवी त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि अपोलो में इलाज चल रहा है। इलाज के लिए आर्थिक सहायता दिला दी जाए। इस पर सीएम ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद मरीज को आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। आप भी अस्पताल से एस्टिमेट बनवाकर भिजवाएं। आपके इलाज में खर्च की चिंता सरकार करेगी। 'जनता दर्शन' में दिव्यांग भी पहुंचे। गाजीपुर से दिव्यांग उधम यादव ने पेंशन बढ़ाने, आयुष्मान कार्ड, हैंडपंप व आवास दिलाने को लेकर सीएम को प्रार्थना पत्र दिया।

## यमुना नदी को स्वच्छ व निर्मल बनाना हमारी सरकार की प्रतिबद्धताः सीएम रेखा गुप्ता

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली, 9 सितंबर। दिल्ली की रेखा सरकार ने देश की राजधानी को सही मायनों में 'विकसित दिल्ली' बनाने के लिए एक और महत्वपूर्ण पहल की है। दिल्ली की तीन बड़ी चुनौतियों जैसे यमुना का प्रदूषण, कूड़े के पहाड़ व वायु प्रदूषण को प्रभावी रूप से खत्म करने के लिए उद्योग व कॉरपोरेट जगत को भी जोड़ा जाएगा। सरकार का मानना है कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के संदर्भ में सरकार और उद्योग की साझेदारी के अंतर्गत किए गए कई सफल प्रयासों की ही कड़ी है। मुख्मंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता का कहना है कि यमुना नदी को स्वच्छ व निर्मल बनाना हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर आज राजनिवास में दि 'यमुना और दिल्ली का पुनर्जीवन-एक सीएसआर संवाद' का आयोजन किया गया। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के साथ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने इसकी अध्यक्षता की। संवाद में सरकार के वरिष्ठ



अधिकारियों के अतिरिक्त शीर्ष उद्योग संघों के प्रतिनिधि, भारतीय उद्योग, कॉरपोरेट जगत, सार्वजनिक उपक्रमों के प्रमुख भी शामिल हुए। संवाद में दिल्ली जल बोर्ड की ओर से उन क्षेत्रों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जहां उद्योग जगत के साथ साझेदारी स्थापित की जा सकती है। संवाद में वीके सक्सेना ने कहा कि नई सरकार को विरासत में मिली तीन बड़ी समस्याएं- यमुना नदी का प्रदूषण, ठोस कचरे के पहाड़ और वायु प्रदूषण, दिल्ली की मुख्य चुनौतियाँ हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय राजधानी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनामी दिलाई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इन समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी दिखने लगे हैं। **शेष पृष्ठ 3 पर**

## 'फूलवालों की सैर' को भव्य रूप से मनाएगी दिल्ली सरकारः कपिल मिश्रा

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली, 8 सितम्बर। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को बताते त्योहार 'फूलवालों की सैर' को एक बार फिर भव्य रूप से मनाने की दिशा में दिल्ली सरकार ने कदम उठाये हैं। इस संबंध में कल दिल्ली सचिवालय में कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, राजस्व विभाग, दिल्ली वक्फ बोर्ड एवं अंजुमन सैर-ए-गुल फ़रोशन सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि त्योहार 'फूलवालों की सैर' दिल्ली की पहचान है और दिल्ली सरकार की पूरी कोशिश है कि सदियों से चली आ रही इस परंपरा को फिर से जीवंत किया जाए। इस वर्ष यह उत्सव 2 नवम्बर से 8 नवम्बर तक भव्य तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने आगे निर्देश दिए कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस आयोजन में सभी विभाग अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए ठोस योजना प्रस्तुत करें। 'फूलवालों की सैर' दिल्ली



की गंगा-जमुनी तहज़ीब का प्रतीक है। सदियों से चली आ रही इस परंपरा में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय मिलकर फूलों की चादर और पंखे श्रद्धा स्वरूप अर्पित करते हैं। यह आयोजन हमेशा से भाईचारे, सांस्कृतिक एकता और सामूहिक उत्सव का प्रतीक रहा है। इस वर्ष दिल्ली सरकार की पहल पर 'फूलवालों की सैर' उत्सव के अंतर्गत रंगारंग झांकियाँ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, कव्वाली एवं लोक संगीत, ऐतिहासिक झलकियों से सजे कार्यक्रम और पारंपरिक पंखों की झलक देखने को मिलेगी। उत्सव में दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों से कलाकार एवं समाजसेवी भाग लेंगे। दिल्ली सरकार का उद्देश्य है कि इस परंपरा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाए और दिल्ली को 'सांस्कृतिक राजधानी' के रूप में और मज़बूत किया जाए। इसके लिए प्रचार-प्रसार और स्थानीय समुदाय की सहभागिता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## जब भी भारत पर कोई विपत्ति आती है, कांग्रेस का युवराज विदेश चला जाता है : नायब सैनी

### पीएम मोदी गुरदासपुर और पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा पहले से तय था, और वे हिमाचल भी जाएंगे।

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा जनता के बीच मौजूद रहते हैं। सीएम सैनी का यह बयान पंजाब में विनाशकारी बाढ़ की स्थिति के बीच आया है, जहां पीएम मोदी 9 सितंबर को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने वाले हैं।



मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी प्राकृतिक आपदा के समय सबसे पहले जनता के बीच पहुंचते हैं, अपने कार्यक्रम रद्द करके लोगों की मदद करते हैं।उन्होंने बताया कि पीएम मोदी का गुरदासपुर और पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा पहले से तय था, और वे हिमाचल भी जाएंगे। उनके नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा है, और लोगों का विश्वास उनकी नीतियों पर है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जो कहते हैं, उसे मन और दिल से बोलते हैं और समयबद्ध तरीके से पूरा करते हैं। राहुल गांधी के मलेशिया दौरे पर तंज कसते हुए सीएम सैनी ने कहा कि जब भी भारत पर कोई विपत्ति आती है, कांग्रेस का युवराज विदेश चला जाता है। उन्होंने इसे कांग्रेस का इतिहास बताया। सैनी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता का बाहर जाना अच्छा है, वरना वे घर बैठकर सिर्फ पोस्ट करते रहते थे। अब उन्हें बाहर निकलने की जरूरत महसूस हुई, जो एक अच्छी बात है।

पंजाब में आई विनाशकारी बाढ़ के बीच हरियाणा के सीएम ने हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के अस्वस्थ होने पर आज मोहाली स्थित अस्पताल में भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें शीघ्र स्वस्थ करें।'

## अनिल विज का दीपेन्द्र हुड्डा पर तंजः राजनीति के मैदान में बिना बॉल के बल्ला चला रहे हैं

**एजेंसी**

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र हुड्डा के एक बयान पर तीखा पलटवार किया है। हुड्डा ने दावा किया था कि उन्होंने बाढ़ पीड़ितों के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खुलवाया है, जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए विज ने कहा, दीपेन्द्र हुड्डा ने करना कुछ नहीं, सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज करनी है क्योंकि वह राजनीति के मैदान में बिना बॉल के बल्ला लेकर खड़े हैं। एक सवाल के जवाब में अनिल विज ने हरियाणा के मंत्रियों द्वारा अपना एक महीने का वेतन बाढ़ पीड़ितों को देने की सराहना की। उन्होंने कहा, यह अच्छी बात है, क्योंकि प्रदेश में आपदा आई है और इसमें सभी को सहयोग करना चाहिए।

## जलवायु परिवर्तन सदी की सबसे बड़ी समस्या - श्रीकांत शर्मा

**एजेंसी**

**लालसोट।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड सवाई माधोपुर के तत्वावधान में स्काउट वन, हाउसिंग बोर्ड में यूथ लीड एक्शन ऑन क्लाइमेट चेंज कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए नेशनल मास्टर ट्रेनर श्रीकांत शर्मा ने कहा कि 'जलवायु परिवर्तन इस सदी की सबसे बड़ी समस्या है और इसे रोकने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।' उन्होंने भारत स्काउट गाइड के विश्व गाइड संगठन द्वारा संचालित याईलेक प्रोजेक्ट की जानकारी दी।

## जम्मू के कुलगाम में एनकाउंटर, 2 आतंकी मारे गए

### एक का नाम पहलगाम हमले के बाद जारी आतंकियों की लिस्ट में था; 2 जवान भी शहीद

**एजेंसी**

**कुलगाम।** सेना ने कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़ के दौरान 2 आतंकियों को मार गिराया है। सोमवार सुबह गुड्डर के जंगलों में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। सेना ने इसे ऑपरेशन गुड्डर नाम दिया है। इस दौरान घायल हुए दो जवान भी शहीद हो गए हैं। मारे गए एक आतंकी की पहचान शोपियां के रहने वाले आमिर अहमद डार के रूप में हुई है। वह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था और सितंबर 2023 से एक्टिव था। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से जारी 14 आतंकवादियों की लिस्ट में यह भी शामिल था। पुलिस, सेना की 9RR और CRPF की एक जॉइंट टीम ने आतंकवादियों की मौजूदगी की



सूचना मिलने के बाद इलाके में सर्चिंग शुरू की थी। जानकारी के मुताबिक जंगल में लश्कर के 3 से ज्यादा आतंकी छिपे हैं। दोनों ओर से गोलीबारी जारी है और अतिरिक्त सुरक्षा बल इलाके में भेजे गए हैं। आतंकियों के छिपे होने की खबर मिलने के बाद टीम गुड्डर के जंगलों में संदिग्ध जगह पहुंची। जहां छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

## भाजपा का सुदर्शन रेड्डी पर निशाना, कहा -देश की आत्मा की बात कर पाखंड न करें रेड्डी

### न्यायमूर्ति रेड्डी ने बयान दिया है कि 'देश की आत्मा को बचाने के लिए मुझे वोट दें'।

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में विपक्ष के इंडी गठबंधन के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी की चारा घोटाले के सजायाफ्ता राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव से मुलाकात और देश की आत्मा बचाने की दुहाई दिये जाने को उनका पाखंड करार दिया है। भाजपा के सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उच्चतम न्यायालय के



सेवानिवृत्त न्यायाधीश सुदर्शन रेड्डी विपक्ष के गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार हैं। न्यायमूर्ति रेड्डी ने बयान दिया है कि 'देश की आत्मा को बचाने के लिए मुझे वोट दें'। उन्होंने चारा घोटाले में दोषी राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की है।

उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश किसी ऐसे व्यक्ति से मिल रहे हैं जो घोटाले में दोषी है, यह पाखंड है। इसलिए उन्हें देश की आत्मा की बात कर पाखंड नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद न सिर्फ घोटाले के दोषी हैं, बल्कि रेलवे की संपत्ति को गलत तरीके से बेचने के मामले में भी आरोपी हैं। उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश सुदर्शन रेड्डी, जो इंडी गठबंधन के उप राष्ट्रपति के उम्मीदवार हैं। हम सभी न्यायाधीशों की इज्जत करते हैं, चाहे वो वर्तमान न्यायाधीश हों या सेवानिवृत्त हों लेकिन जब कोई न्यायाधीश चुनावी अखाड़े में आता है और बड़ी-बड़ी बातें करता है।

## दिल्ली में बच्चा चोरी गैंग का भंडाफोड़, 12 गिरफ्तार, 6 मासूम बरामद

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली में बच्चों की तस्करी करने वाले संगठित गिरोह का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 6 मासूम बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस इस मामले में विस्तृत जानकारी देने की तैयारी में है। पुलिस के शुरुआती इनपुट के अनुसार यह गिरोह बेहद संगठित और अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय है। इसका नेटवर्क दिल्ली-एनसीआर के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश तक फैला हुआ है। गिरोह में महिलाओं और पुरुषों दोनों की अहम भूमिका पाई गई है। जांच में सामने आया है कि गैंग के अलग-अलग सदस्य अलग-अलग जिम्मेदारियां निभाते थे। कुछ सदस्य, खासतौर पर महिलाएं, भीड़-भाड़ वाले इलाकों, रेलवे स्टेशनों और अस्पतालों से बच्चों को चुराने का काम करती थीं। अन्य सदस्य ग्राहकों से संपर्क कर बच्चों की बिक्री का सौदा तय करते थे। गिरोह में नकली दस्तावेज तैयार करने वाले और फर्जी डॉक्टर/वकील भी शामिल थे, जो सौदे को कानूनी रूप देने की कोशिश करते थे।

**2-3 लाख में बिकते थे मासूम**

सूत्रों के मुताबिक, चुराए गए बच्चों को 2 से 3 लाख रुपये में नि:संतान दंपतियों या अन्य जरूरतमंदों को बेचा जाता था। कई बार इस धंधे में बिचौलिए भी शामिल होते थे, जो ग्राहकों तक बच्चों को पहुंचाने का काम करते थे।

## बिहार में दिवाली-छठ पर चलेंगी 12 हजार स्पेशल ट्रेनें, लोगों को मिलेगी सुविधा

पटना (एजेंसी)। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने दिवाली और छठ पर्व पर बिहार के लिए 12000 से ज्यादा विशेष ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। उन्होंने एक्स लिखा कि इस साल विशेष ट्रेन की कुल संख्या 12739 होगी, जबकि 2024 में यह संख्या 7500 से ज्यादा थी। उन्होंने कहा कि इनमें से 8591 ट्रेन की अधिसूचना पहले ही जारी हो चुकी है। चौधरी ने इस फैसले को ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह बिहार के उन लाखों लोगों को सुविधा पहुंचाने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो त्योहारों के दौरान अपने घर लौटना चाहते हैं। उन्होंने पीएम मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को बिहार के प्रति इस विशेष स्नेह के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने सीएम नीतीश कुमार के सक्षम नेतृत्व की तारीफ भी की।

## चंद्रग्रहण में बनाई मछली, धार्मिक कट्टरपंथियों ने घर पर कर दिया हमला

### - महिलाओं के फाड़े कपड़े, पुरुषों को जमकर पीटा, घर में की तोड़फोड़

भुवनेश्वर (एजेंसी)। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के लिंगराज थाना क्षेत्र के नागेश्वर टांगी इलाके में चंद्रग्रहण के दिन मांसाहारी भोजन करने पर एक परिवार को भारी कीमत चुकानी पड़ी। करीब युवकों की भीड़ ने घर में घुसकर परिवार पर हमला कर दिया, कपड़े फाड़े और बुरी तरह पीटा। पीड़ित परिवार का कहना है कि वे अपने घर में खाना बनाकर खा रहे थे, लेकिन उन्हें हेतुवादी या तर्कवादी कहकर निशाना बनाया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक परिवार का कहना है कि उन्होंने चंद्रग्रहण को वैज्ञानिक और तार्किक नजरिए से देखा और रोज की तरह चिकन बिरयानी और मछली पका रहे थे। लेकिन इस बात से कुछ हिंदू धार्मिक कट्टरपंथी नाराज हो गए। कट्टरपंथियों का आरोप था कि परिवार हेतुवादी या तर्कवादी है यानी वे लोग जो धर्म और भगवान में विश्वास नहीं रखते। हमला करने वाले युवकों ने धार्मिक नारे भी लगाए और परिवार के सदस्यों से घसीट घसीट कर बुरा तरह पीटा। बताया गया कि भीड़ ने जबरन दरवाजा तोड़ दिया, खिड़कियों के शीशे चकनाचूर कर दिए और घर के अंदर घुसकर हमला किया। महिलाओं के कपड़े फाड़कर उनकी बेइज्जती की, पुरुषों को डंडों और लाठियों से पीटा। आस-पास के लोग डर से कुछ नहीं कर पाए। इस पूरी घटना से इलाके में दहशत फैल गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने की कोशिश की। हालांकि, तब तक परिवार के कई सदस्य घायल हो चुके थे और घर को काफी नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कुलगाम में मुठभेड़ : सुरक्षा बलों ने एक आतंकी किया ढेर, एक जवान घायल

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षा बलों ने आतंकियों को घेर लिया है। चारों तरफ से घिरे आतंकियों से हमारे बहादुर जवान लोहा ले रहे हैं। दोनों तरफ से हो रही फायरिंग में एक आतंकी ढेर हो गया है जबकि एक हमारा बहादुर जवान घायल हुआ है। यहां 3 से 4 आतंकी छिपे होने की सूचना है जिन्हे सुरक्षा बलों ने घेर लिया है। दहशतगर्दों की ओर से गोलीबारी में सेना के तीन जवान घायल भी हुए हैं जिनमें एक अफसर रैंक के हैं। घायलों को इलाज के लिए तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कश्मीर जोन पुलिस ने बताया कि कुलगाम के गुद्दर जंगल में दहशतगर्दों के होने की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके आधार पर सेना ने सर्च ऑपरेशन चलाया तो जंगल में छिपे आतंकी फायरिंग करने लगे। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई जिसका सेना की ओर से मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष कार्य बल (एसओजी), भारतीय सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) संयुक्त रूप से इस ऑपरेशन में शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में बीते दिनों सेना ने आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दी थी। घुसपैठ का यह प्रयास ऐसे समय में हुआ था, जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बाढ़ के बाद हुई मौतों और तबाही का आकलन करने के लिए शीतकालीन राजधानी जम्मू के दौरे पर आए थे। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'तड़के करीब साढ़े पांच बजे बालाकोट के सामान्य इलाके में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध हलचल देखी गई।

# जैन समाज के कार्यक्रम से एक करोड़ रुपए का कलश चुराने वाला भूषण गिरफ्तार

### -आरोपी ने बताया एक नहीं तीन कलश हुए थे चोरी, एक बरामद दो की तलाश जारी

**हापुड़ (एजेंसी)।** दिल्ली के लाल किला परिसर से चोरी हुए एक करोड़ के कलश मामले में क्राइम ब्रांच ने आरोपी को गिरफ्तार कर कलश बरामद कर लिया है। पुलिस मुख्यालय के सूत्रों के मुताबिक दिल्ली पुलिस औपचारिक तौर पर इसका ऐलान कर सकती है। क्राइम ब्रांच के सूत्र के मुताबिक फुटेज के आधार पर यूपी के हापुड़ से यह गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार किए गए शख्?स का नाम भूषण वर्मा है। पूछताछ में ये खुलासा हुआ है कि मौके से एक नहीं बल्कि तीन कलश चोरी हुए थे। हालांकि फिलहाल एक कलश बरामद हुआ है। बाकी दो कलश को बरामद करने के लिए क्राइम ब्रांच गाजियाबाद सहित कुछ अन्य लोकेशन पर सर्च ऑपरेशन चला रही है। सूत्र के मुताबिक इस मामले की तफ्तीश के दौरान दो और आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी भूषण वर्मा जैन समाज से नहीं है, लेकिन वह अपने को जैन धर्म से जुड़ा हुआ दिखाने के लिए उनके जैसे कपड़े उसी पूजा अनुष्ठान के मुताबिक तैयार करके उस कार्यक्रम में पहुंचा था। सीसीटीवी में दिख रहा है कि जिस तरह से धोती और चुन्नी पहनी थी वह जैन समुदाय के लोग अपने अनुष्ठान, पूजा करने के दौरान पहनते हैं। आरोपी भूषण ने बेहद प्लानिंग के साथ इस वारदात को अंजाम दिया था।

दरअसल, चोरी हुआ यह कलश 760 ग्राम शुद्ध सोने से बना है, जिसमें 150 ग्राम हीरे, माणिक्य और पन्ना जड़े हुए थे। चोरी का मामला बीते मंगलवार को सामने आया था, जब कारोबारी सुधीर जैन रोजाना की तरह पूजा के लिए कलश लेकर आए थे। इस दिन कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला भी पहुंचे थे। उनके स्वागत के दौरान हुई अफरा-तफरी में कलश मंच से गायब हो गया। सुधीर जैन ने बताया कि कलश उनकी निजी संपत्ति थी और इसे धार्मिक भावना से बनवाया गया था।

दिल्ली पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक, लाल किला परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्ध की गतिविधियां रिकॉर्ड हुई हैं। अधिकारियों ने संदिग्ध की पहचान कर ली थी। पुलिस टीम ने मौके पर फॉरेंसिक जांच और गवाहों से पूछताछ भी की थी। यह अनुष्ठान जैन समुदाय द्वारा लाल किला परिसर में 15 अगस्त को पार्क में आयोजित किया जा रहा है, जो 9 सितंबर तक चलेगा। चोरी की घटना से समुदाय में आक्रोश था और लोग सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि इतने बड़े आयोजन में सख्ती से निगरानी रखी जानी चाहिए थी।

यह कलश केवल सोने और रत्नों से जड़ा आभूषण नहीं था, बल्कि जैन समाज के धार्मिक आयोजनों में प्रतिदिन होने वाले पूजन का अहम



हिस्सा था। आयोजन समिति के सदस्य पुनीत जैन ने बताया था कि यह कलश लंबे समय से विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में इस्तेमाल किया जा रहा था और हर दिन पूजा-पाठ के दौरान विशेष मंच पर स्थापित किया जाता था। मंच पर केवल परंपरागत परिधान पहने अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होती है।

## संबित पात्रा ने विपक्ष पर साधा निशाना और बोले- घुसपैठिया बचाओ आंदोलन चला रहा विपक्ष

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विपक्षी दलों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वे घुसपैठियों के समर्थन में भाजपा नेताओं को धमकियां दे रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि विपक्ष अब घुसपैठिया बचाओ आंदोलन चला रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी की जो यात्रा निकली है, वह अब घुसपैठिया बचाओ यात्रा बन चुकी है। बीजेपी प्रवक्ता पात्रा ने कहा कि चुनाव आयोग की विशेष मतदाता पुनरीक्षण ड्राइव (स्पेशल इंटेंसिव ड्राइव) से विपक्ष, खासकर कांग्रेस और गांधी परिवार, हताशा में आ गए हैं। इसी के चलते नेताओं के भड़काऊ बयान सामने आ रहे हैं। पात्रा ने झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी के बयान का हवाला देते हुए कहा, जो घुसपैठियों की बात करेगा, जो बांग्लादेशी कहेगा, भारतीय जनता पार्टी की कब्र हम झारखंड में खोद देंगे।

**लोकतंत्र और समाज के लिए खतरा**

बीजेपी प्रवक्ता पात्रा ने कहा कि यह बयान सिर्फ धमकी नहीं है, बल्कि लोकतंत्र और समाज दोनों के लिए बेहद खतरनाक संकेत है। उन्होंने अपील की कि कोलकाता हाईकोर्ट को इस मामले का स्वतः संज्ञान लेना चाहिए और ऐसे नेताओं पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाना चाहिए। पात्रा ने विपक्ष पर देश की सुरक्षा से समझौता करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा किसी भी हालत में घुसपैठियों और उनके संरक्षण की राजनीति बर्दाश्त नहीं करेगी।

## दिल्ली की हवा में पारा सबसे ज़्यादा, किडनी और दिल के लिए खतरनाक

### -छह साल की रिसर्च में हुआ खुलासा, धीरे-धीरे कम होने के संकेत भी मिले



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में हवा इतनी प्रदूषित हो गई है कि सांस लेना अब और खतरनाक हो गया है। पुणे के इंडियन इंस्टीट्यूट की छह साल की रिसर्च में पता चला है कि दिल्ली की हवा में पारा सबसे ज़्यादा है। पारा एक जहरीला धातु है जो तंत्रिका तंत्र, किडनी और हृदय के लिए बहुत ही नुकसानदेह है। रिसर्च में दिल्ली, अहमदाबाद और पुणे की हवा की तुलना की गई। इसके जो नतीजे आए वह हैरान करने वाले हैं।

रिसर्च ने बताया गया है कि दिल्ली में पारा का स्तर दक्षिण एशिया में अब भी सबसे ज्यादा है। दिल्ली की हवा में पारा का स्तर 6.9 नैनोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर पाया गया है, जबकि अहमदाबाद में यह 2.1 और पुणे में 1.5 नैनोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है। दिल्ली का पारा स्तर वैश्विक स्तर से 13 गुना ज्यादा था। रिसर्च में बताया गया कि इन शहरों में पारा का 72 फीसदी से 92फीसदी हिस्सा मानव गतिविधियों जैसे कोयला जलाना, ट्रैफिक और उद्योगों के कारण है। सर्दियों में और रात के समय पारा की मात्रा बढ़ जाती है, जो कोयला जलाने, पराली जलाने और स्थिर मौसम की वजह से होता है।

आईआईएससी के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के चेयर प्रोफेसर गुफ़रान बीग ने कहा कि पारा डब्ल्यूएचओ के मुताबिक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए 10 खतरनाक रसायनों में शामिल है। अगर छोटे मात्रा में भी 5-10 साल तक सांस के जरिए एक्सपोज़र होता रहे, तो यह खतरनाक साबति हो सकता है। लंबे समय तक पारा सांस लेने से तंत्रिका तंत्र, पाचन तंत्र, इम्यून सिस्टम, किडनी और फेफड़ों को नुकसान पहुंचता है।

दिल्ली की हवा में पारा का स्तर सबसे ज्यादा है, जबकि अहमदाबाद और पुणे में कम पाया गया। वैज्ञानिकों का दावा है कि हाल के वर्षों में धीरे-धीरे कमी का संकेत भी मिला है। दिल्ली की हवा में पारा बढ़ने का मुख्य कारण मानव गतिविधियां जैसे कोयला जलाना, ट्रैफिक और उद्योग हैं। सर्दियों और रात के समय पारा का स्तर बढ़ जाता है, जो दिमाग, किडनी, फेफड़े, हृदय और पाचन तंत्र पर गंभीर असर डाल सकता है।

## चिदंबरम ने सीईसी ज्ञानेश कुमार पर उठाए सवाल, कहा- आयोग का काम हलफनामे या माफ़ी मांगने का अल्टीमेटम देकर चुनौती देना नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर एक नया हमला बोला। उन्होंने तीन पूर्व चुनाव निगरानीकर्ताओं की दुर्लभ सार्वजनिक आलोचना का सहारा लिया, जिन्होंने राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों से निपटने के तरीके को गलत बताया था। चिदंबरम ने कहा कि चुनाव आयोग का काम गंभीर शिकायतों की जाँच करना है, न कि विपक्ष के नेता को हलफनामे या माफ़ी मांगने का अल्टीमेटम देकर चुनौती देना। चिदंबरम ने एक्स पर एक पोस्ट में तीन पूर्व चुनाव आयुक्तों द्वारा की गई कड़ी आलोचना का हवाला दिया। उनके अनुसार, पूर्व चुनाव अधिकारियों ने कुमार के रुख की कड़ी आलोचना की और इस बात पर ज़ोर दिया कि अगर किसी नागरिक या हितधारक ने कोई ठोस शिकायत की है, तो



चुनाव आयोग का कर्तव्य है कि वह शिकायतकर्ता को चुनौती देने के बजाय उसकी जाँच करे।

उनका यह ट्वीट ऐसे समय आया है जब तीन पूर्व चुनाव आयुक्तों ने कहा है कि राहुल गांधी द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोपों पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का रवैया सही नहीं है। एसवाई कुरैशी और ओपी रावत और पूर्व चुनाव आयुक्त अशोक लवासा ने जोर देकर कहा कि भारत के चुनाव 'काफी हद तक स्वतंत्र और निष्पक्ष' हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 'वोट चोरी' जैसे दावे राजनीतिक बयानबाजी हैं, जो हर चुनावी मौसम में सामने आते हैं। एसवाई कुरैशी ने कहा था कि वोटर लिस्ट को लेकर चिंताएं जायज हैं। मैंने हमेशा कहा है कि वोटर लिस्ट हमारी कमजोर रीढ़ हैं। ये भारत के चुनावों और उनकी विश्वसनीयता की नींव हैं। जब तक वोटर लिस्ट सटीक और साफ-सुथरी नहीं होंगी, चुनावों को भरोसेमंद नहीं माना जा सकता।

तीनों पूर्व चुनाव अधिकारियों ने वोटर लिस्ट की व्यवस्थित जांच (SIR) के कॉन्सेप्ट का बचाव किया था। लेकिन उन्होंने बिहार में इसकी टाइमिंग और प्रक्रिया पर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में 'गलतियां होना स्वाभाविक है' और चुनाव से ठीक पहले इसे विवाद का मुद्दा नहीं बनना चाहिए।

## बिहार विस चुनाव: विपक्षी गठबंधन में जेएमएम और लोजपा(पशुपति) के जुड़ने से बढ़ी चुनौतियां

**नई दिल्ली (एजेंसी)** जैसे-जैसे बिहार विधानसभा चुनाव नज़दीक आते जा रहे हैं, सत्ताधारी एनडीए और विपक्षी महागठबंधन - दोनों खेमों में सीट बंटवारे की कवायद तेज हो गई है। एनडीए में जहां चिराग पासवान, जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की मांगों से बातचीत कठिन हो रही है, वहीं विपक्षी महागठबंधन में अब दो और दल जुड़ गए हैं - झारखंड मुक्ति मोर्चा (हेमंत सोरेन) और लोजपा (पशुपति पारस गुट)। महागठबंधन में पहले से ही राजद, कांग्रेस, भाकपा, माकपा, भाकपा (माले) और वीआईपी मौजूद थे। अब झामुमो और पारस गुट के जुड़ने से दलों की संख्या 8 हो गई है। यानी अब राज्य की 243 विधानसभा सीटों का बंटवारा आठ पार्टियों के बीच करना होगा, जो सहमति तक पहुँचना और भी कठिन बना देगा। वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने इस बार 50 सीटें और डिप्टी सीएम पद की मांग कर दी है। साथ ही उनकी इच्छा है कि तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री और उन्हें उपमुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया जाए। हालांकि सूत्रों का कहना है कि सहनी को 20-25 सीटों से ज़्यादा मिलने की संभावना नहीं है, क्योंकि पिछली बार वे 11 सीटों पर लड़े थे और सिर्फ 4 जीत पाए थे। कांग्रेस को भी इस बार 70 की जगह 50-60 सीटों के अंदर संतोष करना पड़ सकता है, बशर्ते सीटें ÷विजयी संभावना÷ वाली हों। वहीं, भाकपा (माले) अपनी बेहतर जीत दर यानी पिछली बार बेहतर स्ट्राइक रेट को देखते हुए ज़्यादा सीटों की मांग कर रही है। महागठबंधन का कुनबा बढ़ा जरूर है, लेकिन सीटों के बंटवारे का गणित और कठिन हो गया है। तेजस्वी यादव के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती होगी - सभी दलों को साधकर चुनाव मैदान में उतरना। पशुपति पारस को उनके गढ़ खगड़िया अलौली और हाजीपुर सीटें दी जा सकती हैं। वे अलौली से कई बार विधायक रहे हैं।

## कर्नाटक में फार्म-7 के जरिए वोट काटने का फर्जीवाड़ा उजागर, चुनाव आयोग पर उठे गंभीर सवाल

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रणाली पर टिकी है, लेकिन कर्नाटक से एक सनसनीखेज मामला चुनाव आयोग की गंभीर खामियों को उजागर करता है। जांच में पता चला है कि फार्म-7 का दुरुपयोग कर हजारों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से फर्जी तरीके से हटाए गए। यह पूरा खेल महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के मोबाइल नंबरों तथा गरुण एप सहित अन्य प्लेटफॉर्म्स के जरिए पोर्टल से मतदाताओं के नाम काट दिए गए।

कांग्रेस उम्मीदवार बी.आर. पाटिल ने 2018 में आनंद विधानसभा क्षेत्र से 697 वोटों से हार के बाद इस मामले को उठाया था। 2023 में दोबारा चुनाव के दौरान उन्होंने सीआईडी जांच की मांग की थी। जांच में सामने आया कि 6000 से अधिक फार्म-7 गरुण एप्लीकेशन के जरिये दाखिल किए गए, जिनमें से 5994 फर्जी पाए गए। यह फॉर्म राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल (NVSP), वोटर हेल्पलाइन और गरुण एप के माध्यम से भरे गए थे। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि जिन लोगों के मोबाइल से फॉर्म भरे गए, उन्हें एप या प्रक्रिया की जानकारी तक नहीं थी। महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के मोबाइल नंबरों से




लॉगिन कर कर्नाटक के मतदाताओं के नाम काटे गए। जिसके कारण वह मतदान से वंचित हो गए। इससे साफ हुआ कि चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली में न तो मल्टीफैक्टर ऑथेंटिकेशन था। नाहि आवेदकों की सही पहचान की कोई व्यवस्था।

जांच एजेंसियों ने चुनाव आयोग से आईपी एड्रेस और अन्य तकनीकी डाटा मांगा, लेकिन चुनाव आयोग से नहीं मिला। कई फॉर्म अधूरे होने के बावजूद चुनाव आयोग ने मंजूर किए, जिससे चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। चुनाव आयोग धोखाधड़ी करने वालों को क्यों बचाना चाहता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मुद्दे को सार्वजनिक करने की कोशिश की, चुनाव आयोग ना जांच कर रहा है, नाहि डाटा दे रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह सिर्फ एक विधानसभा क्षेत्र की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश के चुनावी तंत्र के लिए खतरे की घंटी है। जनता अब पूछ रही है कि क्या वोटरों की सुविधा के नाम पर बनाए गए एप और डिजिटल व्यवस्था वोट चोरी के फर्जीवाड़े का नया माध्यम बन रहे हैं? यदि समय रहते पारदर्शी और सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर हो सकती है। संविधान और संबैधानिक संस्थाओं से लोगों का विश्वास खत्म हो जाएगा।

फिलहाल देशभर की निगाहें कर्नाटक सीआईडी, चुनाव आयोग और न्यायपालिका पर टिकी हैं, जो वोट काटने के इस रहस्यमय मामले की सच्चाई सामने लाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को फिर से विश्वसनीय और मजबूत बना सकती हैं। चुनाव आयोग द्वारा मामले की जॉच करने के स्थान पर जिस तरह से साइबर फ्राड को दबाने का काम किया जा रहा है। उससे राहुल गांधी और विपक्ष के वोट चोरी के आरोप में चुनाव आयोग की भूमिका भी संदिग्ध हो रही है।

## बेंगलुरु की जेल में प्रज्वल रेवन्ना को मिला लाइब्रेरी क्लर्क का काम, रोजाना रू.522 मिलेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बलात्कार के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हसन के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु के परप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार में पुस्तकालय क्लर्क के रूप में नियुक्त किया गया है। कर्नाटक के एक प्रमुख राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले रेवन्ना अब आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदियों के लिए जेल के अनिवार्य श्रम कार्यक्रम के तहत कैदियों को किताबें जारी करने और उधार लेने का रिकॉर्ड रखने की ज़िम्मेदारी संभालेंगे। जेल अधिकारियों के अनुसार, रेवन्ना ने प्रशासनिक कार्यों में रुचि दिखाई थी। हालाँकि, उनके कौशल का मूल्यांकन करने और जेल की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए, अधिकारियों ने उन्हें पुस्तकालय में नियुक्त कर दिया। उनकी दैनिक ज़िम्मेदारियों में पुस्तकों को सूचीबद्ध करना, जारी करना और उन पर नज़र रखना शामिल है, जिसके लिए उन्हें प्रतिदिन 522 रुपये मिलते हैं।




एक जेल अधिकारी ने मीडिया को बताया कि आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदियों से जेल में काम करने की उम्मीद की जाती है। काम का आवंटन कौशल और इच्छा पर आधारित होता है। रेवन्ना पहले ही लाइब्रेरी में एक दिन की ड्यूटी पूरी कर चुके हैं। आमतौर पर, कैदियों से महीने में कम से कम 12 दिन काम करने की उम्मीद की जाती है, जो आमतौर पर हफ्ते में तीन दिन होता है। हालाँकि, लगातार अदालती चक्कर लगाने और कानूनी सलाह-मशविरे के कारण, रेवन्ना का काम अब तक हल्का रहा है।

प्रज्वल रेवन्ना को मई 2025 में एक विशेष अदालत ने उनके खिलाफ दर्ज बलात्कार और यौन उत्पीड़न के कई मामलों में से एक में दोषी ठहराया था। इस दोषसिद्धि ने इस युवा राजनेता के लिए एक नाटकीय पतन का संकेत दिया, जिन्हें कभी जद(एस) पार्टी का उभरता हुआ चेहरा माना जाता था। रेवन्ना पर पूर्व कर्मचारियों और राजनीतिक सहयोगियों सहित कई महिलाओं द्वारा बलात्कार, यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी के कई आरोप लगाए गए थे। 2024 की शुरुआत में कथित तौर पर उनसे जुड़े अश्लील वीडियो ऑनलाइन लीक होने के बाद इन मामलों ने राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया, जिससे कर्नाटक में भारी जन आक्रोश और राजनीतिक हंगामा मच गया।

## अमेरिका जिस एफ-35 पर इतराता है उससे कई गुना हाईटैक है रूस का ये लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका अपने एफ-35 फाइटर जेट को लेकर खूब इतराता है। वो अपने 5वीं पीढ़ी के विमान को दुनिया में सबसे बेहतर होने का दावा करता है लेकिन रूस के पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट एसयू 57 एम1ई को ग्लोबल मार्केट में हलचल मचा दी है। एसयू 57 एम1ई एक स्टील्थ मल्टीरोल फाइटर जेट है, जिसे वायु श्रेष्ठता और जमीनी हमलों दोनों के लिए डिजाइन किया गया है। यह मैक 2 यानी करीब 2,450 किमी/घंटा की रफ्तार से उड़ान भर सकता है और बिना रीफ्यूलिंग के 3,500 किमी तक का सफर तय करने में सक्षम है। इस जेट की सबसे बड़ी ताकत है इसका सुपर-क्रूज मोड यानी यह



बिना आफ्टरबर्नर के भी सुपरसोनिक उड़ान भर सकता है। इसमें एन036 बायल्का एईएसए रडार, थ्रस्ट-वेक्टरिंग इंजन और एल-बैंड रडार लगे हैं, जो इसे हवा में अदृश्य और बेहद घातक बनाते हैं। रूसी एसयू 57 एम1ई की वेपन क्षमता भी गजब की है। इसमें कुल 12 हार्डपॉइंट हैं, जिनमें से 6 अंदरूनी हैं। यानी यह विभिन्न मिसाइलों और बमों को अपने भीतर छिपाकर ले जा सकता है और स्टील्थ क्षमता को बनाए रखते हुए दुश्मन पर वार कर सकता है।

भारत के पास अभी कोई भी ऑपरेशनल पांचवीं पीढ़ी का जेट नहीं है। भारतीय वायुसेना फिलहाल एसयू-30एमकेआई और राफेल पर निर्भर है, जबकि स्वदेशी तेजस एमके-2 (4.5 पीढ़ी) विकसित हो रहा है। भविष्य के लिए भारत की सबसे बड़ी उम्मीद है एडवांस मीडियम कॉम्बेट एयरक्रॉफ्ट (एएमसीए), जो स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी का जेट होगा। हालांकि एएमसीए का प्रोटोटाइप 2035 तक ही उड़ान भरने की संभावना है। एसयू 57 एम1ई भारत के लिए एक अंतरिम समाधान साबित हो सकता है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या भारत रूस पर निर्भर रहकर अपनी जरूरत पूरी करेगा या फिर एएमसीए के जरिए स्वदेशी आसमान की ओर कदम बढ़ाएगा। खबर है कि इस साल के अंत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की योजना है। इस दौरान वो पीएम मोदी को यह विमान पूरी तरह टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के साथ बेचने का ऑफर कर सकते हैं। एफ -35 के मुकाबले रूसी एसयू 57 एम1ई सस्ता विकल्प है।

**एसयू 57 एम1ई की कितनी है कीमत?**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, एसयू 57 एम1ई की अनुमानित कीमत 35-40 मिलियन डॉलर प्रति यूनिट है। भारतीय करेंसी में यह कीमत करीब 352 करोड़ से ज्यादा बैठती है, जो अमेरिकी एफ-35 की तुलना में लगभग आधी है। एक एफ-35 विमान की कीमत करीब 700 करोड़ बताई जाती है। यही नहीं, रूस ने भारत को इस जेट का सोर्स कोड और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर देने का प्रस्ताव रखा है, जिससे भारत अपने हिसाब से इसे कस्टमाइज कर सके।

# यमुना नदी को स्वच्छ व निर्मल बनाना हमारी सरकार की प्रतिबद्धताः सीएम रेखा गुप्ता

प्रथम पृष्ठ का शेष

उपराज्यपाल ने कहा कि इस दिशा में प्रयास तभी सफल होंगे जब समाज के हर वर्ग, विशेषकर कॉरपोरेट क्षेत्र, सीएसआर के माध्यम से अपनी भूमिका निभाएं। संवाद में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी उपरोक्त तीन विषयों में मिली समस्याओं का उल्लेख किया और कहा कि समस्याओं से निपटने के लिए उद्योग जगत से अपेक्षित सहयोग मुख्य रूप से सीवेज ट्रीटमेंट की तकनीक एवं प्रौद्योगिकी और ऐसी कार्य-संस्कृति का विकास है, जिससे यमुना नदी का प्रदूषण स्थायी रूप से समाप्त हो सकता है। गुप्ता ने सुझाव दिया कि उद्योग अपने सीएसआर उपक्रमों के अंतर्गत एक 'कॉर्पस फंड' स्थापित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड उद्योगों को ऐसी परियोजनाओं की सूची उपलब्ध कराएगा, जिनमें वे अपने सीएसआर फंड का सीधा उपयोग कर सकें। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना था कि यमुना को निर्मल व स्वच्छ रखना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। हमारी सरकार उसे फिर से पुराने रूप में लौटाना चाहती हैं, जिसकी इच्छा दिल्ली के लोग भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की चुनौतियां बड़ी हैं, लेकिन सरकार, उद्योग और समाज एक साथ काम करें तो किसी भी समस्या का समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पूरी नीयत और ईमानदारी से दिल्ली को स्वच्छ, हरित और प्रदूषण-मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हम ऐसी कार्य-संस्कृति विकसित करनी होगी, जिसमें परियोजनाएं अगले 50 वर्षों तक पर्यावरण की रक्षा करती रहें। बैठक में उद्योग जगत से अपील की गई कि वे नालों को गोद लें और उनके किनारे छोटे-छोटे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाएं। इससे यमुना में जाने वाले प्रदूषण को काफी हद तक रोका जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने हाल ही में यमुना बाढ़ क्षेत्र में विकसित किए गए बनसेरा, असीता, वाटिका आदि हरित क्षेत्रों का उदाहरण देते हुए कहा कि जहां इच्छा होती है, वहां रास्ता भी निकलता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि उनकी सरकार राजधानी की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव कदम उठाना शुरू कर चुकी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उद्योग जगत जब अपने सीएसआर उपक्रमों के अंतर्गत वृक्षारोपण भी करे ताकि दिल्ली का पर्यावरण मजबूत हो। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के संदर्भ में सरकार और उद्योग की साझेदारी के अंतर्गत किए गए कई सफल प्रयासों की ही कड़ी है। संवाद में जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि चाहे कार्य कितना भी कठिन क्यों न हो, सरकार निर्धारित समय सीमा के भीतर यमुना की सफाई सुनिश्चित करेगी और विश्वास दिलाया कि दशकों बाद अब आगामी चुनावों में यमुना की सफाई राजनीतिक मुद्दा नहीं बनेगी।

## पुलिस ने एक साल से कम उम्र के छह मासूमों को बचाया

नई दिल्ली। दिल्ली के दक्षिण-पूर्व जिले की विशेष स्टाफ टीम ने एक सफल अभियान में बाल तस्करी के अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया। जिसमें 6 बच्चों को बचाया गया, जिसमें एक 6 माह का बच्चा 48 घंटे में रेस्क्यू किया गया। बचाए गए बच्चों में सभी एक साल से कम उम्र के बच्चे हैं। 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस खुलासे के बाद दिल्ली पुलिस एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले है। जहां दक्षिण-पूर्व जिले के विशेष स्टाफ द्वारा बच्चों की खरीद-फरोख्त और तस्करी के रैकेट के खिलाफ सफल अभियान की जानकारी साझा की जाएगी।

# बाल्कन ओपन क्लासिक एंड इक्विप्ड (बेंच प्रेस/स्क्वाट/डेडलिफ्ट)-6-7 सितंबर 2025, बेलग्रेड, सर्बिया।

कौमी पत्रिका
नरेश मल्होत्रा



द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन के शिष्य गुरदित सिंह ने बाल्कन ओपन क्लासिक एंड इक्विप्ड (बेंच प्रेस/स्क्वाट/डेडलिफ्ट) चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर बनकर एक बार फिर इतिहास रच दिया। इससे पहले, 2024 में, उन्होंने इंग्लैंड में इंग्लिश ओपन में भी सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर का खिताब जीता था। गुरदित ने जूनियर 110+ किलोग्राम वर्ग में सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर का पुरस्कार जीता, जबकि सुमित दास ने सीनियर 110 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और जगदीश सिंह जस्सा ने सीनियर 100 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। 6-7 सितंबर 2025 को बेलग्रेड, सर्बिया में आयोजित बाल्कन ओपन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में, भारत के गुरदित सिंह ने कुल 667.5 किलोग्राम (क्लासिक रॉ) भार उठाकर सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर (जूनियर वर्ग) का खिताब जीता। सुमित दास और जगदीश सिंह जस्सा दोनों ने फुल पावरलिफ्टिंग रॉ वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। आईपीएल इंडिया के अध्यक्ष, श्री ओम प्रकाश अंगरीश ने भारतीय टीम के कोच द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन के शिष्यों को बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। पूरी भारतीय टीम ने अपने कोच द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन के साथ-साथ आईपीएल इंडिया और शेरू क्लासिक वर्ल्ड का आभार व्यक्त करते हुए कहा- आप सभी के सहयोग से हमें यह सफलता मिली है। हम इसका सारा श्रेय हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए खेलो इंडिया - फिट इंडिया अभियान को देते हैं।

# स्ट्रोक और दिल के दौरे से उबारने में मददगार है फिजियोथेरेपी

दिल्ली। स्ट्रोक और दिल के दौरे से उबारने में फिजियोथेरेपी मददगार है। सर्जरी, चोट और बीमारी के बाद शरीर की रिकवरी में भी फिजियोथेरेपी से सहायता मिलती है। यह दावा फिजियोथेरेपिस्ट का है। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल की फिजियोथेरेपी विभाग प्रमुख डॉ. पूजा सेठी ने बताया कि दिल का दौरा पड़ने के बाद जब मरीज उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती होता है तो सर्जरी के बाद शारीरिक तौर पर सक्रिय करने के लिए फिजियोथेरेपी की जरूरत होती है। कार्डियक रिहैब कार्यक्रम के तहत हृदय को मजबूत बनाने और सहनशक्ति बढ़ाने के लिए व्यायाम प्रशिक्षण दिया जाता है। बाईपास, एंजियोप्लास्टी, हार्ट ट्रांसप्लांट की सर्जरी कराने वाले मरीजों की भी फिजियोथेरेपी होती है। तीन-चार हफ्ते मरीज को सामान्य होने में लगते हैं। मल्टीपल स्कारलेसिस, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी और स्ट्रोक होने पर भी फिजियोथेरेपी की मदद से मरीज को चलने-फिरने के काबिल बनाया जा सकता है। उसके लिए मरीज को अलग-अलग व्यायाम कराएं जाते हैं।

उन्होंने बताया कि फिजियोथेरेपिस्ट आपकी शक्ति, संतुलन, समन्वय और लचीलापन बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत व्यायाम कार्यक्रम तैयार करने में विशेषज्ञ होते हैं। इसमें कुछ व्यायाम ऐसे होते हैं जिन्हें घर पर भी आसानी से किया जा सकता है। इसमें कुर्सी से बैठने और खड़े होने के व्यायाम में स्क्वैट्स करना, खड़े होकर वस्तुओं तक पहुंचना, विभिन्न दिशाओं में कदम उठाना, अलग-अलग गति और परिस्थितियों में चलना शामिल है। इसके अलावा जमीन से उठना, चलना, योग और संतुलन बढ़ाने वाले व्यायाम भी लाभदायक होते हैं। वैश्विक तौर पर 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 12 फीसदी लोगों में कमजोरी का मूल्यांकन किया गया है। लगभग 46 फीसदी लोगों में कमजोरी की पूर्व अवस्था मिली। इस कमजोरी को भी फिजियोथेरेपी की मदद से दूर किया जा सकता है। डॉ. पूजा सेठी बताया कि अस्पताल में आठ सितंबर को रोबोटिक स्कैनिंग लेजर और डीप ऑसिलेशन थेरेपी का शुभारंभ किया जा रहा है। रोबोटिक स्कैनिंग लेजर के जरिये पूरे शरीर की स्क्रीनिंग कर सकेंगे। इससे शरीर के दर्द वाले हिस्से की पहचान में मदद मिलेगी और लेजर से थेरेपी दी जा सकेगी। साथ ही मरीजों के लिए डीप ऑसिलेशन थेरेपी सुविधा की शुरुआत की जा रही है।


**NAME CHANGE**
I, Km. VICHITRA RANI W/o Saket Kumar R/o TF-12 A, Block -C, NCR-2, HL City, Sector-37, Bahadurgarh, Haryana -124507, have changed my name to VICHITRA Permanently.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as ROHIT Marwah S/O Sanjay, residing at 1 gali no 1,Sarojini park Shastri Nagar PO Gandhi Nagar East Delhi, Delhi 110031 , have changed my name and shall hereafter be known as Rohit Singh Marwah.

**(Bedakhal)**
I, SANGEETA CHADHA wife of VIJAY CHADDHA declare as under that I disowned my Son SAHAJ CHADHA AND his wife PRITI MALIK from my all movable/immovable/Patrick properties/assets for his wrong behaviour. I shall not be held responsible for any kind of acts done by him in money or transactions and police cases and criminal activity illegal/legal and property purposes in the future. That he is debarred from entering my premises situated at HOUSE NO-26 GROUND FLOOR, JAIPURIA ENCLAVE KAUSHAMBI GHAZIABAD UTTAR PRADESH-201010

**PUBLIC NOTICE**
NOTICE is hereby given to public at large that my client **Mrs. Shiv Shankar Pandit** who is purchasing the First Floor and Second Floor with roof rights of Property Municipal bearing No. D-21, Old Plot No. 16, admeasuring 25 sq. yds. out of Khasra No. 139, Situated at Lalita Block, Shastri Nagar, Delhi-110052, from Mr. Sushant Dev who is the owner of above said property by virtue of Sale Deed dated 06.12.2023 which was registered as Doc No. 2023/19/I/13358, in Book No. I, Vol No. 10160, on Pages No. 49 to 60, on this dated 06.12.2023, SR-I Kashmiri Gate, and intend to mortgage the said property with **Piramal Finance Limited.** If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.
**Khaitan & Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Contact no.-011-49774545

**PUBLIC NOTICE**
Information is given to general public at large that our client Mrs. Kanchan W/o Mr. Vikas Aggarwal & Mrs. Preety Pachauri W/o Mr. Pramod Pachauri are the owner of Freehold Residential Built-up Property Bearing No. D-133/1, area measuring 50 Sq. Yds., out of Khasra No. 158/2, Situated at Village Ghonda Gujran Banger in the abadi of D-Block, Gali No.2, Madhuban Mohalla, North Ghonda, Delhi-110053. by virtue of Regd. GPA (Blood Relation) Dated 12.06.2025 duly registered in SR. IV, Sheelampur, as doc no. 2025/12/IV/1283, Book no. IV, Vol no. 12008, Page no.69-80, dated. 12.06.2025. now our client is declaring that that any other person does not have any right over the said property, and same property Sold too be Mr. Manikant Kumar & Mrs. Rukamini Devi & Mr. Shashikant Kumar and same has been financed by SMFG India Home Finance Company Limited Branch: Moti Nagar, Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained
**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
कोलकाता के बंताला स्थित एक चार मंजिला चमड़ा फैक्टरी में करीब 380 कर्मचारी हैं, जो ह्यूगो बॉस जैसे ब्रांड के लिए हैंडबैग और वॉलेट तैयार करते हैं। चमड़े के टुकड़े करीने से पंक्तियों में रखे हुए हैं और फैक्टरी में तेज़ी से काम हो रहा है, लेकिन इसके पीछे एक बड़ी आर्थिक चिंता छुपी है। क्रीसेंट एक्सपोर्ट्स के लिए अमेरिका सबसे बड़ा बाजार है, लेकिन हाल ही में अमेरिका ने भारत के कुछ उत्पादों पर 50 फीसदी तक आयात शुल्क बढ़ा दिया है। इसका सीधा असर ऑर्डर पर पड़ा है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एम. अजहर ने बताया कि अमेरिका से आने वाले कई ऑर्डर रोक दिए गए हैं और उत्पादन की रफ्तार भी धीमी हो गई है। अमेरिका ने यह जवाबी शुल्क रूस से तेल खरीदने के चलते लगाया है, जिसमें अतिरिक्त 25 फीसद शुल्क 27 अगस्त से लागू हुआ। इस समय सीमा से पहले जितना माल तैयार था, उसे क्रीसेंट ने हवाई मार्ग से भेजा, जबकि सामान्यतः समुद्री मार्ग का इस्तेमाल होता है। कंपनी की लगभग 60 फीसदी बिक्री अमेरिका में होती है, जबकि शेष यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में। अन्य कंपनियां जैसे जेसी इंटरनेशनल भी इसी संकट से जूझ रही हैं। उनके अनुसार अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही चुनौतीपूर्ण रहेगी।

## बालाजी वेफर्स में 10 फीसदी हिस्सा बेचेंगे प्रवर्तक

**- डील की वैल्यूएशन 40,000 करोड़ रुपये तक**




नई दिल्ली । गुजरात की प्रमुख स्नैक्स कंपनी बालाजी वेफर्स के संस्थापक विरानी बंधु अपनी लगभग 10 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रहे हैं। कंपनी इस सौदे के लिए देश-विदेश की शीर्ष निजी इक्विटी फर्मों से बातचीत कर रही है। यह सौदा करीब 40,000 करोड़ रुपये (लगभग 5.3 अरब डॉलर) के मूल्यांकन पर हो सकता है। कंपनी का यह कदम देशभर में कारोबार के विस्तार और विकास के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने की दिशा में अहम माना जा रहा है। बालाजी वेफर्स के प्रवर्तक हल्दीराम के हालिया सफल सौदे से प्रेरित हैं। मार्च 2024 में हल्दीराम ने 10 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर अपनी 10 फीसदी हिस्सेदारी बेचकर 1 अरब डॉलर जुटाए थे। इस कदम ने स्नैक्स और पैकेज्ड फूड सेक्टर में नया बेंचमार्क स्थापित किया है, जिससे बालाजी वेफर्स के मूल्यांकन और निवेश की संभावनाओं को बल मिला है। कंपनी परिवार द्वारा संचालित है, लेकिन विकास के अगले चरण के लिए पेशेवरों को बोर्ड में शामिल करने पर भी विचार चल रहा है। इसके अलावा, बालाजी वेफर्स 5-6 साल के अंदर सार्वजनिक सूचीबद्धता (आईपीओ) का भी विचार कर रही है, ताकि कंपनी के लिए और व्यापक पूंजी जुटाई जा सके।

## भारत का सेमीकंडक्टर उद्योगः 7 नैनोमीटर तकनीक के लिए तैयार हो रहा है देश



**नई दिल्ली ।** भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर उद्योग में 7 नैनोमीटर (7एनएम) और उससे उन्नत चिप निर्माण तकनीक हासिल करने के लिए अगले 5 से 7 वर्षों में एक स्पष्ट खाका तैयार किया है। सरकार की 15 साल की योजना का उद्देश्य भारत को इस क्षेत्र में वैश्विक दिग्गज बनाना है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार तकनीक लाने और बातचीत के प्रयास जारी हैं। देश के सबसे बड़े उद्योग समूहों में से एक टाटा समूह, 91,000 करोड़ रुपये के निवेश से पहला वेफर फैब्रिकेशन प्लांट स्थापित कर रहा है। इस प्लांट में 28 नैनोमीटर और उससे ऊपर की चिप्स का उत्पादन होगा, जो देश की सेमीकंडक्टर उत्पादन क्षमता के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। नैनोमीटर ट्रांजिस्टर के आकार को मापने की इकाई है। ट्रांजिस्टर जितना छोटा होगा, उतनी अधिक संख्या में वे चिप पर पैक किए जा सकेंगे। इससे चिप का प्रदर्शन बेहतर होगा, बिजली की खपत कम होगी और कार्यक्षमता बढ़ेगी। आईबीएम और बेल्जियम की आईएमईसी के साथ भारत सरकार की बातचीत चल रही है। आईबीएम ने 2023 में भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के तहत घरेलू अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक साझेदारी की है। आईबीएम ने दुनिया की पहली 2 नैनोमीटर चिप विकसित की है और जापानी कंसोर्टियम रैपिडस कॉरपोरेशन के साथ 2 एनएम तकनीक पर काम कर रहा है। आईएमईसी, जो टीएसएमसी, इंटेल और रैपिडस जैसी कंपनियों के साथ कार्यरत है, भारत को तकनीकी सहायता प्रदान करेगा।

## उपभोक्ताओं की बदलती मांग को देखते हुए हुंडई ने पेश किए नए मॉडल



**नई दिल्ली ।**

शहरी और अर्ध-शहरी इलाकों में उपभोक्ताओं की बदलती मांग को देखते हुए हुंडई मोटर इंडिया ने लगातार नए मॉडल और अपडेट पेश कर रही है। हुंडई इंडिया ने 1996 में भारतीय बाजार में कदम रखा था और आज यह हर साल लाखों ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। कंपनी की रणनीति सिर्फ नई कारें लॉन्च करने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को समझते हुए डिजाइन, तकनीक और किफायत पर भी ध्यान देती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण क्रेटा है, जिसने मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट में बेजोड़ लोकप्रियता हासिल की।

जानकार मानते हैं कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बढ़ते रुझान को देखते हुए हुंडई ने भी ईवी सेगमेंट पर फोकस बढ़ा दिया है। कंपनी आने वाले समय में इलेक्ट्रिक कारों की रेंज में नए विकल्प पेश करने की तैयारी कर रही है। ऑटो एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारतीय ग्राहकों का भरोसा और बाजार की तेजी ने हुंडई को आगे बढ़ाया है। साथ ही, कंपनी के डीलर नेटवर्क और आफ्टर-सेल्स सर्विस को भी इसकी सफलता का अहम कारण माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ सालों में जब इलेक्ट्रिक कारों की मांग और बढ़ेगी, तब हुंडई अपनी शुरुआती बढ़त को और मजबूत कर सकती है। फिलहाल, कंपनी का लक्ष्य हर सेगमेंट में अपनी पकड़ मजबूत करना और भारतीय उपभोक्ताओं के लिए बेहतर विकल्प उपलब्ध कराना है। बता दें कि भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में हुंडई मोटर इंडिया ने बीते वर्षों में मजबूत पकड़ बनाई है और आज कंपनी देश की दूसरी सबसे बड़ी कार निर्माता बन चुकी है।

खासतौर पर एसयूवी सेगमेंट में क्रेटा ने हुंडई को एक अलग पहचान दी है।

# सेबी की बोर्ड बैठक में बड़े आईपीओ और मिल्स सुधारों पर फैसला संभावित

**- फैमिली ऑफिस फंड्स के मैनेजमेंट और ग्लोबल फंड्स के वितरण का खुल सकता है मार्ग**

**नई दिल्ली ।**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) 12 सितंबर को अपनी अहम बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण सुधार प्रस्तावों पर निर्णय ले सकता है। यह बैठक चालू वित्त वर्ष की दूसरी और चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय के नेतृत्व में तीसरी होगी। पांडेय ने उचित नियमन पर लगातार जोर दिया है और इस बैठक में भी इसी दिशा में कई पहल की संभावना है। सेबी म्युचुअल फंड्स के लिए रेगुलेशन 24बी में छूट देने पर विचार कर रहा है। इसमें एसेट मैनेजमेंट कंपनियों को विदेशी संस्थाओं द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले नॉन-ब्रॉड-बेस्ड फंड्स को मैनेज और एडवाइज करने की अनुमति मिल सकती है। इससे फैमिली ऑफिस फंड्स के मैनेजमेंट और ग्लोबल फंड्स के वितरण का मार्ग खुल सकता है। इसके अलावा, म्युचुअल फंड स्कीम के वर्गीकरण की समीक्षा भी संभावित है, जिससे निवेशकों को बेहतर विकल्प मिल सकेंगे। बड़ी कंपनियों के लिए आईपीओ प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए सेबी डिल्यूशन नियमों में ढील देने और 25 फीसदी मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समय सीमा बढ़ाने पर विचार कर रहा है। यह कदम बड़े आईपीओ लाने वाली कंपनियों जैसे रिलायंस जियो इन्फोकॉम के लिए लाभकारी होगा, जिनकी हाल ही में आईपीओ की चर्चा शुरू हुई है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के नियमों को सरल बनाने के साथ-साथ मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस की गवर्नेंस को मजबूत करने के उपाय भी बैठक में प्रस्तावित हैं। इसमें कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति और उनकी जिम्मेदारियों का स्पष्ट विभाजन शामिल होगा।

## जापान की अर्थव्यवस्था का अनुमान से बेहतर प्रदर्शन



**टोक्यो ।** अमेरिकी शुल्क और घरेलू राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद जापान की अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मजबूत विकास दर्ज किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में जापान का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) सालाना आधार पर 2.2 प्रतिशत बढ़ा, जो प्रारंभिक अनुमान 1.0 प्रतिशत से दोगुना से अधिक है। इस वृद्धि के पीछे ठोस उपभोक्ता खर्च और माल-भंडार में बढ़ोतरी मुख्य कारण रही। तिमाही आधार पर जीडीपी में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो शुरुआती 0.3 प्रतिशत के अनुमान से बेहतर है। विशेषज्ञों का मानना है कि मजबूत घरेलू मांग और निर्यात के कारण जापान की अर्थव्यवस्था ने इस चुनौतीपूर्ण माहौल में भी स्थिरता बनाए रखी है।



## सीमेंट उत्पादन में मध्य प्रदेश अब्बल, निर्यात में गुजरात आगे

**मुंबई ।** सीमेंट उत्पादन में मध्य प्रदेश अग्रणी राज्य है। मध्य प्रदेश में 80 एमटीपीए सीमेंट का उत्पादन होता है। इसके बाद राजस्थान में 74 आंध्र प्रदेश में 70 कर्नाटक में 60 गुजरात में 55 एमटीपीए सीमेंट का उत्पादन होता है। सीमेंट निर्यात के मामले में गुजरात अग्रणी राज्य है। यहां से 10 एमटीपीए सीमेंट का निर्यात तथा मध्य प्रदेश से 8 एमटीपीए सीमेंट का निर्यात विदेश में किया जाता है। गुजरात में पोर्ट होने से सीमेंट निर्यात में गुजरात को फायदा होता है। मध्य प्रदेश में कोई पोर्ट ना होने के कारण उत्पादन ज्यादा होने के बाद भी निर्यात कम होता है। राजस्थान से 6 आंध्र प्रदेश से 7 तथा कर्नाटक से 5 एमटीपीए सीमेंट का निर्यात विदेशों में किया जा रहा है। निर्यात के कारोबार में अंबुजा, सांघी,अल्ट्राटेक एसीसी, जेके सीमेंट डालमिया इत्यादि कंपनियों की भागीदारी सबसे ज्यादा है।

## त्योहारों में ऑनलाइन खरीदारी बढ़ने का अनुमान

**मुंबई ।** त्योहारों के मौसम में शहरी परिवारों की खरीदारी के तरीकों में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। लोकल सर्किल्स की रिपोर्ट के अनुसार इस बार ऑनलाइन और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से खरीदारी करने वाले शहरी परिवारों की संख्या 115 फीसदी तक बढ़ने की संभावना है। जीएसटी दरों में कमी से खरीदारों की सकारात्मक धारणा और बढ़ी है, जिससे ऑनलाइन खरीदारी को और बढ़ावा मिल रहा है। कुल मिलाकर इस त्योहारी सीजन में खर्च का अनुमान 2.19 लाख करोड़ रुपये लगाया गया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 37 फीसदी शहरी परिवार इस दौरान 20,000 रुपये या उससे अधिक खर्च करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, ऑफलाइन खरीदारी अभी भी कई लोगों की पसंद बनी हुई है।

## भारत में अगस्त 2024 में वाहनों की खुदरा बिक्री में मामूली वृद्धि



**नई दिल्ली ।** अगस्त 2024 में भारत में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 19,64,547 इकाई रही, जो पिछले साल के इसी महीने 19,10,312 इकाई के मुकाबले 2.84 प्रतिशत अधिक है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार यह वृद्धि वाहन बाजार में धीरे-धीरे सुधार का संकेत है। पैसेंजर वाहनों की बिक्री अगस्त में 3,23,256 इकाई हुई, जो पिछले साल की तुलना में 0.93 प्रतिशत अधिक है। वहीं, दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 13,73,675 इकाई रही, जिसमें 2.18 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। दोपहिया वाहन खंड में मांग बढ़ने का मुख्य कारण ओणम और गणेश चतुर्थी जैसे त्योहारों का उत्सव रहा। हालांकि, उत्तर भारत में भारी बारिश और बाढ़ के कारण ग्रामीण इलाकों में मांग प्रभावित हुई। कमर्शियल वाहनों की बिक्री में अगस्त में 8.55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 75,592 इकाई रही। इसके विपरीत, तिपहिया वाहनों की बिक्री में 2.26 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 1,03,105 इकाई पर रह गई। फाडा ने बताया कि ऐतिहासिक 'जीएसटी 2.0' सुधारों के कारण ग्राहक कीमतों में कमी की उम्मीद के साथ खरीदारी को सितंबर तक टाल रहे हैं। हालांकि, बाजार की समग्र धारणा स्थिर बनी हुई है और डीलरों को त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने की उम्मीद है। फाडा के एक प्रमुख अे धिकारी ने कहा कि अगस्त में त्योहारों ने बाजार में उत्साह बढ़ाया है, लेकिन जीएसटी सुधारों की वजह से कुछ मांग में देरी हुई है। उन्होंने वाहनों पर हालिया जीएसटी कटौती का स्वागत किया और आगामी महीनों में बिक्री में तेजी आने की संभावना जताई।




## 36000 करोड़ का मुनाफा कमाया ओएनजीसी ने

**रूस से सस्ता तेल लेकर निर्यात कारोबार में उतरी कंपनी**

**मुंबई ।** आयल एवं नेचुरल गैस के खनन रिफाइनरी और निर्यात के कारोबार में ओएनजीसी ने 36226 करोड रुपए की कमाई की है। यह कमाई 2021-22 की तुलना में कम है। 2024-25 में कंपनी का मुनाफा 26 फ़ीसदी कम हुआ है। उसके बाद भी कंपनी ने 36000 करोड़ की कमाई की है। ओएनजीसी के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के अनुसार रूस से सस्ती दरों में तेल आयात किया जा रहा है। ओएनजीसी कच्चा तेल खरीदकर सहायक कंपनियां मंगलौर रिफायनरी एंड केमिकल और हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के माध्यम से कारोबार कर रही है। 14 अगस्त 1956 को कंपनी की स्थापना हुई थी। यह सरकारी क्षेत्र की कंपनी है। कच्चे तेल के उत्पादन में लगभग 71 फ़ीसदी की हिस्सेदारी इसी कंपनी की है। प्राकृतिक गैस का भी 70 से 84 फीसदी तक उत्पादन कंपनी कर रही है। मुंबई स्टॉक एक्सचेंज में यह 3 लाख करोड रुपए मार्केट कैप वाली कंपनी है। 15 देश में इस कंपनी का कारोबार है।इस कंपनी में 26000 लोगों की टीम काम कर रही है।ओएनजीसी का शेयर 234 रुपए पर कारोबार कर रहा है। 52 हफ्तों का यह सबसे निचला स्तर है। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान इस कंपनी का कारोबार तेजी के साथ बढा है। भारत की महारत्न कंपनियों की सूची में यह शामिल है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद




**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही ऑटो शेयरों में खरीददारी से बाजार ऊपर आया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 76.54 अंक बढ़कर 80,787.30 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 32.15 अंक ऊपर आकर 24,773.15 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान निफ्टी ऑटो 3.30 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी पीएसयू बैंक 0.49 फीसदी, निफ्टी मेटल 0.37 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 0.46 फीसदी बढ़कर बंद हुआ।

दूसरी ओर निफ्टी आईटी 0.94 फीसदी, निफ्टी फार्मा 0.27 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 0.21फीसदी और निफ्टी सर्विसेज 0.16 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। आज लार्जकैप की जगह मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 285.95 अंक करीब 0.50 फीसदी की बढ़त के साथ 57,361.15 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 29.10 अंक तकरीबन 0.16 फीसदी की बढ़त के साथ 17,684.35 पर था।

सेंसेक्स पैक की बात करें तो आज टाटा मोटर्स, एमएंडएम, मारुति सुजुकी, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे जबकि इन्फोसिस, ट्रेंट, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एलएंडटी, टीसीएस, पावर ग्रिड, फार्मा शेयर गिरे। आज बाजार तेजी से शुरु हुआ पर आईटी शेयरों में गिरावट के साथ ही निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया जिससे बाजार दबाव के कारण नीचे आने लगा और दिन के अंत में हल्की बढ़त पर बंद हुआ।

वहीं आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स करीब 200 अंकों की बढ़त के साथ 80,904 पर खुला, जबकि एनएसई निफ्टी 50 66 अंकों की तेजी के साथ 24,807 पर खुला। । पिछले हफ्ते विदेशी निवेशकों (एफआईआई) ने 5,667 करोड़ रुपए के शेयर बेचे, लेकिन घरेलू निवेशकों (डीआईआई) की 13,444 करोड़ रुपए की खरीदारी ने बाजार को मजबूती दी। एशियाई बाजारों में आज तेजी देखी जा रही है। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 1.7 फीसदी ऊपर और दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 0.21 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। चीन का अगस्त ट्रेड डेटा भी आज जारी होगा। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र में कमजोर बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.32 फीसदी गिरा, डॉव जोन्स 0.48 फीसदी नीचे रहा, जबकि नैस्डैक कॉम्पोजिट 0.03 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ।

# बिटकॉइन खरीदने वाले निवेशक को इंतजार के बाद मिलेगी अकूत दौलत

**-एक बिटकॉइन की कीमत 2.1 करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगी**

**नई दिल्ली।**

बिटकॉइन दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी है। इसकी मार्केट कैपिटल 2.2 ट्रिलियन डॉलर है, जो इस समय सर्कुलेशन में मौजूद सभी कॉइन और टोकन की कुल वैल्यू के आधे से भी ज्यादा है। सभी कॉइन की कुल मार्केट कैपिटल करीब 3.8 ट्रिलियन डॉलर है। इस समय बिटकॉइन का रेट करीब 1.10 लाख डॉलर है, जो भारतीय करेंसी में करीब 97 लाख रुपए के बराबर बनता है। आप सोच रहे होंगे कि इतनी महंगी क्रिप्टोकरेंसी के रेट और क्या बढ़ेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल बिटकॉइन ट्रेजरी कंपनी माइक्रोस्ट्रेटजी के को-फाउंडर माइकल सैलर ने कहा था कि 2045 तक एक बिटकॉइन की कीमत 1.3 करोड़ डॉलर तक पहुंच सकती है। फिर जून में एक सम्मेलन में, सैलर ने अपने टार्गेट प्राइस को संशोधित कर 2.1 करोड़ डॉलर कर दिया था। अगर सैलर का जून वाला अनुमान सही साबित होता है, तो आज बिटकॉइन खरीदने वाले निवेशक अगले 20 सालों में 18,800फीसदी का शानदार रिटर्न कमा सकते हैं यानी उनकी दौलत 188 गुना हो जाएगी, जिससे इस समय मात्र 53000 रुपए का निवेश एकए करोड़ रुपए का बन जाएगा। इसके लिए सैलर ने तर्क भी दिया है।

माइकल सैलर को लगता है कि दुनिया की हर एसेट आखिरकार ब्लॉकचेन पर टोकनाइज होगी, क्योंकि इससे पारदर्शिता और एफिशिएंसी बढ़ेगी। जैसे अमेरिका में रियल एस्टेट होल्डिंग्स का कोई सेंट्रलाइज्ड रजिस्टर नहीं है, यही एक कारण है कि घर खरीदने में महंगी कानूनी फीस और लंबी जांच-पड़ताल की प्रोसेस होती है। सैलर के मुताबिक हर रियल एस्टेट लेनदेन को ब्लॉकचेन पर रखने से पारदर्शिता में सुधार के साथ-साथ इन कॉस्ट में से कुछ को कम किया जा सकेगा।

रिपोर्ट में सैलर ने बताया कि हर देश की सरकार को इस नजरिए के लिए एक कानूनी ढांचा बनाने के लिए राजी करना मुश्किल होगा, लेकिन उनका मानना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के क्रिप्टो समर्थक प्रशासन की बदौलत अमेरिका इस दिशा में लीडर की भूमिका निभा सकता है।

## ऑडी इंडिया ने कारों के भाव 2.6 से 7.8 लाख तक घटाए

**नई दिल्ली ।** र्मनी की लग्जरी कार निर्माता ऑडी ने भारत में अपने मॉडलों की कीमतों में 2.6 लाख रुपये से 7.8 लाख रुपये तक की कटौती की घोषणा की है। यह बदलाव 'जीएसटी 2.0' लागू होने के बाद किया गया है। ई कीमतों के तहत ऑडी की लोकप्रिय एसयूवी क्यू3 की कीमत 43.07 लाख रुपये हो गई है, जो पहले 46.14 लाख रुपये थी। वहीं क्यू8 एसयूवी की कीमत 1.1 करोड़ रुपये से शुरू होगी, जो पहले 1.18 करोड़ थी। क्यू5, क्यू7 और सेडान मॉडल ए4 व ए6 की कीमतों में भी कमी की गई है। कंपनी ने बताया कि ग्राहक मॉडल के अनुसार 2.6 लाख रुपये से 7.8 लाख रुपये तक का लाभ उठा सकेंगे। इससे भारतीय लग्जरी कार बाजार में ग्राहकों को बेहतर विकल्प मिलेंगे।



# 'जनता बीमार, प्रशासन लाचार : डेंगू का वार'



डॉ. सत्यवान सौरभ

**हरियाणा में डेंगू का प्रकोप तेज है, लेकिन नगर निकायों के पास फॉगिंग मशीनों की भारी कमी है। प्रदेश के 87 निकायों में केवल 426 मशीनें उपलब्ध हैं, जो आवश्यकतानुसार बेहद कम हैं। मशीनों की कमी के कारण न तो शहरों में और न ही ग्रामीण इलाकों में नियमित फॉगिंग अभियान चल पाए हैं। 1200 से अधिक गाँव जलभराव से जूझ रहे हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है। स्वास्थ्य विभाग और निकायों की लापरवाही से जनता पर बीमारी का संकट गहराता जा रहा है। ठोस कार्ययोजना और पर्याप्त संसाधन ही डेंगू से सुरक्षा का रास्ता हैं...**

डेंगू का नाम सुनते ही लोगों के मन में डर बैठ जाता है। हर साल मानसून के बाद बरसात के दिनों में जब मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है, तो डेंगू के मामले तेजी से सामने आने लगते हैं। बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द और प्लेटलेट्स की कमी से पीड़ित मरीजों की संख्या अस्पतालों में बढ़ने लगती है। सरकारें हर वर्ष दावा करती हैं कि मच्छरों की रोकथाम और फॉगिंग के इंतजाम पूरे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट होती है। हाल ही में सामने आई रिपोर्ट ने हरियाणा के स्वास्थ्य तंत्र और स्थानीय निकायों की तैयारियों पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। प्रदेश के 87 नगर निकायों में डेंगू और मच्छर जनित बीमारियों से निपटने के लिए मात्र 426 फॉगिंग मशीनें ही उपलब्ध हैं। यानी लगभग हर निकाय के हिस्से में औसतन पाँच मशीनें भी नहीं आतीं। जबकि स्थिति यह है कि एक मध्यम आकार के शहर में ही डेंगू पर काबू पाने के लिए 20-25 मशीनें आवश्यक मानी जाती हैं। ऐसे में पूरे प्रदेश के स्तर पर मशीनों की यह कमी सीधा संदेश देती है कि प्रशासनिक लापरवाही किस हद तक हावी है।




डेंगू एक ऐसी बीमारी है जिसका सीधा इलाज एंटीबायोटिक दवाइयों से संभव नहीं है। यह मच्छरों से फैलने वाला वायरल संक्रमण है और रोगी के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर ही उपचार टिका होता है। अधिकतर मामलों में डेंगू का वायरस शरीर की प्लेटलेट्स तेजी से घटा देता है। समय पर इलाज न मिलने पर यह स्थिति जानलेवा हो सकती है। भारत में हर साल लाखों लोग डेंगू से प्रभावित होते हैं और हजारों मौतें भी होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी डेंगू को दुनिया के सबसे तेजी से फैलने वाले वायरल रोगों में गिनता है। इसलिए रोकथाम ही सबसे बड़ा हथियार है। मच्छरों को पनपने से रोकना, जलभराव हटाना और समय-समय पर फॉगिंग करना – यही डेंगू पर नियंत्रण के सबसे कारगर उपाय हैं। लेकिन जब यही इंतजाम कमजोर पड़ जाएं, तो बीमारी का फैलाव तेजी से होता है।

हरियाणा के नगर निकायों के पास फॉगिंग मशीनों की संख्या न सिर्फ कम है बल्कि जिन मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, उनमें से कई पुराने और खराब हालत में हैं। यह स्थिति स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति राज्य सरकार और निकायों की उदासीनता को उजागर करती है। फॉगिंग का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि यह मच्छरों के जीवन चक्र को तोड़ती है। मच्छर के अंडे से निकलने और उनके वयस्क होने की प्रक्रिया पर फॉगिंग सीधा असर डालती है। यदि यह नियमित अंतराल पर हो तो मच्छरों की संख्या तेजी से कम हो सकती है। लेकिन जब मशीनें ही उपलब्ध न हों, तो फॉगिंग का अभियान केवल कागजों में रह जाता है।

यह समस्या सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं है। प्रदेश के 1200 से अधिक गाँव जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। गाँवों में नालियों की सफाई और कचरे के निस्तारण की व्यवस्था कमजोर है। पंचायतों के पास न तो पर्याप्त बजट है और न ही तकनीकी संसाधन। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू और मलेरिया का प्रकोप और भी खतरनाक हो सकता है। सरकारी नीतियों में बार-बार शहरी क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएँ और रोकथाम अभियान बिल्कुल नाममात्र के रह जाते हैं।

इस स्थिति की सबसे बड़ी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय निकायों पर आती है। हर साल डेंगू का मौसम आता है और हर बार प्रशासन अचानक हाथ-पैर मारता है। जबकि यह समस्या नई नहीं है। फॉगिंग मशीनें सालभर सक्रिय रहनी चाहिए और नियमित अंतराल पर उनका रखरखाव होना चाहिए। लेकिन निकायों के पास अक्सर यह तर्क होता है कि बजट की कमी है। सवाल यह उठता है कि जब स्वास्थ्य सेवाओं पर ही खर्च नहीं होगा तो विकास का दावा किस आधार पर किया जाएगा?

मशीनों की कमी और लापरवाही का सीधा असर आम जनता पर पड़ता है। हर साल हजारों परिवार डेंगू से प्रभावित होते हैं। एक बार किसी घर का सदस्य डेंगू से बीमार हो जाए तो उस परिवार पर मानसिक, शारीरिक और आर्थिक बोझ बढ़ जाता है। अस्पतालों में भर्ती का खर्च, दवाइयों और प्लेटलेट्स की कमी का संकट, लंबे समय तक काम और पढ़ाई से दूरी, बीमारी का डर और असुरक्षा–ये सभी पहलू जनता को झकझोरते हैं। खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं क्योंकि उनके पास महंगे इलाज का साधन नहीं होता।

सरकार और प्रशासन को चाहिए कि इस स्थिति से सबक लें। सबसे पहले फॉगिंग मशीनों की संख्या बढ़ाई जाए और हर निकाय को पर्याप्त मशीनें दी जाएं। केवल आपातकालीन हालात में नहीं बल्कि पूरे वर्ष तय अंतराल पर फॉगिंग होनी चाहिए। पंचायतों को बजट और मशीनें उपलब्ध कराकर ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरनाशी अभियान चलाना आवश्यक है। जनता को भी जागरूक किया जाए कि घरों में पानी जमा न होने दें, कूलर व टंकियों को ढककर रखें। अस्पतालों में डेंगू टेस्ट, दवाइयों और प्लेटलेट्स की पर्याप्त व्यवस्था समय रहते की जाए।

डेंगू हर साल एक बार नहीं बल्कि अब स्थायी खतरे के रूप में सामने आ चुका है। बदलते मौसम, बढ़ते शहरीकरण और जलभराव की समस्याओं ने इसकी जड़ें और गहरी कर दी हैं। ऐसे में केवल घोषणाओं से काम नहीं चलेगा। फॉगिंग मशीनों की कमी और प्रशासनिक उदासीनता न केवल लापरवाही है बल्कि लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ भी है। सरकार को चाहिए कि इस समस्या को आपदा प्रबंधन की तरह प्राथमिकता दे और हर निकाय को संसाधन उपलब्ध कराए। जनता भी अपनी जिम्मेदारी समझे और घर-आसपास पानी जमा न होने दे। प्रशासन और समाज के संयुक्त प्रयासों से ही डेंगू पर काबू पाया जा सकता है। आज जरूरत है एक ठोस कार्ययोजना की, वरना डेंगू हर साल नए रूप में दस्तक देता रहेगा और स्वास्थ्य तंत्र की कमजोरियों को उजागर करता रहेगा।

## संपादकीय

### ट्रंप की अकड़ ढीली

जैसी कि उम्मीद थी ठीक वैसा ही हुआ। अभी तक भारत से खुंदक निकाल रहे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आखिर, पलटी मार गए। भारत को धो-धो कर कोस रहे ट्रंप समझ चुके हैं कि उनकी तिरछी चाल से भारत का तो जो होगा सो होगा बेइज्जती तो अमेरिका और उनकी खुद की होने वाली है। शुल्क और रूसी तेल खरीद को लेकर अमेरिका और भारत के मध्य भारी तनाव पैदा करने के बाद ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच विशेष संबंध हैं। इस पलटी को खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे के सिवा और क्या कहा जा सकता है। दोनों देशों के बीच संबंध पिछले दो दशकों में सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। अपने मित्र मोदी से मित्रता को याद करते हुए ट्रंप कहे बिना नहीं रह सके कि 'मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा..वह शानदार प्रधानमंत्री हैं।' ट्रंप की इस चालबाजी को भांपते हुए भारत को गद्गद् होने की जरूरत नहीं है। ट्रंप ने पिछले कुछ समय में भारत के साथ जो अपमानकारी हरकतें की हैं, उन्हें भारत को नहीं भूलना चाहिए। अपनी आदत से बाज न आते हुए अब भी उन्होंने यह तो कह ही दिया कि उन्हें इस समय मोदी द्वारा किए जा रहे काम पसंद नहीं आ रहे। वह इस बात से निराश हैं कि भारत रूस से बहुत ज्यादा तेल खरीद रहा है। इससे पहले ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर अपनी पोस्ट में कहा था, 'लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। ईर करे कि उनका भविष्य दीर्घकालिक और समृद्ध हो।' ट्रंप चीन से भारत के सुधरते रिश्तों में खटास लाने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन से आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के ठहाके लगाते चित्रों ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। इससे ट्रंप की बेचैनी बढ़ी हुई है। वह किसी भी तरह इन तीनों नेताओं में दूरी पैदा करना चाहते हैं। भारत को चाहिए कि वह बदलती वैश्विक जरूरतों में अपना फायदा देखते हुए किसी चालबाजी में न फंसे। अपनी शतरे पर व्यापार करना एक सार्वभौमिक राष्ट्र का अपना मसला है, हम किससे तेल खरीदें या न खरीदें और कितना खरीदें अमेरिका को बीच में पड़ने की जरूरत नहीं है। मोदी ने ट्रंप की चाल को भांपते हुए जो सधी हुई प्रतिक्रिया दी है, उसकी प्रशंसा की जा सकती है क्योंकि परिदृश्य में आया बदलाव ट्रंप और अमेरिका पर पड़े दबाव को दिखाता है। भारत को किसी की लल्लोचप्पो में आने की जरूरत नहीं है। ये ट्रंप के सीधी लाइन पर आने के संकेत हैं।

## चिंतन-मनन

### प्रेम और समर्पण

प्रेम जीवन की परम समाधि है. प्रेम ही शिखर है जीवन ऊर्जा का. वही गौरीशंकर है जिसने प्रेम को जाना, उसने सब जान लिया. जो प्रेम से वंचित रह गया, वह सभी कुछ से वंचित रह गया। प्रेम की भाषा को ठीक से समझ लेना जरूरी है। प्रेम के शास्त्र को ठीक से समझ लेना जरूरी है। क्योंकि प्रेम ही तीर्थयात्रा है। उससे ही पहुंचने वाले पहुंचे हैं और जो नहीं पहुंचे, वे इसलिए नहीं पहुंचे कि उन्होंने जीवन को कोई और रंग दे दिया, जो प्रेम का नहीं था। प्रेम का अर्थ है, समर्पण की दशा, जहां दो मिटते हैं, एक बचता है। जहां प्रेमी और प्रेम पात्र अपनी सीमाएं खो देते हैं, जहां उनकी दूरी समग्र रूपेण शून्य हो जाती है। यह उचित नहीं कि प्रेमी और प्रेम-पात्र करीब आ जाते है; क्योंकि करीब होना भी दूरी है।

पास नहीं आते खो जाते हैं। निकटता में भी तो फासला है। प्रेम उतना फासला भी बर्दाश्त नहीं करता। प्रेम दो को एक बना देता है। प्रेम अद्वैत है। इस प्रेम को हम थोड़ा समझें। ऐसा तो व्यक्ति ही खोजना कठिन है, जिसने प्रेम न किया हो। गलत ढंग से किया हो, गलत प्रेम पात्र से किया हो, लेकिन प्रेम किये बिना तो कोई बच नहीं सकता क्योंकि वह तो जीवन की सहज अभिव्यक्ति है। तो तीन तरह के प्रेम हैं। समझ लें। पहला जिसमें सौ में से निन्यानबे लोग उलझ जाते हैं। वह वस्तुओ का प्रेम है- धन का, संपदा का, मकान का, तिजोरियों का। वस्तुओ का प्रेम- प्रेम के लिए सबसे बड़ा धोखा है लेकिन उसमें कुछ खूबी है; इसलिए सौ में से निन्यानबे लोग उसमें पड़ जाते हैं और वह खूबी यह है कि वस्तुओं के प्रति तुम्हें समर्पण नहीं करना पड़ता। वस्तुओं को तुम अपनी तरफ आकर्षित कर लेते हो। तुम्हारी कार, तुम्हारी कार है। तुम्हारा मकान, तुम्हारा मकान है। तुम समर्पित होने से बच जाते हो। और तुम्हें यह अहसास होता है, कि वस्तुएं तुम्हारे प्रति समर्पित हैं। एक तरह का अद्वैत सध जाता है।

तुम हाथ में रुपया रखे हो। रुपये की सीमा और तुम्हारी सीमा मिट गई। रुपया बाधा नहीं डालता सीमा के मिटने में और तुम्हें समर्पण करने के लिए मजबूर नहीं करता। रुपया समर्पित है। तुम जो चाहो करो, रुपया ना-नुकुर नहीं करेगा। तुम चाहे नदी में फेंक दो, तुम चाहे भिखारी को दे दो, तुम चाहे कुछ सामान खरीद लो, तुम चाहे तिजोरी में संभाल कर रखो। रुपयें की कोई अपनी मनोदश नहीं है। रुपया पूरा समर्पित है।

# पंजाब जल प्रलय : दुनिया के मददगारों को आज मदद की दरकार



तनवीर जाफ़री



भारत का अन्न भंडार कहा जाने वाला देश की खाद्य आपूर्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य पंजाब इन दिनों जल प्रलय जैसे अति गंभीर संकट से जूझ रहा है। कुछ स्त्रोतों के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य भंडार में पंजाब लगभग 45% अनाज का योगदान करता है। इसमें देश के गेहूं उत्पादन में लगभग 22% और चावल उत्पादन में लगभग 12% का योगदान शामिल है। इसीलिए पंजाब देश की खाद्य आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है। इसके अलावा इसी पंजाब का किसान भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में जरूरतमंदों की हर तरह की मदद करने के लिये पहली पंक्ति में खड़ा नजर आता है। चाहे वह युद्ध की विभीषिका से जूझने वाले लोग हों या भूकंप,सुनामी अथवा बाढ़ से प्रभावित लोग,शरणार्थियों की मदद करनी हो या कोरोना जैसे विश्वस्तरीय संकटकाल में लोगों को मुफ़्त भोजन व अन्य सुविधायें उपलब्ध कराना हो, पंजाब की यह कौम हमेशा सबसे आगे खड़ी नजर आई है। न यह धर्म देखते हैं न देश, न सीमा न जाति या भाषा। इन्हें प्रत्येक मानव की पीड़ा अपनी पीड़ा महसूस होती है और यह कौम तन मन धन से एकजुट होकर मदद करने को खड़ी हो जाती है। आज पूरे देश में न जाने कितने गुरुद्वारे दिन रत जरूरतमंदों को लंगर उपलब्ध कराते हैं। देश बार में स्वास्थ्य सम्बन्धी दर्जनों प्रयोगशालाएं व अस्पताल इनके सौजन्य से संचालित हो रहे हैं।

दुर्भाग्यवश आज हमारे देश का यही पंजाब प्राकृतिक प्रकोप से जूझ रहा है। इन दिनों जम्मू कश्मीर,हिमाचल प्रदेश व उत्तरांचल सहित केवल पंजाब में आई भीषण बाढ़ से राज्य के सभी 23 जिले प्रभावित हैं। राज्य में अब तक दर्जनों लोगों की मौत या उनके लापता होने के समाचार हैं। इस जल प्रलय से पंजाब के लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। करीब 2000 गांव जलमग्न हो गए हैं। अनुमान के अनुसार बाढ़ ने लगभग 18 लाख हेक्टेयर खेतों की फसलें बर्बाद कर दी हैं। बासमती फसल को तो भारी नुक़्सान हुआ है। अभी तक 600 करोड़ से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। सरकारी व अनेक गैर सरकारी स्वयंसेवी संगठनों द्वारा राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। हजारों बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित जगहों पर या राहत शिविरों में पहुँचाया जा चुका है।

इसी दौरान शौर्य समर्पण व बलिदान की इस धरती से बड़े ही हृदय विदारक दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हजारों गायें भैंसें तेज बहाव में बहकर लापता हो गई हैं। पूरी पूरी डेयरियां जल प्रलय का शिकार हो गयी हैं। लोगों के खेतों में वर्तमान फसल तो बर्बाद हुई ही है परन्तु ऐसी संभावना भी है कि खेतों में रेत की मोटी परत बैठ जाने के चलते अनिश्चितकाल के लिये इन खेतों की अपनी उर्वरक क्षमता भी समाप्त हो जाएगी। गोया इस जल प्रलय के चलते आने वाले वर्षों में देश की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होने की संभावना है।

बहरहाल आज पीड़ा की इस घड़ी में पंजाब के किसानों के साथ पूरा देश खड़ा दिखाई दे रहा है। अक्षय कुमार,दिलजीत दोसांझ,रणदीप हुड्डा,सोनू सूद,प्रीटी जिंटा,करीना कपूर,विक्की कौशल,एमी विर्क,राज कुंद्रा,गुरु रंधावा,गिप्पी ग्रेवाल,करण औजला,सुनंदा शर्मा,शाहरुख खान , आलिया भट्ट, करण जौहर,हरभजन सिंह,मनकीरत औलख,बब्बू मान, रणजीत बावा,सोनम बाजवा ,संजय दत्त,अजय देवगन, कपिल शर्मा, बादशाह, सिद्धार्थ मल्होत्रा व अनन्या पांडे जैसे अनेक फिल्म व कला जगत से जुड़े लोगों ने बढ़चढ़कर या तो भारी भरकम रकम दान की है या पीड़ितों के लिये राहत शिविर स्थापित किये हैं,एम्बुलेंस दान की हैं अथवा उनके साथ अपना समर्थन व्यक्त किया है। इसी तरह मदरसा जीनत उलूम,नारायणगढ़ मदरसा जमीयतुल उलूम, मेवात के मुस्लिम समुदाय के लोग व दर्जनों मस्जिदों से राहत भरे ट्रक पंजाब की ओर भेजे जा रहे हैं। ईरान ने भी भारत के पंजाब में आई भीषण बाढ़ पर गहरा दुख व्यक्त किया है। ईरान के भारत स्थित दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी एक संदेश में कहा कि पंजाब में आई बाढ़ से हुए व्यापक नुक़्सान और दर्द को देखकर मन दुखी है। दूतावास ने प्रभावित लोगों और राहत कार्यों में लगे सभी के लिए प्रार्थनाएं कीं तथा भगवान से सभी की रक्षा और आशीर्वाद की कामना की। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामनेई की ओर से भी पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की हिफाजत और सलामती के लिए दुआएं भेजी गई हैं। ईरान के इस बयान की सोशल मीडिया पर काफी सराहना की गयी है।

आज पूरे देश के हर वर्ग व हर धर्म का व्यक्ति पंजाब के इन किसानों के साथ इसीलिये खड़ा है क्योंकि गुरुनानक देव जी महाराज द्वारा किये गये सच्चा सौदा के संस्कारों में परवरिश पाने वाला पंजाब का यह किसान भी बुरे वक़्त में पूरी दुनिया के साथ दुर्गम से दुर्गम परिस्थितियों में भी हमेशा खड़ा दिखाई दिया है। जहां कहीं धर्म देश या जाति देखकर लोगों की सहायता करने वाले संकीर्ण सोच के लोग मुसीबत में खड़े नहीं होते वहीँ पंजाब का यह समुदाय केवल मानवता को मद्देनजर रखकर हमेशा हर जगह हर एक पीड़ित के साथ खड़ा दिखाई दिया है। संकट की इस घड़ी में देश के कारपोरेट घरानों व उद्योगपतियों को भी खुलकर सामने आना चाहिये। देश के उन बड़े बड़े मठों व धर्मस्थलों को भी मदद के हाथ पंजाब के जल प्रलय प्रभावित लोगों की ओर बढ़ाना चाहिये जिनके भण्डार अकूत सोने चांदी व धन सम्पदा से भरे पड़े हैं। देश के धनाढ्य कथावाचकों व धर्माधिकारियों को भी खुलकर सामने आना चाहिये। देश की बड़ी दरगाहों व जमाअतों को भी संकट में पंजाब के साथ खड़े होना चाहिये। बेशक प्रकृतिक प्रकोप के चलते दुनिया के इन मददगारों को भी आज वक़्ती तौर पर मदद की दरकार जरूर है परन्तु विश्वास है कि मानवता व भाईचारे की मिसाल पेश करने व संकट में सबके साथ खड़ी नजर आने वाली यह कौम जल्द ही इस संकट से भी उबार जाएगी।

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# प्राकृतिक आपदा : बरपता कहर, बढ़ती दुश्वारियां



विनीत नारायण



भारत, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और विविध भौगोलिक संरचना के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। लेकिन हर साल मानसून के आगमन के साथ यह देश प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में आ जाता है। भारत में मानसून का मौसम जून से सितम्बर तक रहता है।

इस दौरान देश के कई हिस्सों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं अब आम हैं। हाल के महीनों में उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में बादल फटने से भारी तबाही मची जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हुई और 50 से अधिक लोग लापता हो गए। हिमाचल प्रदेश में भी अगस्त, 2025 में भारी बारिश के कारण दर्जनों सड़कें बंद हो गई और कई लोगों की जान चली गई। इन घटनाओं ने एक बार फिर सवाल उठाया है कि सरकारी तंत्र इन आपदाओं के प्रभाव को कम करने में क्यों विफल है? बादल फटने की घटनाएं, जिन्हें भारत मौसम विज्ञान विभाग 100 मिमी. प्रति घंटे से अधिक बारिश के रूप में परिभाषित करता है, विशेष रूप से हिमालयी क्षेत्रों में आम हैं। ये घटनाएं न केवल प्राकृतिक हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियों जैसे अनियोजित निर्माण, जंगलों की कटाई और नदियों के प्राकृतिक प्रवाह में हस्तक्षेप के कारण और भी घातक हो गई हैं।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल में अपने बयान में कहा कि पहाड़ी राज्यों में होने वाले निर्माण और नुकसान के लिए 'घर में बैठकर तैयार की गई फर्जी डीपीआर बनाने वाले दोषी हैं। ये लोग बिना जमीनी हकीकत जाने डीपीआर बना देते हैं, जिससे ऐसे हादसे होते हैं।' यह बयान न केवल सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि विकास परियोजनाओं में पारदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की कमी कितनी घातक हो सकती है। डीपीआर, जो किसी भी योजना का आधार होती है, में भ्रष्टाचार और लापरवाही बरती जाती है, तो इसका परिणाम ऐसे हादसों और त्रासदियों के रूप में सामने आता है। इसे 'करप्शन ऑफ डिजाइन' कहा जाता है।

हादसों ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकार को पहले से तैयारी की जरूरत है। फिर भी, हर साल न सिर्फ एक जैसी आपदाएं दोहराई जाती हैं, बल्कि राहत और बचाव कार्य में अव्यवस्था भी दिखाई देती है। दूसरा, जल निकासी प्रणालियों की कमी और रखरखाव की अनदेखी भी बड़ा मुद्दा है। दिल्ली-एनसीआर जैसे शहरी क्षेत्रों, जहां 2024 में 108 मिमी. बारिश ने भारी जलभराव पैदा किया, में नालों की सफाई और उचित जल निकासी की कमी साफ दिखाई दी। पहाड़ी क्षेत्रों में नदियों के किनारे अनियोजित निर्माण और अतिक्रमण ने प्राकृतिक जल प्रवाह को बाधित किया है, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

तीसरा, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और जागरूकता की कमी भी बड़ी समस्या है। ऐसे में स्थानीय ज्ञान का उपयोग करके सड़क निर्माण हो तो शायद भूस्खलन में रोकथाम हो सके। लेकिन स्थानीय लोगों की सलाह को नजरअंदाज किया जाता है और परियोजनाएं केवल ठेकेदारों और अधिकारियों के हितों को ध्यान में रख कर बनाई जाती हैं। इन समस्याओं का समाधान तभी संभव है, जब सरकार और समाज मिल कर एक समग्र और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं। सबसे पहले, डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया को पारदर्शी और वैज्ञानिक बनाना होगा।

भूगर्भीय सर्वेक्षण, पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन और स्थानीय विशेषज्ञों की राय को शामिल करना अनिवार्य होना चाहिए। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए स्वतंत्र ऑडिट और निगरानी तंत्र स्थापित किए जाने चाहिए। दूसरा, आपदा प्रबंधन के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करना होगा। इसमें न केवल राहत और बचाव की तैयारी शामिल होनी चाहिए, बल्कि प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों, जैसे बादल फटने की निगरानी, को भी मजबूत करना होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग भूस्खलन और जलभराव की संभावना वाले स्थानों की पहचान के लिए किया जाना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ विकास को भी प्राथमिकता देनी होगी। जंगलों की कटाई को रोकना, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करना और अंधाधुंध निर्माण पर रोक लगाना जरूरी है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में इको-सेंसिटिव जोन में निर्माण को सख्ती से विनियमित करना होगा।

बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ की त्रासदियां केवल प्राकृतिक नहीं हैं, बल्कि मानवीय लापरवाही और भ्रष्टाचार का भी परिणाम हैं। अब समय है कि सरकार, समाज और विशेषज्ञ मिल कर ऐसी व्यवस्था बनाएं जो न केवल आपदाओं को रोके, बल्कि उनके प्रभाव को कम करने में भी सक्षम हो। टिकाऊ विकास, पारदर्शी प्रशासन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही इस दिशा में बढ़ने का रास्ता है।

(लेख में व्यक्त विचार निजी हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान में सुरक्षाकर्मियों पर गोली चलाने वाले को फांसी, 2024 में फंदे पर लटकाए गए 100 लोग



**तेहरान, एजेंसी।** ईरान ने प्रदर्शनों के दौरान साल 2022 में सुरक्षा कर्मियों पर घातक हमला करने के आरोपित को शनिवार को फांसी दे दी। साल 2022 में महसा अमीनी नाम की कुर्द महिला की पुलिस कस्टडी में मौत के बाद ईरान में जबरदस्त प्रदर्शन हुए थे। ईरान में तय ड्रेसकोड का पालन नहीं करने पर उसे गिरफ्तार किया गया था। मिजान ऑनलाइन ने आरोपित की पहचान मेहरान बहरमियां के तौर पर की है। उस पर आरोप था कि उसने सुरक्षाकर्मियों के वाहन पर फायरिंग की थी, जिसमें एक अधिकारी की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हो गए थे। ये वाकया इशफहान प्रांत के सेमिरोम काउंटी में हुई थी। ईरान के सुप्रीम कोर्ट ने फांसी की सजा पर मुहर लगाई थी। अधिकार समूहों के मुताबिक साल 2022 के प्रदर्शनों के मामले में दी गई ये 12वीं फांसी की सजा है। समूहों का कहना है कि देश में विरोध को कुचलने के लिए बड़े पैमाने पर ये अभियान चलाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक, ईरान में साल 2024 में 1000 लोग फांसी पर चढ़ाए गए हैं। ये आंकड़ा दुनिया में सबसे ज्यादा है।

### रूस ने कीव पर दागे ड्रोन और मिसाइलें, कैबिनेट बिल्डिंग से उठा धुआं ; हमले में दो की मौत



**कीव, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध लगातार बड़ा रूप लेता जा रहा है। इस बीच खबर है कि रूस की ओर से यूक्रेन की राजधानी कीव पर एक बार फिर ड्रोन और मिसाइल दागी गई है। इस हमले में कम से कम दो लोगों के मौत होने की सूचना है। दरअसल, बड़े पैमाने पर रूसी ड्रोन और मिसाइलों ने कीव पर हमला बोला है। इस हमले के बा कीव के कैबिनेट भवन की छत से भी धुआं उठता हुआ देखा गया है। हालांकि, इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि ये धुआं हमले के कारण देखने को मिला या किसी और वजह से निकल रहा था। समाचार एजेंसी एपी के अनुसार, कीव के नगर प्रशासन प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मृतकों में एक साल का बच्चा भी शामिल है। बच्चे का शव मलबे से निकाला गया है। कीव के मेयर विटालि क्लित्श्को ने बताया कि रूस की ओर से दागे गए ड्रोन का मलबा स्वियातोशिन्स्की जिले के एक आवासीय इमारत और कीव के डार्नितस्की जिले में एक अन्य इमारत पर गिरा। वहीं, इस हमले में 10 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है।

### CEO की बाहों में झूलने वाली HR पति से लेंगी तलाक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** सॉफ्टवेयर कंपनी एस्ट्रेनामर की पूर्व एचआर हेड क्रिस्टिन कैबोट ने अपने पति एंड्रयू कैबोट से तलाक के लिए अर्जी दायर कर दी है। हाल ही में उनका एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह पने बॉस एंडी बायरन के साथ एक कॉन्सर्ट के दौरान अंतरंग पलों में दिखाई दी थीं।



न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, 13 अगस्त को क्रिस्टिन ने न्यू हैम्पशायर के पोर्ट्समाउथ कोर्ट में तलाक की अर्जी दी। जुलाई में मैसाचुसेट्स के गिलेट स्टेडियम में हुए कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के दौरान चकिस कैम' पर क्रिस्टिन और एंडी बायरन कैमरे में कैद हो गए। दोनों उस वक्त शादीशुदा थे और अपने–अपने पार्टनर से अलग देखे गए थे। स्टेडियम में बैठे दर्शकों और सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो गया। कोल्डप्ले के सिंगर क्रिश मार्टिन ने मंच से मजाकिया लहजे में कहा, या तो ये अफेयर में हैं या फिर बहुत ज्यादा शरमीले हैं। इसके बाद ऑनलाइन यूजर्स ने जल्द ही दोनों की पहचान उजागर कर दी। एंडी बायरन जुलाई 2023 से एस्ट्रेनामर के सीईओ थे। उन्होंने विवाद के कुछ ही दिनों बाद इस्तीफा दे दिया।

#### भारत–नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में नहीं पड़ेगा चीन

# नेपाली पीएम ओली ने मुद्दा उठाया; जिनपिंग बोले- आपका आपसी मामला, मिलकर सुलझाएं

**बीजिंग/काठमांडू, एजेंसी।** नेपाली पीएम केपी शर्मा ओली 31 अगस्त से 1 सितंबर तक [illegible] समिट में शामिल होने चीन पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने चीनी राष्ट्रपति के सामने लिपुलेख का मुद्दा उठाया था। ओली ने कहा था कि यह इलाका नेपाल का हिस्सा है और भारत-चीन के बीच हुए हालिया सहमति पर नेपाल ने आपत्ति दर्ज कराई है। दरअसल, 19 अगस्त को भारत और चीन ने लिपुलेख पास को ट्रेड रूट के तौर पर फिर से खोलने का फैसला किया था। इस पर नेपाल ने विरोध जताया था। नेपाल 2020 में नया नक्शा जारी कर लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को अपना बता चुका है, जबकि भारत इन्हें लंबे समय से अपने हिस्से में मानता है। इस महीने भारत दौरे पर आएंगे नेपाल पीएम नेपाल के पीएम ओली 16 सितंबर को भारत दौरे पर आएंगे। इससे पहले भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी रविवार, 17 अगस्त



को काठमांडू पहुंचे थे। मिसरी ने प्रधानमंत्री ओली, विदेश मंत्री अर्जु राणा देउबा और विदेश सचिव अमृत बहादुर राय से मुलाकात की थी। बैठक में भारत-नेपाल संबंधों को मजबूत करने, कनेक्टिविटी, व्यापार और विकास सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई थी। ओली के भारत दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच कुछ अहम समझौते होने की संभावना है। पिछले साल जुलाई में ओली के प्रधानमंत्री बनने के बाद से उनका भारत दौरा लगातार टलता रहा है। लिपुलेख दर्रा औपचारिक व्यापारिक मार्ग है ब्रिटिश काल में भी भारत और चीन के बीच हिमालय का लिपुलेख दर्रा व्यापार और तीर्थयात्रा का प्रमुख केंद्र था। 1991 में भारत और चीन ने इसे औपचारिक व्यापारिक मार्ग बनाया था। भारत-चीन के बीच साल 2005 में 12 करोड़ रुपए का आयात और 39 लाख रुपए का निर्यात हुआ था। साल 2018 में 5.59 करोड़ रुपए का आयात और 96.5 लाख रुपए का निर्यात हुआ था। 5,334 मीटर ऊंचाई पर सदियों से व्यापार धारचूला भारत-नेपाल सीमा पर बसा है और आदि कैलाश व मानसरोवर का पारंपरिक मार्ग भी यही है। यह मार्ग लिपुलेख दर्रे से तिब्बत को जोड़ता है। ब्यांस, दारमा और चौंदास घाटी के व्यापारी 10वीं सदी से इस दर्रे के जरिए कारोबार करते आ रहे हैं। 5,334 मीटर ऊंचाई पर स्थित लिपुलेख दर्रा सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि सदियों पुरानी सांस्कृतिक और आर्थिक साझेदारी का प्रतीक भी है। पहले व्यापारी 1100 साल तक पैदल व खच्चरों से माल ढोते थे। धारचूला-लिपुलेख सड़क और गूंजी गांव में मंडी से व्यापार को नई गति मिलेगी। नियमों को केंद्र सरकार अंतिम रूप दे रही है।

# अगले महीने दक्षिण कोरिया जाने की तैयारी में हैं ट्रंप



**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अक्टूबर में दक्षिण कोरिया के दौरे पर जा सकते हैं। इस दौरान ट्रंप एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग समिट में शिरकत करेंगे। इस समिट में ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी देखने को मिल सकती है। ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि ट्रंप अपने टॉप सलाहकारों के साथ दक्षिण कोरिया का रुख करेंगे। वो [illegible] समिट में हिस्सा लेने की तैयारी कर रहे हैं। समिट का आयोजन दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में शहर में होगा। इस सम्मेलन की निश्चित तारीखों का एलान अभी नहीं हुआ है। मगर कयास लगाए जा रहे हैं कि अक्टूबर के आखिर या नवंबर की शुरुआत में यह समिट हो सकती है। इस दौरान ट्रंप और चिनफिंग भी आमने-सामने होंगे। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप और चिनफिंग के बीच गंभीर विषयों पर चर्चा हो सकती है। पिछले महीने भी ट्रंप ने चिनफिंग से फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान चिनफिंग ने ट्रंप और उनकी पत्नी को चीन आने का निमंत्रण दिया था।

तानाशाह किम से कर सकते हैं मुलाकात हालांकि, ट्रंप ने इसे लेकर कोई तारीख फाइनल नहीं की है। अभी यह भी साफ नहीं है कि दक्षिण कोरिया दौरे के दौरान ट्रंप किसी और देश की यात्रा करेंगे या नहीं। दक्षिण कोरिया के दौरे पर ट्रंप उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन से एक बार फिर मिल सकते हैं। मगर, किम [illegible] समिट में जाएंगे, यह अभी तय नहीं है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने पिछले हफ्ते [illegible] समिट में शिरकत करने के लिए ट्रंप को न्यौता भेजा था। इस दौरान ट्रंप ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए दक्षिण कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन से मिलने की इच्छा जताई थी। ऐसे में अगर चिनफिंग और किम के साथ ट्रंप की मुलाकात फाइनल हो जाती है, तो अगले महीने पूरी दुनिया की निगाहें इस समिट पर होंगी।

# 'कुछ लोगों की जेबें भरेंगी, ज्यादातर होंगे और गरीब, एआई के गॉडफादर ने ऐसा क्यों कहा

**यरुशलम , एजेंसी।** कंप्यूटर साइंटिस्ट और नोबेल पुरस्कार विजेता जेफ्री हिंटन को एआई का गॉडफादर भी कहा जाता है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) को लेकर चौंकाने वाली भविष्यवाणी की है। हिंटन ने कहा कि एआई की वजह से बेरोजगारी बढ़ेगी और कंपनियों के मुनाफे में उछाल आएगा, क्योंकि वो कर्मचारियों की जगह ढ्ढ का इस्तेमाल करेंगी। फाइनेंशियल टाइम्स को दिए इंटरव्यू में हिंटन ने कहा कि ये एआई की गलती नहीं, बल्कि पूंजीवादी सिस्टम का नतीजा है। अभी तो बड़े पैमाने पर छंटनी की खबरें नहीं आई हैं। ऐसे सबूत मिल रहे हैं कि एआई खासकर एंट्री-लेवल जॉब्स को कम कर रहा है, जहां नए कॉलेज ग्रेजुएट्स अपनी शुरुआत करते हैं। जेफ्री हिंटन ने कहा, 'हकीकत ये है कि अमीर लोग एआई का इस्तेमाल वर्कर्स को हटाने के लिए करेंगे। इससे बेरोजगारी बढ़ेगी और कुछ लोगों की जेबें और भरेंगी, जबकि ज्यादातर लोग और गरीब होंगे।' पिछले महीने उन्होंने कहा था कि एआई कंपनियां लंबे समय के नुकसान की बजाय तुरंत मुनाफे के बारे में ज्यादा सोचती हैं। न्यूयॉर्क फेड ने एआई को लेकर एक सर्वे किया है। इसमें पता चला कि ढ्ढ इस्तेमाल करने वाली कंपनियां कर्मचारियों को हटाने की बजाय उन्हें री-ट्रेन करने पर ज्यादा ध्यान दे रही हैं, हालांकि आने वाले महीनों में छंटनी बढ़ने की आशंका है।

**हेल्थकेयर सेक्टर पर कैसा होगा असर :** साइंटिस्ट हिंटन ने पहले कहा था कि हेल्थकेयर ऐसा सेक्टर है जो एआई से होने वाले जॉब क्राइसिस से बचा रहेगा। उन्होंने जून में डायरी ऑफ ए सीईओ यूट्यूब सीरीज में बताया, 'अगर डॉक्टरों को पांच गुना ज्यादा कुशल बनाया जाए तो हम उसी कीमत में 5 गुना ज्यादा हेल्थकेयर पा सकते हैं। मरीज हमेशा ज्यादा हेल्थकेयर चाहते हैं, अगर उसका कोई खर्च न हो।' हिंटन का यह भी मानना है कि जो नौकरियां बोरिंग या साधारण कामों से जुड़ी हैं, उन्हें एआई ले लेगा। हालांकि, जिनमें हाई स्किल की जरूरत है वो फिलहाल सुरक्षित रहने वाली हैं।

# हमास के खिलाफ होगी आर-पार की लड़ाई, इजरायली सेना ने फलस्तीनियों को गाजा सिटी छोड़ने को कहा

**यरुशलम , एजेंसी।** इजरायली सेना ने गाजा सिटी में रहने वाले लाखों लोगों को शहर छोड़कर दक्षिणी भाग में बनाए सुरक्षित क्षेत्र में जाने के लिए कहा है लेकिन लोग अपना घर-शहर छोड़ने को तैयार नहीं हैं। हमास के खिलाफ सीधी कार्रवाई करना चाहती है सेना गाजा पट्टी के इस सबसे बड़े शहर को आमजनों से खाली करवाकर इजरायली सेना वहां पर हमास के खिलाफ सीधी कार्रवाई करना चाहती है। यही वह क्षेत्र है जिस पर 23 महीने की लड़ाई में इजरायली सेना पूरी तरह से कब्जा नहीं कर पाई है। अभी 48 बंधक होने की जानकारी इजरायली सेना का दावा है कि हाल के हफ्तों की कार्रवाई में उसने गाजा सिटी के बाहरी इलाकों पर कब्जा कर लिया है, बस शहर का सघन आबादी वाला मध्य भाग ही नियंत्रण से बचा है। इजरायली



सेना को शक है कि हमास के प्रभाव वाले इस शहर में अपहृत इजरायली नागरिकों को बंधक बनाकर रखा गया है। माना जा रहा है कि हमास के पास अभी 48 बंधक होने की जानकारी है, इनमें से 20 के जीवित होने की उम्मीद है।

जमीनी और पूरे गाजा शहर पर हवाई हमले कर रही है प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के शहर पर कब्जा करने के निर्देश को अमल में लाने के लिए इजरायली सेना कई हफ्तों से गाजा सिटी के बाहरी इलाकों पर जमीनी और पूरे गाजा शहर पर हवाई हमले कर रही है। बाहरी इलाकों के ज्यादातर लोगों ने सुरक्षा की चिंता करते हुए इलाका छोड़ दिया है। लेकिन शहर के मध्य भाग में अभी भी लाखों लोग मौजूद हैं। इजरायली सेना की घेराबंदी के चलते उन्हें खाद्य सामग्री और अन्य जरूरी सामान भी नहीं मिल पा रहा है। नेतन्याहू ने गाजा सिटी पर स्थायी कब्जा करने की बात कही है, जहां की सुरक्षा का पूर्ण दायित्व इजरायल का होगा। इजरायल और हमास के बीच मध्यस्थता कर रहे मिस्त्र और कतर ने गाजा पर कब्जे की नेतन्याहू की घोषणा और फलस्तीनियों को शहर छोड़ने के इजरायली सेना के फरमान की निंदा की है। 64 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए विदित हो कि 23 महीने से जारी लड़ाई में इजरायल के हमलों में 64 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनके अधिकारी हमास के साथ गंभीर वार्ता कर रहे हैं। इस वार्ता के परिणाम से गाजा का भविष्य जुड़ा हुआ है।

# अंग प्रत्यारोपण से प्राप्त की जा सकती है अमरता, पुतिन और चिनफिंग की मीटिंग के बाद क्यों उठी ये बहस?

**मास्को/वाशिंगटन, एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके चीनी समकक्ष शी चिनफिंग ने बीजिंग में एक सैन्य परेड के दौरान अमरता की प्राप्ति के लिए जैव प्रौद्योगिकी के उपयोग पर चर्चा की, जिसने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है।

विशेष रूप से, पुतिन ने सुझाव दिया कि बार-बार अंग प्रत्यारोपण से व्यक्ति हमेशा जवान रह सकता है। आस्ट्रेलिया के मोनाश यूनिवर्सिटी के बायोएथिक्स के लेक्चरर जूलियन कोप्लिन ने इस संदर्भमें एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें इस दावे की सच्चाई का विश्लेषण किया गया है...

**अंग कहां से आएंगे :** पुतिन का यह सुझाव कि हम बार-बार अंग



प्रत्यारोपण के माध्यम से अमरता प्राप्त कर सकते हैं, निश्चित रूप से विवादास्पद है। एक स्वाभाविक प्रश्न यह उठता है कि ये अंग आएंगे कहां से। प्रत्यारोपण योग्य अंग एक दुर्लभ चिकित्सा संसाधन है। किसी वृद्ध तानाशाह के जीवन को बनाए रखने के लिए इनका उपयोग करने से अन्य जरूरतमंद लोग जीवन रक्षक प्रत्यारोपण से वंचित हो जाएंगे।

**क्या प्रयोगशाला में विकसित अंग बनेंगे विकल्प :** यदि हम मान लें कि पुतिन शायद स्टेम कोशिकाओं का उपयोग करके प्रयोगशाला में विकसित अंगों की कल्पना कर रहे थे, तो यह दृष्टिकोण दूसरों को प्रत्यारोपण से वंचित नहीं करेगा। हालांकि, विज्ञानी मानव ऊतकों के कुछ पहलुओं के माडल बनाने वाले लघु आर्गेनाइड विकसित कर सकते हैं, लेकिन पूर्ण आकार के प्रत्यारोपित अंग बनाना वर्तमान क्षमताओं की पहुंच से बहुत दूर है। जटिल होता है प्रत्यारोपण यदि काल्पनिक रूप से हमारे पास असीमित प्रतिस्थापन अंगों तक पहुंच भी हो, तो भी उम्र बढ़ने के साथ हमारे शरीर का सामान्य लचीलापन कम हो जाता है। इससे बार-बार होने वाली प्रत्यारोपण सर्जरी से उबरना और भी कठिन हो जाएगा। बूढ़े होते दिमाग भी इसमें एक बड़ी बाधा पेश करते हैं। हम अपनी पहचान बदले बिना एक किडनी या लिवर बदल सकते हैं, लेकिन हम अपने दिमाग को नहीं बदल सकते। मस्तिष्क प्रत्यारोपण के बाद हमारे शरीर में जो भी रहेगा, वह हम नहीं होंगे। ज्यादा जीने के अन्य तरीके दीर्घायु के अन्य तरीके भी हो सकते हैं। विज्ञानियों ने प्रयोगशाला में इस्तेमाल होने वाले जानवरों, जैसे बंदर, चूहे व मक्खियों का जीवनकाल दवाओं, आनुवंशिक परिवर्तनों, आहार परिवर्तनों और कोशिकीय रीप्रोग्रामिंग के जरिये बढ़ाया है। हालांकि, जानवरों पर किए गए अध्ययनों को इंसानों पर लागू करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है।

# ट्रंप की मौजूदगी में झिझके जुकरबर्ग, बोले - माफ करिएगा, मैं तैयार नहीं था' - वीडियो वायरल



**वाशिंगटन , एजेंसी।** व्हाइट हाउस में गुरुवार को डोनाल्ड ट्रंप ने सिलिकॉन वैली के शीर्ष तकनीकी नेतृत्व को आमंत्रित कर एक शानदार डिनर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मार्क जुकरबर्ग , टिम कुक , सुंदर पिचाई , सत्या नडेला, सैम ऑल्टमैन, बिल गेट्स, और अन्य दिग्गज शामिल थे। 'भारत दो महीने में सॉरी बोलेगा', टैरिफ पर ट्रंप के मंत्री का बड़बोला बयान डिनर के दौरान जब ट्रंप ने जुकरबर्ग से निवेश राशि की पुष्टि चाही, तो जुकरबर्ग ने कहा- मुझे लगता है ज कम से कम 600?बिलियन ज 2028 तक। इसके बाद माइक खुलने पर जुकरबर्ग ने धीरे से कहा- माफ़ कीजिए, मैं तैयार नहीं था ज मुझे नहीं पता आपको कौन-सा नंबर सुनना था। इस पर ट्रंप हंस पड़े और बहुत शानदार है कि आप हमारे साथ हैं कहकर तारीफ की। जब एक रिपोर्टर ने ब्रिटेन में फ्री-स्पीच पर ज़ुकरबर्ग से सवाल किया, तो ट्रंप ने मज़ाक में कहा- यह आपके राजनीतिक करियर की शुरुआत है। ज़ुकरबर्ग ने फटकर जवाब दिया–नहीं, ये नहीं है। ट्रंप इस जवाब पर हंस पड़े और गृहिणी मेलानिया को भी यह बात दोहराई। सत्ता नडेला- प्रशासन की नीतियों ने अमेरिकी टेक्नोलॉजी पर विश्वास बनाए रखने में मदद की, यह रेखांकित किया गया।

# माल्या-नीरव जैसे भगोड़ों को भारत लाने की तैयारी तेज, ब्रिटिश टीम ने किया तिहाड़ जेल का दौरा

**लंदन , एजेंसी।** ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में नई दिल्ली स्थित तिहाड़ जेल का निरीक्षण किया। यह दौरा भारत द्वारा भगोड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण के प्रयासों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल का मकसद था ब्रिटिश अदालतों को यह भरोसा दिलाना कि भारत में प्रत्यर्पित किए गए आरोपियों को मानवाधिकारों और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार जेल में रखा जाएगा।

**जेल के हाई–सिक्योरिटी वार्ड का निरीक्षण :** जानकारी के मुताबिक, [illegible] टीम ने तिहाड़ जेल के उच्च सुरक्षा वार्ड का दौरा किया और वहां मौजूद कैदियों से बातचीत भी की। भारतीय अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि अगर ज़रूरत पड़ी तो हाई-प्रोफाइल कैदियों के लिए जेल परिसर में विशेष एन्क्लेव बनाया जाएगा, ताकि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल मिल सके।

**ब्रिटिश अदालतों की आपत्तियों के जवाब में यह पहल :** यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब ब्रिटेन की अदालतें पहले भी भारत के प्रत्यर्पण अनुरोधों को यह कहते हुए खारिज कर चुकी हैं कि भारतीय जेलों की स्थिति संतोषजनक नहीं है। इन चिंताओं को दूर करने के लिए भारत सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि प्रत्यर्पित व्यक्तियों से किसी भी प्रकार की अवैध पूछताछ नहीं होगी और उनकी सुरक्षा तथा मानवाधिकारों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

**कई बड़े मामलों में अब भी अटका है प्रत्यर्पण :** वर्तमान में भारत के कुल 178 प्रत्यर्पण अनुरोध विदेशों में लंबित हैं, जिनमें से लगभग 20 मामले ब्रिटेन में हैं। इनमें सबसे चर्चित मामले हैं-

अब ब्रिटेन पर ट्रंप का टैक्स अटैक- सैंकड़ों ब्रिटिश सामानों पर कसा शिकंजा, महंगाई का आएगा नया तूफान अब ब्रिटेन



पर ट्रंप का टैक्स अटैक- सैंकड़ों ब्रिटिश सामानों पर कसा शिकंजा, महंगाई का आएगा नया तूफान विजय माल्या- शराब कारोबारी, जिस पर ?9,000 करोड़ के बैंक कर्ज न चुकाने का आरोप है।

हीरा व्यापारी, जिस पर ?13,800 करोड़ की पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी का आरोप है। उसे मार्च 2019 में लंदन में गिरफ्तार किया गया था और उसका प्रत्यर्पण ब्रिटेन की अदालत से मंजूर हो चुका है, लेकिन वह अब भी हिरासत में है। इस साल जुलाई में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा था कि भारत ब्रिटिश अधिकारियों के साथ मिलकर मजबूत कानूनी मामला तैयार कर रहा है ताकि भगोड़ों की वापसी में तेजी लाई जा सके। भारत का कहना है कि प्रत्यर्पण के बाद किसी भी आरोपी को तिहाड़ जेल या अन्य जेलों में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार उचित सुविधा और सुरक्षा दी जाएगी।

# एक झटके में उजड़ गया पूरा गांव! आतंकी हमले में 60 लोगों की मौत, दर्जनों घर खाक

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** आतंकवादी संगठन बोको हराम के आतंकियों ने उत्तर-पूर्वी नाइजीरिया के एक गांव पर रात में हमला कर कम से कम 60 लोगों की हत्या कर दी। स्थानीय लोगों और अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमला दारुल जमाल गांव में हुआ और वहां के निवासी मोहम्मद बाबागाना ने च्एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि इसमें कम से कम 60 लोग मारे गए। बोर्नो राज्य के गवर्नर बाबागाना जुलुम ने शनिवार देर शाम घटनास्थल का दौरा किया और पत्रकारों से पुष्टि की कि हमले में 60 से अधिक लोग मारे गए। जुलुम ने कहा, हमें लोगों के प्रति सहानुभूति है। उनसे अनुरोध है कि वे अपने घरों को न छोड़ें, क्योंकि हमने सुरक्षा में सुधार करने तथा भोजन और अन्य जीवन रक्षक वस्तुएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है।

जानकारी

# क्या आप भी चेहरे पर वैक्सिंग कराती हैं? जानें कितना सुरक्षित है फेस वैक्सिंग

कई महिलाएं चेहरे पर वैक्सिंग कराती हैं। जिन महिलाओं के चेहरे पर ज्यादा बाल होते हैं, वो चेहरे पर ब्लीच, थ्रेडिंग या वैक्सिंग कराती हैं। लेकिन जो महिलाएं चेहरे पर वैक्सिंग कराती हैं, उन्हें चेहरे पर वैक्सिंग कराने के साइड इफेक्ट्स के बारे में भी मालूम होना चाहिए। चेहरे पर वैक्सिंग कराते समय आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। यहां पर हम आपको बता रहे हैं कि चेहरे पर वैक्सिंग कराते समय किन बातों का ध्यान जरूर रखें।

## चेहरे पर वैक्सिंग कराते समय इन बातों का ध्यान रखें





- चेहरे पर वैक्सिंग कराते समय जरा सी गलती होने पर चेहरे की खूबसूरती बिगड़ सकती है इसलिए चेहरे पर वैक्सिंग बहुत सोच-समझकर कराएं।
- चेहरे की त्वचा बहुत सॉफ्ट होती है और चेहरे पर वैक्सिंग कराने से चेहरे पर बहुत जल्दी झुर्रियां यानी रिंकल्स हो सकते हैं, इसलिए बहुत जरूरी हो तो ही चेहरे पर वैक्सिंग कराएं।
- वैक्सिंग से हेयर फॉलिकल्स को नुकसान पहुंचता है, जिससे चेहरे पर सूजन, दाग पड़ जाना, इंफेक्शन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।
- यदि आपके चेहरे पर बाल कम हैं, तो वैक्सिंग की बजाय चेहरे पर ब्लीच कर लें।
- यदि आपके चेहरे पर बहुत मोटे बाल हैं, तो आपके लिए लेजर हेयर रिमूवल ट्रीटमेंट बेस्ट है।
- यदि आप अपने हाथ-पैर की वैक्सिंग खुद घर पर ही करती हैं, तो भी चेहरे की वैक्सिंग खुद न करें, क्योंकि चेहरे की वैक्सिंग मुश्किल होती है। चेहरे की वैक्सिंग करते समय वैक्स का टेम्प्रेचर, वैक्सिंग स्ट्रिप की क्वालिटी आदि का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है इसलिए हमेशा एक्सपर्ट से ही चेहरे की वैक्सिंग कराएं।
- वैक्सिंग कराते समय अपने स्किन टाइप का भी जरूर ध्यान रखें। यदि आपकी स्किन सेंसिटिव है, तो एक्सपर्ट से इस बारे में पहले ही डिस्कस कर लें, वरना चेहरे पर इंफेक्शन हो सकता है।
- चेहरे की वैक्सिंग कराते समय हाइजीन का विशेष ध्यान रखें, वरना चेहरे पर इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ सकती है।
- चेहरे पर वैक्सिंग कराने के तुरंत पहले या बाद में ब्लीच न करें, इससे आपके चेहरे को नुकसान हो सकता है। चेहरे पर ब्लीच करना है या नहीं इसके बारे में एक्सपर्ट से सलाह लें।
- वैक्सिंग कराने के बाद चेहरे पर वैक्सिंग लोशन या फेस सीरम लगाना न भुलें, वरना चेहरे पर रैशेज हो सकते हैं।
- वैक्सिंग कराने के तुरंत बाद धूप में न जाएं और न ही किचन में गैस के सामने खड़े होकर काम करें।
- जब तक जरूरत न हो, चेहरे पर वैक्सिंग न कराएं, जल्दी-जल्दी वैक्सिंग कराने से चेहरे की त्वचा को नुकसान हो सकता है।

# थोरेसिक स्पाइन के इलाज में एक नया आयाम वैट सर्जरी



**महानगरों की भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी, सोने तथा चलने के तौर तरीकों में बदलाव की बदौलत पीठ तथा गर्दन दर्द के रोगियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। एक मोटे तौर के अनुसार देश में हर सातवां व्यक्ति पीठ तथा गर्दन दर्द से परेशान है। पीठ तथा गर्दन दर्द के रोगियों में महिलाओं की संख्या काफी तादात में है। कमर दर्द के अनेक कारण हैं, लेकिन लगातार झुककर बैठना, रोजाना देर तक स्कूटर व मोटरसाइकिल चलाना, दफ्तर में झुककर काम करना और देर तक कंप्यूटर या टाइपराइटर पर काम करने वाले लोगों में यह दर्द ज्यादा होता है।**

वर्तमान समय में कंप्यूटर के बढ़ते इस्तेमाल के कारण गर्दन दर्द का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। अनेक अध्ययनों से पता चला है कि देश के बड़े शहरों एवं महानगरों में कंप्यूटर के बढ़ते इस्तेमाल के कारण कमर दर्द से ग्रस्त लोगों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। यूं तो बच्चों से लेकर बुजुर्ग सभी कमर दर्द से प्रभावित हो सकते हैं। बढ़ती उम्र, भारी शारीरिक कार्य, लंबी अवधि तक एक ही स्थिति में काम करने वाले लोग (जैसे सेक्रेटरी, रिसेप्शनिस्ट, काल सेंटर के कार्मिक) भारी सामान उठाने वाले, वाइब्रेटर टूल आपरेटर आदि अधिक प्रभावित होते हैं। यदि इस के उपचार की बात की जाए तो कई प्रकार के उपचार भी मौजूद हैं। जैसे- बेड रेस्ट, इंजेक्शन, शल्य-चिकित्सा, स्पाइनल फ्यूजन, डिस्क प्रत्यारोपण, वर्टिब्रोप्लास्टी, पिन होल सर्जरी और मिनिमल इंवेसिव सर्जरी आदि। लेकिन हर उपचार की अपनी कुछ सीमाएं हैं। मगर अब वैट सर्जरी (वीडियो एसिस्टिड थोरोस्कोपी) नामक एक नई सर्जरी की शुरुआत की गई है।

## थोरेसिक स्पाइन की आम बीमारियां क्या हैं?

थोरेसिक स्पाइन में गर्दन व कमर की तरह कई सारी बीमारियां हो सकती हैं जैसे कि स्लिप्ड डिस्क, ट्यूमर, संक्रमण जैसे टी.बी., फेक्चर, कूबड़ इत्यादि। इन बीमारियों में सीने के पीछे कमर में दर्द व सीने में खिंचाव रहता है और ये दर्द कभी कभी नीचे पैरों तक भी जा सकता है। इसके साथ पैरों का सुन्न होना, चलने में मुश्किल व दैनिक क्रिया करम में दिक्कत पैदा हो सकती है। इन सभी कष्टों का कारण होता है नसों पर दबाव। अब वैट सर्जरी के द्वारा इस दबाव को आसानी से कम किया जा सकता है। इसके साथ-साथ कूबड़ के मरीजों की कमर का टेढ़ापन आसानी से दूर किया जा सकता है।

## वैट सर्जरी के क्या फायदे हैं?

वैट सर्जरी में एक पतली सी दूरबीन द्वारा सीने की रीढ़ की हड्डी तक पहुंचकर टीवी स्क्रीन पर देखते हुए, वो सारे आपरेशन संभव हो गए हैं जो कि पहले सीने को खोलकर संभव हो पाते थे। इसमें एक विशेष किस्म की बेहोशी करके मरीज के एक फेफड़े को पिचका दिया जाता है, जिससे कि बिना किसी रुकावट के ट्यूमर या डिस्क को आसानी से निकाला जा सकता है। यह पूरी सर्जरी केवल एक या दो घंटे में पूरी हो जाती है। इसका मुख्य फायदा यह है कि मरीज अगले दिन से चल फिर सकता है। खून बहने व संक्रमण का रिस्क नहीं होता और मरीज को तीन दिनों में अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है, जिससे कि दवाईयां व अस्पताल का खर्च बच जाता है। वास्तव में यह सर्जरी बहुत ही उपयोगी व मरीजों के लिए एक वरदान के समान है।

**डॉ. सतनाम सिंह** छाबड़ा, सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

## स्लिप्ड डिस्क किस उम्र में खतरा ज्यादा होता है

- आमतौर पर 30 से 50 वर्ष की उम्र में कमर के निचले हिस्से में स्लिप्ड डिस्क की समस्या हो सकती है।
- 40 से 60 वर्ष की आयु तक गर्दन के पास सर्वाइकल वर्टिब्रा में समस्या होती है।
- विशेषज्ञों के अनुसार अब 20-25 वर्ष के युवाओं में भी स्लिप डिस्क के लक्षण तेजी से देखे जा रहे हैं। देर तक बैठ कर कार्य करने के अलावा स्पीड में बाइक चलाने या सीट बेल्ट बांधे बिना ड्राइविंग करने से भी यह समस्या बढ रही है। अचानक ब्रेक लगाने से शरीर को झटका लगता है और डिस्क को नुक्सान हो सकता है।

### सामान्य लक्षण

- नसों पर दबाव के कारण कमर दर्द, पैरों में दर्द या पैरों, एडी या पैर की अंगुलियों का सुन्न होना।
- पैर के अंगूठे या पंजे में कमजोरी।
- स्पाइनल कॉर्ड के बीच में दबाव पडने से कई बार हिप या थाईज के आसपास सुन्न महसूस करना।
- समस्या बढने पर यूरिन-स्टूल पास करने में परेशानी।
- रीढ के निचले हिस्से में असहनीय दर्द।
- चलने-फिरने, झुकने या सामान्य काम करने में भी दर्द का अनुभव। झुकने या खांसने पर शरीर में करंट सा अनुभव होना।

### जांच और उपचार



दर्द लगातार बना रहना, एक्स-रे या एमआरआइ, लक्षणों और शारीरिक जांच से डॉक्टर को पता चलता है कि कमर या पीठ दर्द का सही कारण क्या है और क्या यह स्लिप्ड डिस्क है।जांच के दौरान स्पॉन्डलाइटिस, डिजेनरेशन, ट्यूमर, मेटास्टेज जैसे लक्षण भी पता लग सकते हैं।

सेहत

# मेथी के 16 फायदे

मेथी हर रसोई में मिल जाएगी, खाने का फ्लेवर बढ़ाने के साथ ही ये कई बीमारियों को भी दूर रखती है। ठंड के मौसम में मिलने वाले मेथी के पत्तों की सब्जी बनाकर खाएं। स्वाद में भले ही ये थोड़ी कड़वी होती है, मगर सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। खासकर महिलाओं के लिए। वैसे सिर्फ मेथी के पत्ते ही नहीं, मेथी दाना भी सेहत का खजाना है। मेथी में कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है।



- डिलीवरी के बाद महिलाओं को मेथी के लड्डू खाने को कहा जाता है। इससे प्रेग्नेंसी के बाद शरीर मजबूत बनता है और कमजोरी महसूस नहीं होती। ब्रेस्टफीड करानेवाली महिलाओं के लिए मेथी के पत्तों की सब्जी बहुत फायदेमंद होती है। मेथी कैल्शियम का भी बेहतरीन स्रोत है।
- पेट में जलन होने पर मेथी की सूखी पत्तियों और शहद को मिलाकर काढ़ा बनाएं। दिन में दो बार इसे पीने से पेट की जलन से राहत मिलती है।
- मेथीदाना को पीस लें और गुड़ में मिलाकर लड्डू बनाएं। ठंड के मौसम में रोजाना एक लड्डू खाने से सर्दी-खांसी की समस्या नहीं होगी।
- मेथी की सब्जी बनाकर खाएं। इससे डाइजेशन ठीक रहता है।
- मेथी बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करके हार्ट डिसीज के खतरे को कम करती है।
- मेथी डायबिटीज पेशेंट के लिए भी रामबाण से कम नहीं है. ये शुगर लेवल को कम करने में मदद करती है।
- यह शरीर से हानिकारक टॉक्सिंस को निकालने में मदद करती है।
- मेथी याददाश्त बढ़ाने में भी मददगार है।
- वजन कम करने में भी मेथी कारगर है। इसमें पाए जाने वाले फाइबर्स पेट के लिए फायदेमंद होते हैं।
- मेथी के दानों को रातभर पानी में भिगोकर रखें और सुबह खाएं, बहुत ज्यादा होगा।
- यदि स्किन प्रॉब्लम्स जैसे- रिंकल्स, ब्लैकहेड्स, पिंपल्स, ड्राईनेस आदि से परेशान हैं, तो मेथी की पत्तियों का पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाएं और करीब 20 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें।
- हार्मोनल बैलेंस बनाए रखने में भी मेथी बेहद कारगर होती है।
- मेथी एक बेहतरीन घरेलू दवा का काम करती है। ये बुखार और कई अन्य मौसमी बीमारियों को ठीक करने में मदद करती है।
- मेथी के पत्तों से हर्ब टी बनाई जा सकती है, इसे पीने से दिमाग शांत और फ्रेश रहता है।
- मेथी में आयरन भी भरपूर मात्रा में होता है, इससे शारीरिक कमजोरी दूर होती है।
- मेथी के नियमित सेवन से महिलाओं को पीरियड्स और मेनोपात के दौरान होने वाली समस्याओं से राहत मिलती है।

### मेथी सलाद

एक गड्डी मेथी को धोकर नमक लगाकर 30 मिनट रखकर पानी निचोड़ लें। फिर मेथी के पत्तों को बारीक काट लें। आधा-आधा कप बारीक कटे प्याज और टमाटर, मेथी, आधा टीस्पून लालमिर्च पाउडर, 1 टीस्पून तेल और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें। तैयार मेथी सलाद का मजा लें।

### मेथी टमाटर

एक गड्डी मेथी को साफ करके काट कर उबाल लें। कड़ाही में 1 टेबलस्पून तेल गरम करके हींग, राई और जीरे का छौंक लगाएं। अब 1 टमाटर बारीक कटा हुआ, आधा-आधा टीस्पून धनिया पाउडर व लालमिर्च पाउडर डालकर 2 मिनट तक भूनें। 2-3 टेबलस्पून पानी डालकर एक उबाल आने पर मेथी व नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें। धीमी आंच पर 5-7 मिनट पकने के बाद आंच से उतार लें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। प्रेमभाव बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा। शुभांक-5-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-6-8-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-6-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-7-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

## काकुरो पहेली - 2581



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 2580 का हल



## लॉफिंग ज़ोन



मां-'बेटा राकेश! मेरी शान्ता बड़ी उदार और सबके काम आने वाली है. किसी को इंकार करना तो उसने जैसे सीखा ही नहीं!'

राकेश-'आप ठीक कहती हैं, आंटी! उसके प्यार-मुहब्बत के तीन अफसाने तो मैं भी अब तक सुन चुका हूँ.'

☺ ☺ ☺

मियां ने बीवी से पूछा- मुझे आश्चर्य होता है कि अधिकांश औरतें अपने रूप पर ज्यादा ध्यान क्यों देती हैं.

बीवी बोली- क्योंकि वे जानती हैं कि मर्द बेवकूफ भले ही हों, पर आंखें वे खुली ही रखते हैं.

☺ ☺ ☺

प्रेमी-प्रेमिका प्रेमालाप में व्यस्त थे. थोड़ी देर बाद प्रेमिका का छोटा भाई आ गया. प्रेमिका ने उसे टरकाने के अभिप्राय से कहा-'भैया! तुम बाहर जाकर खेलो!'

'नहीं दीदी !'

भाई वहीं जमता हुआ बोला-'मैं बाहर नहीं जाऊंगा. अम्मा ने कहा है कि जब तक वह बदमाश वहां बैठा है, तब तक तुम वहीं रहो !'

☺ ☺ ☺

घरवाली बोली- आज रामायण के पाठ में पंडितजी ने बताया कि रामराज्य में शेर और बकरी एक ही घाट पर पानी पिया करते थे. भला यह कैसे हो सकता है.

आदमी बोला- हो क्यों नहीं सकता? क्या मैं तुम्हारे साथ नहीं रहता.

☺ ☺ ☺

## फिल्म वर्ग पहेली- 2581



**बायें से दायें:-**

१. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की फिल्म-३
३. 'साथिन' की सच्ची घटना पर आधारित रघुवीर यादव, नंदिता की फिल्म-४
७. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की फिल्म-३
८. 'मेरे दिल ने जो मांगा मिल गया' गीत वाली फिल्म-४
९. बलराज, श्यामा की 'तारों की चूनर' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'क्या मैंने सोचा' गीत वाली संजय, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-२
१२. संजय, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की 'उन से पूछें' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सलमा को मिल' गीत वाली जैकी, पूनम की फिल्म-३
१४. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'दिल डूबा डूबा नीली' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्याराय का फिल्म-२
१९. अक्षय, करिश्मा की 'माथे पे चमके' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'ये चाँद सा' गीत वाली शम्मी, शर्मिला की फिल्म-३,१,२
२४. अरूण गोविल, साहिला की 'मेरी चढ़ती जवानी समझे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरा कुछ सामान' गीत वाली शशिकपूर, नसीर, रेखा की फिल्म-४
२९. अक्षय, रवीना की 'सुबह से लेकर' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'तू ने कहा जब से' गीत वाली अक्षय, करीना कपूर की फिल्म-३
३१. अजय, पूजा, सोनाली की 'हम यहाँ तुम यहाँ' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
२. अशोक, बीना की 'जाता हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२,१
३. 'इश्क में दिल' गीत वाली नसीर, डिम्पल की फिल्म-४
४. सनी, शाहरूख, जूही की फिल्म-२
५. १९९४ में आई मिथुन, गोविंदा, योगिता की एक फिल्म-४
६. जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. 'आगे सुख तो' गीत वाली अनिल, विजया की फिल्म-३
१२. विवेक, दीया की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१३. राजकुमार, मीना की फिल्म-३
१४. संजयदत्त, पूजा की 'जब जब प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१७. राजेंद्रकुमार, वहीदा रहमान की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दो नैनों के पंख' गीत वाली फिल्म-२
२०. सनी, समीरा की 'नशा है आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'गैर से अंख लड़ाई' गीत वाली फिल्म-३
२३. विनोद, डिम्पल की 'चंपई धूप के' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'मेरा मन भंवरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. मिथुन, अतुल, पूजा की फिल्म-३
२७. 'देखो देखो जानम हम' गीत वाली फिल्म-२
२८. सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 2580

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | ध | न | ■ | क्ष | त्रि | य | ■ | ज | ख्मी |
| दि | ■ | सी | मा | ■ | दे | श | प्रे | मी | ■ |
| श | बा | ब | ■ | दे | व | ■ | म | न | ■ |
| ■ | बु | ■ | जो | श | ■ | बा | गी | ■ | खु |
| दौ | ल | त | ■ | द्रो | ही | ■ | त | ला | शी |
| ड़ | ■ | ला | ■ | ही | ■ | पा | ■ | ट | ■ |
| ■ | रे | श | नी | ■ | आ | प | के | सा | थ |
| जं | ग | ■ | य | की | न | ■ | ■ | ब | ■ |
| ग | ■ | ■ | त | ■ | बा | द | ल | ■ | जी |
| ल | की | र | ■ | डॉ | न | ■ | की | म | त |

## सूडोकु -2581

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2580 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## शब्द पहेली - 2581



**बाएँ से दाएँ**

1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**

1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली -2580 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | ■ | स | म | झ | दा | र |
| म | ■ | र | ह | म | ■ | म | द | न | ■ | म |
| र | त | ■ | ■ | ची | ■ | झो | ■ | ■ | वा | णी |
| ख | स | ■ | ना | न | ख | ता | ई | ■ | रा | य |
| ना | ला | य | क | ■ | त्म | ■ | मा | त | ह | त |
| ■ | ■ | ■ | क | था | ■ | का | न | ■ | ■ | ■ |
| प | न | घ | ट | ■ | आ | ■ | दा | न | वी | र |
| व | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | र | वि |
| न | म | ■ | ■ | म | ■ | चा | ■ | ■ | ता | न |
| सु | ■ | आ | स | व | ■ | ल | ह | र | ■ | य |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | क | ब | ज | न |

## बिहार में आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका का बढ़ेगा मानदेय, सीएम नीतीश ने किया ऐलान

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पूर्व सरकार ने आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं के मानदेय को बढ़ाने का निर्णय लिया है। बिहार में अब आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय 7,000 रुपए से बढ़ाकर 9,000 रुपए और आंगनबाड़ी सहायिका का मानदेय 4,000 रुपए बढ़ाकर 4,500 रुपए करने का ऐलान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसकी जानकारी खुद सोशल मीडिया के जरिए दी। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'राज्य में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के पोषण एवं जीवन स्तर में सुधार करने में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनकी इसी भूमिका का सम्मान करते हुए हम लोगों ने उनके मानदेय में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। अब आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय 7,000 रुपए से बढ़ाकर 9,000 रुपए तथा आंगनबाड़ी सहायिका का मानदेय 4,000 रुपए बढ़ाकर 4,500 रुपए करने हेतु विभाग को निर्देशित किया गया है।' सीएम नीतीश कुमार ने पोस्ट में आगे लिखा, 'नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हम लोगों ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पोषण तथा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है तथा इसके लिए समेकित बाल विकास परियोजना के माध्यम से 6 प्रकार की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।'

## ओडिशा छोड़कर दूसरे राज्यों में जा रही हैं प्रमुख उद्योग परियोजनाएं : बीजद

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल (बीजद) ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर ओडिशा में प्रमुख उद्योगों को बनाए रखने में नाकामी का आरोप लगाते हुये कहा है कि बीजद शासन के दौरान रुचि दिखाने वाली कयी कंपनियां अब अपनी परियोजनाओं को अन्य राज्यों में स्थानांतरित कर रही हैं। बीजद नेताओं ने रविवार को कहा कि भाजपा सरकार दावा कर रही है कि प्रतिष्ठित उद्योग कंपनियां ओडिशा में निवेश के लिए आतुर हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि जिन कंपनियों ने बीजद कार्यकाल के दौरान समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, वे एक के बाद एक बाहर जा रही हैं। उन्होंने ब्रिटेन की सेमीकंडक्टर समूह एसआरएएम और एमआरएएम का हवाला दिया, जिसने मार्च 2023 में बीजद सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें 30,000 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव था। इस परियोजना के लिए छतरपुर (गंजम ज़िला) में लगभग 700 एकड़ ज़मीन को चिन्हित किया गया था। हालांकि, कंपनी ने अब आंध्र प्रदेश सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। बीजद महासचिव और विधायक तुषारकांति बेहरा ने कहा कि इस घटनाक्रम ने भाजपा सरकार के खोखले दावों को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी जेएसडब्ल्यू ईवी और आर्सेलर मित्तल ने बीजद सरकार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किये थे लेकिन उन्होंने अपनी परियोजनाएं महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश में स्थानांतरित कर दी ।

## दिमाग खाने वाले अमीबा ने 56 वर्षीय महिला की ली जान, एक महीने में मृतकों की संख्या 5

**कोझिकोड (केरल) ।** मलप्पुरम जिले की 56 वर्षीय महिला की प्राइमरी अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस से मृत्यु हो गई है। ये एक घातक मस्तिष्क संक्रमण है। सोमवार को स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। महिला की मृत्यु के साथ ही, जानलेवा दिमाग खाने वाले अमीबा संक्रमण से मरने वालों की संख्या केवल एक महीने के भीतर पांच हो गई है। इससे राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ दी है। एक स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, संक्रमण से जान गंवाने वाली महिला की पहचान मलप्पुरम के वंडूर की रहने वाली एम. शोभना के रूप में हुई है। पिछले गुरुवार (4 सितंबर) को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल (केएमसीएच) में भर्ती होने के बाद से ही उसके हालात ठीक नहीं थे; वह बेहोशी की हालत में थी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि वो संक्रमित थी। उसके लक्षण स्पष्ट दिख रहे थे। गहन चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के बावजूद उसमें सुधार नहीं दिख रहा था। हाल ही में वायनाड जिले के 45 वर्षीय रथेश (जिनका एक हफ्ते से ज्यादा समय से केएमसीएच में इलाज चल रहा था) ने मस्तिष्क संक्रमण के कारण दम तोड़ दिया था। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े बताते हैं कि इस बीमारी ने एक महीने में पांच लोगों की जान ले ली है, जिनमें तीन महीना का शिशु और कोझिकोड के थमारस्सेरी की नौ वर्षीय बच्ची भी शामिल है।

## मध्य प्रदेश के सीएम से मिले मीका सिंह, नशे के खिलाफ उठाए गए कदमों को सराहा

**भोपाल।** मशहूर सिंगर मीका सिंह ने मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नशीली दवाओं और शराब के खिलाफ राज्य सरकार के प्रयासों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस मुलाकात की कुछ तस्वीरें अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी शेयर की हैं। इनमें से एक में वो मीका सिंह से बात करते दिख रहे हैं। वहीं, एक अन्य तस्वीर में मीका सिंह सीएम को फूलों का गुलदस्ता देते दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लिखा, आज भोपाल निवास पर प्रसिद्ध गायक मीका सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की.बताया जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान मीका सिंह ने मध्य प्रदेश में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे प्रशासन के प्रयासों की खूब सराहना की। उन्होंने यूथ को नशे और नशीली दवाओं की गिरफ्त से निकालने और उन्हें फिर से समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के मुद्दे पर भी बात की।

# जोधपुर में संघ की समन्वय बैठक में एकता और समाज निर्माण पर रहा फोकस

**एजेंसी**

**जोधपुर।** जोधपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक का आज आखिरी दिन है। विविध संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्षों और संगठन मंत्रियों की उपस्थिति में हुई इस बैठक का समापन सरसंघचालक मोहन भागवत के उद्बोधन से होगा। बैठक में पंजाब में मतांतरण और नशे की समस्या पर चिंता व्यक्त की गई। बंगाल में घुसपैठ और कानून-व्यवस्था की स्थिति को गंभीर चुनौती बताया गया। मणिपुर में शांति प्रयासों और जनजातीय क्षेत्रों में नक्सली प्रभाव कम होने को सकारात्मक संकेत माना गया। साथ ही, संघ के शताब्दी वर्ष से जुड़े कार्यक्रमों और समाज परिवर्तन से जुड़े संघ की ओर से दिए गए पंच परिवर्तन विषयक योजनाओं पर विचार हुआ। बैठक के बारे में संघ के अखिल भारतीय




प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने आज पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संघ और उससे जुड़े संगठन समाज में एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करने के लिए सतत प्रयास कर रहे हैं। महिला सहभागिता, शिक्षा का भारतीयकरण, सामाजिक चुनौतियाँ और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दे चर्चा के मुख्य बैठक के केंद्र में रहे। महिला समन्वय के विषय पर उन्होंने बताया कि विविध संगठन महिलाओं को नेतृत्व और भागीदारी के अधिक अवसर दे रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देशभर में 887 कार्यक्रम आयोजित हुए, जिन्हें विविध क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं ने आयोजित किया। बैठक में क्रीड़ा भारती ने खेल जगत की महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर अध्ययन प्रस्तुत किया। आंबेकर ने शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि देशभर मे शिक्षा से जुड़े हुए विभिन्न संगठन इसे जमीन पर उतरने के लिए सहयोग देने से जुड़े प्रयास कर रहे हैं। आंबेकर ने मतदाता सूची अपडेट से जुड़ी बिहार में जारी एसआईआर प्रक्रिया का समर्थन किया और कहा कि इस सकारात्मक पहल को आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

## प्रधानमंत्री मोदी 22 को करेंगे माता त्रिपुरा सुंदरी मंदिर के नवीनीकरण कार्यों का लोकार्पण

**एजेंसी**

**अगरतला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 सितम्बर को त्रिपुरा की यात्रा पर रहेंगे और इस दौरान गोमती जिला स्थित ऐतिहासिक माता त्रिपुरा सुंदरी मंदिर के नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का उद्घाटन करेंगे। सदियों पुराना यह शक्तिपीठ, जिसे पूर्वोत्तर भारत के सबसे पवित्र स्थलों में गिना जाता है, हाल ही में व्यापक पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण से गुज़रा है। यह कार्य प्रसाद योजना (पिलग्रिमेज रिज्यूवेंशन एंड स्पिरिचुअल ऑग्मेंटेशन ड्राइव) के तहत किया गया है, जिसे राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के सत्ता में आने के बाद गति दी गई थी। परियोजना के लिए केन्द्र सरकार ने लगभग 38 करोड़ रुपये स्वीकृत किए, जबकि राज्य सरकार ने सात करोड़ रुपये का अतिरिक्त योगदान दिया। अधिकारियों का मानना है कि इस पहल से धार्मिक पर्यटन को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा और त्रिपुरा उभरते हुए पर्यटन स्थल के रूप में और



सशक्त होगा। प्रधानमंत्री की यात्रा से पहले त्रिपुरा के मुख्य सचिव किरण गित्ते, प्रधान सचिव अभिषेक सिंह, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग, पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) (कानून एवं व्यवस्था) मंजक इपर, पर्यटन सचिव यूके चकमा सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की।

## पंजाब के मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए भोजन व चिकित्सा सुविधा के दिये निर्देश

### ● मुख्य सचिव व डीजीपी के साथ अस्पताल में की बैठक

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान अस्पताल में उपचाराधीन रहते हुए राज्यवासियों की भलाई के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए प्रदेश में चलाए जा रहे बड़े पैमाने पर राहत व बचाव कार्यों की निकटता से निगरानी कर रहे हैं। फोर्टिस अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ कर रहे मुख्यमंत्री ने रविवार शाम मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा, डीजीपी गौरव यादव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ से संबंधित समीक्षा बैठक की।

बाढ़ के कारण उत्पन्न गंभीर हालात पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित एक भी नागरिक राहत व बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे। विशेष रूप से जो लोग बाढ़ के पानी के कारण मुख्य धारा से कटे हुए हैं, उनके लिए भोजन, चिकित्सकीय सुविधा एवं अन्य आवश्यक सहायता सुनिश्चित की जाए। बैठक के उपरांत मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री की सेहत में सुधार हो रहा है और एक-दो दिनों में वे हमारे बीच लौटने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री का पूरा ध्यान हाल ही में आए बाढ़ व भारी बारिश से प्रभावित हजारों परिवारों पर ही केंद्रित है। उन्होंने आगे बताया कि पंजाब सरकार बाढ़ पीड़ितों को हर संभव सहायता देने और उनके टूटे हुए घर पुनः बनाने के लिए एकजुट व दृढ़ है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री को बताया गया कि एकत्रित आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के बाढ़ प्रभावित 23 जिलों के 2050 गांवों में कुल 3,87,898 व्यक्ति बेघर हो चुके हैं,



जबकि 20 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पंजाब सरकार द्वारा अब तक 22,938 व्यक्तियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार की ओर से 219 राहत शिविर खोले गए हैं, जिनमें कुल 5404 व्यक्तियों को शरण दी गई है। मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य के कई जिलों में अब तक कुल 1,76,980.05 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। उन्होंने बताया कि बाढ़ के कारण अब तक 48 व्यक्ति अपनी जान गंवा चुके हैं, जबकि जिला पठानकोट से 3 व्यक्ति लापता हैं।

# फरीदाबाद में 4 मंजिला घर में एसी का कंप्रेसर फटा

### पति-पत्नी और बेटी की मौत, बेटा खिड़की से कूदा, हाथ-पैर टूटे

**एजेंसी**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में सोमवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हो गया। ग्रीनफील्ड कॉलोनी स्थित चार मंजिला मकान में एयर कंडीशनर (AC) का कंप्रेसर फट गया, जिससे आग लग गई और धुआं फैल गया। इस हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि बेटा खिड़की से कूदकर किसी तरह जान बचाने में कामयाब रहा। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि मृतकों की पहचान सचिन कपूर (50), उनकी पत्नी रिंकू कपूर (48) और बेटी सुजान (13) के रूप में हुई है। वहीं बेटा आर्यन (24) गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में भर्ती है। परिवार मकान की दूसरी मंजिल पर किराए से रह रहा था। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 3 बजे मकान मालिक के AC में शॉर्ट सर्किट हुआ और कंप्रेसर फटने से आग लग गई। देखते ही देखते धुआं ऊपर की मंजिलों तक भर गया। कपूर परिवार नींद में था और अचानक धुएं से घिरने पर घबरा गया। वे छत की ओर भागे लेकिन गेट बंद होने के कारण फंस गए।धुएं की वजह से दम घुटने से सचिन, उनकी पत्नी और बेटी बेहोश हो गए और उनकी मौत हो गई। वहीं बेटे आर्यन ने साहस दिखाते हुए खिड़की से छलांग लगा दी। गिरने से उसके हाथ-पैर टूट गए, लेकिन जान बच गई।

सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।



# ह्ट्रम्प टैरिफ' से उभरी चुनौतियों पर देशहित में केंद्र सरकार उठाए ठोस कदम : मायावती

**एजेंसी**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि 'ट्रम्प टैरिफ' के बाद उभरी नई चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार को देशहित का ध्यान रखते हुए अपने नीतियों व सुधारवादी रवैया अपनाने की जरूरत है।बसपा प्रमुख मायावती पार्टी के कार्यालय में बैठक की। जिसमें यूपी स्टेट के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने शामिल होकर पार्टी की ओर से दिए गये कार्यों की प्रगति रिपोर्ट दी। बैठक में भारत पर अमेरिका के लगाए 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर चर्चा हुई। 'ट्रम्प टैरिफ' से उभरी नई चुनौतियों का जिक्र करते हुए बसपा प्रमुख ने कहा कि इससे सही से निपटने के लिए भारत सरकार को देशहित का ध्यान रखते हुए अपने नीतियों व सुधारवादी रवैया अपनाने की जरूरत है। वरना देश में गरीबी,



महंगाई, बेरोजगारी, अशिक्षा घरों से दूर पलायन की विवशता आदि की समास्याएं और भी जटिल होकर देश के मान–सम्मान को भी दुनिया में प्रभावित करेंगी, जिससे बचना बहुज जरूरी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यूपी समेत सभी राज्यों में विभिन्न धर्मों के पूजा स्थलों और संतों-महापुरुषों को निरादार करने के मामले में कहा कि सभी सरकारों को संकीर्ण, जातिवादी, सांप्रदायिक व द्वेषपूर्ण राजनीति छोड़कर ऐसे आपराधिक तत्वों के प्रति सख्त कानूनी रवैया अपनाकर कानून का राज स्थापित करना चाहिए, ताकि लोग शांतिपूर्वक अपनी आजीविका कमा सकें और अपना व अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। बसपा प्रमुख ने पार्टी जनों को देश और प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों से जुड़ी नई चुनौतियों के प्रति आगाह किया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल लगातार साम, दाम, दंड, भेद आदि हर तरह के हथकंडे अपनाकर बसपा को कमजोर करने की साजिश रच रहे हैं ताकि दलितों और अल्पसंख्यकों की आवाज उठाने वाली पार्टी आगे न बढ़ सके। मायावती ने अक्टूबर माह में कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ में होने वाले राज्यव्यापी कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने की अपील की है।

## लालू-सुदर्शन रेड्डी की मुलाकात के बाद अमित मालवीय ने उठाया ईमानदारी पर सवाल

**एजेंसी**

**पटना।** इंडी गठबंधन के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बीच हुई मुलाकात पर सियासत तेज हो गई है। भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने दोनों की फोटो शेयर कर सवाल किया है। उन्होंने कहा कि रिटायर्ड जजों और संवैधानिक नैतिकता के स्वघोषित रक्षकों की चुप्पी उनकी पाखंडी सोच को उजागर करती है। अमित मालवीय ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज और इंडी गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने हाल ही में चारा घोटाले के दोषी लालू प्रसाद से मुलाकात की, जो न तो संसद सदस्य हैं और न ही उपराष्ट्रपति चुनाव में उनका कोई वोट है। यह सिर्फ खराब छवि की बात नहीं है, बल्कि एक उच्च संवैधानिक पद की उम्मीदवारी करने वाले व्यक्ति की सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी पर सवाल उठाता है। उन्होंने आगे कहा, इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात रिटायर्ड जजों और संवैधानिक नैतिकता के स्वघोषित रक्षकों की चुप्पी है, जो उनकी पाखंडी सोच को उजागर करती है। चुनाव आयोग द्वारा जारी विवरण के अनुसार, 7 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे, जिनमें से अधिकांश आवश्यक दस्तावेजों की कमी के कारण अस्वीकार कर दिए गए थे। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होगा और उसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव में इंडी गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी का सीधा मुकाबला एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से है।

# 12वां आईएचएचए एनुअल कन्वेंशन और 24वीं एनुअल जनरल मीटिंग संपन्न

**एजेंसी**

**जयपुर।** हाल ही में जारी सांस्कृतिक पर्यटन रिपोर्ट बताती है कि 82' भारतीय पर्यटक हेरिटेज और त्योहारों के लिए यात्रा करना पसंद करते हैं। पर्यटन वर्तमान में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 5' का योगदान देता है। अगर हम इसे बढ़ाकर 10'कर सकें, तो इस क्षेत्र में लगभग 4 करोड़ रोज़गार सृजित करने की क्षमता है।' यह बात राजस्थान पब्लिक सर्विस कमिशन के पूर्व चेयरमैन, आईएएस, ललित के पंवार ने कासल कानोता में आयोजित 12वें आईएचएचए एनुअल कन्वेंशन के समापन पर एक सत्र को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि पर्यटन में उन क्षेत्रों में भी रोज़गार पैदा करने की अनोखी क्षमता है ,जहां अवसर कम हैं, जैसे रेगिस्तानी इलाके। पंवार ने यह भी बताया कि विदेशी पर्यटकों का आगमन अब महामारी से पहले की स्थिति पर पहुंच रहा है, जो उद्योग के सुधार और विकास के लिए अच्छे संकेत हैं।

भारत में हेरिटेज टूरिज्म एवं पर्यटन को प्रमोट करने के उदेश्य के




साथ आयोजित इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए) के दो दिवसीय 12वें आईएचएचए एनुअल कन्वेंशन और 24वीं एनुअल जनरल मीटिंग का जयपुर स्थित कासल कानोता में सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस दो दिवसीय कन्वेंशन के दौरान विविध विषयों पर ज्ञानवर्धक एवं रोचक सत्रों का हुआ आयोजन, जिसमें पर्यटन एवं हेरिटेज प्रॉपर्टीज के भविष्य और संरक्षण पर चर्चा की गई। इस अवसर पर पहली बार हेरिटेज हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए ठाकुर रणधीर विक्रम सिंह मंडावा मेमोरियल अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह अवॉर्ड आईएचएचए के प्रेसिडेंट एमिरेट्स, एचएच महाराजा गज सिंह द्वारा नीमराणा होटल्स के चेयरमैन, अमन नाथ को प्रदान किया गया। इस दौरान स्वर्गीय रणधीर विक्रम सिंह मंडावा की बेटियां रोहिणी सिंह, नियति सिंह और भतीजा अंगद मंडावा उपस्थित रहे।

## चंबाः प्राकृतिक आपदा से टूटी किसानों की कमर, 19 करोड़ का नुकसान

**चंबा ।** हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ ने जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया, वहीं कृषि क्षेत्र को भी तगड़ा झटका लगा है। कृषि विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, जिले में फसलों को हुए नुकसान का अनुमानित आंकड़ा करीब 19 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। जानकारी के मुताबिक, आपदा की सबसे ज्यादा मार फसलों पर पड़ी है। कई इलाकों में खेतों की उपजाऊ मिट्टी बह गई है, जिससे किसान आने वाले सीजन में भी सही ढंग से खेती करने को लेकर असमंजस में हैं। खड़ी फसलों के नष्ट हो जाने से किसान न केवल तत्कालीन आय से वंचित हो गए हैं, बल्कि उन्हें बीज और खाद की व्यवस्था करने की भी बड़ी चुनौती सामने खड़ी है। कृषि उपनिदेशक चंबा भूपेंद्र सिंह ने सोमवार को बताया कि खरीफ सीजन के तहत जिले में लगभग 28 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फसलें लगाई गई थीं।

# पंजाब में बाढ़ की स्थिति अत्यंत भयावह, मान सरकार पूरी तरह विफल : भूपेश बघेल

**एजेंसी**

**छत्तीसगढ़ ।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने पंजाब में बाढ़ की स्थिति को लेकर मान सरकार पर जमकर निशाना साधा। पंजाब में बाढ़ को मानव निर्मित आपदा करार देते हुए बघेल ने केंद्र और राज्य सरकार की लापरवाही को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। भूपेश बघेल ने पंजाब की बाढ़ पर कहा, पंजाब में बाढ़ की स्थिति अत्यंत भयावह है। यह बाढ़ मानव निर्मित है। यदि केंद्र और राज्य सरकार ने समय रहते अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया होता और बांधों से पानी नियंत्रित तरीके से छोड़ा होता तो यह आपदा इतना विकराल रूप न लेती। उन्होंने बताया कि इस आपदा में दर्जनों लोगों की जान चली गई, हजारों मवेशी बह गए या मर गए और लाखों हेक्टेयर जमीन पर फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गईं। नदियों ने अपना रास्ता बदल लिया, जिससे भारी जान-माल का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि पंजाब को जितना नुकसान बरसात से हुआ, उससे अधिक नुकसान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की लापरवाही की वजह से हुआ है। ऐसे समय में जब रावी, ब्यास और सतलज नदियां पूरे पंजाब में तबाही मचा रही हैं, केंद्र एवं



राज्य सरकार दोनों ही केवल बयानबाजी में व्यस्त हैं। आम जनता और संगत की ओर से इस आपदा से प्रभावित लोगों तक राहत पहुंचाने का काम लगातार किया जा रहा है। सरकार पूरी तरह से फेल साबित हुई है और जनता ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। भूपेश बघेल ने केंद्र और राज्य सरकार पर मुआवजे की घोषणा न करने का आरोप लगाते हुए कहा, 'अभी तक पीड़ितों को कोई राहत नहीं मिली है। दोनों सरकारों को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।'वहीं, छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री केदार कश्यप की ओर से कथित मारपीट के आरोप पर उन्होंने कहा, ÷भाजपा का दोहरा चरित्र सामने आ रहा है। किसी ने प्रधानमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, यह गलत है और हम इसका समर्थन नहीं करते। लेकिन भाजपा सरकार के वरिष्ठ मंत्री क्या कर रहे हैं, ये दुनिया देख रही है। जब भाजपा अपने नेता का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकती, तो दूसरों को अपमानित करने का अधिकार उन्हें कैसे मिला?' बघेल ने सवाल उठाया कि भाजपा अपने इस नेता के खिलाफ क्या कार्रवाई कर रही है। भाजपा को नैतिकता का पाठ पढ़ाने से पहले अपने नेताओं के आचरण पर ध्यान देना चाहिए। केदार कश्यप के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। आपको बता दें, पंजाब के कांग्रेस प्रभारी और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को अमृतसर के रमदास इलाके में बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच राहत सामग्री वितरित की।

इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बघेल ने बाढ़ से हुए नुकसान के लिए केंद्र और राज्य सरकार की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि समय पर उचित कदम उठाए गए होते तो स्थिति इतनी गंभीर न होती।

# लालबागचा राजा के विसर्जन में चोरी की वारदातें, 100 से अधिक मोबाइल और कई सोने की चेन चोरी

**एजेंसी**

**मुंबई ।** गणेशोत्सव के सबसे बड़े और लोकप्रिय जुलूस लालबागचा राजा के विसर्जन के दौरान इस साल भी लाखों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। लगभग 32 से 35 घंटे तक चले इस भव्य जुलूस में भक्त अपने प्रिय गणपति के अंतिम दर्शन के लिए लालबाग से गिरगांव चौपाटी तक पैदल यात्रा करते रहे। लेकिन, श्रद्धा और भक्ति के इस माहौल में जेबकतरों और स्नैचरों ने भीड़ का फायदा उठाया और बड़ी संख्या में भक्त चोरी की घटनाओं का शिकार हो गए। मुंबई पुलिस के अनुसार, इस वर्ष जुलूस के दौरान 100 से अधिक मोबाइल चोरी की शिकायतें दर्ज की गईं। कालाचौकी पुलिस थाने के बाहर शिकायत दर्ज कराने के लिए भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। अब तक 10 मामले आधिकारिक तौर पर दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 4 चोरी हुए फोन पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने इस संबंध में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मोबाइल चोरी के अलावा सोने की चेन चोरी के भी कई मामले सामने आए। पुलिस ने बताया कि



अब तक 7 केस दर्ज किए गए हैं। इनमें से 2 सोने की चेन बरामद कर ली गई हैं, जबकि 12 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। इसी बीच, मुंबई की भोईवाड़ा पुलिस ने विसर्जन जुलूस के दौरान ड्रोन के इस्तेमाल से जुड़े मामलों में भी केस दर्ज किया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। हर साल की तरह इस बार भी लालबाग और आसपास के क्षेत्रों में संगठित गिरोह सक्रिय रहे। भीड़भाड़ में सैकड़ों भक्त उनकी चालों का शिकार हुए। पुलिस की कड़ी तैनाती और सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद इन घटनाओं ने सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। गणेशोत्सव के दौरान कड़ी सुरक्षा और पुलिस तैनाती के बावजूद, इन घटनाओं ने गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और ऐसे भीड़-भाड़ वाले धार्मिक आयोजनों में शामिल होने के दौरान अपने मोबाइल फोन, आभूषण और कीमती सामान सुरक्षित रखें।

# दक्षिण अफ्रीका को मिली वनडे क्रिकेट इतिहास की सबसे बड़ी हार, इंग्लैंड ने 342 रन से हराया

**हैम्पशायर (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम को वनडे क्रिकेट इतिहास की सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी है। रविवार को खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 342 रन के अंतर से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था, जो बिल्कुल उल्टा पड़ गया। इंग्लैंड ने 50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 414 रन बनाए।

जैकब बेथेल ने अपना पहला शतक लगाया और 82 गेंद पर 3 छक्के और 13 चौके लगाते हुए 110 रन की पारी खेली। वहीं, जो रूट ने 96 गेंदों पर 6 चौके लगाते हुए 100 रन की पारी खेली। इसके अलावा जोस बटलर ने 32 गेंद पर नाबाद 62 रन की पारी खेली। जेमी स्मिथ ने 48 गेंद पर 62 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज बिल्कुल निष्प्रभावी रहे।

415 रन के लक्ष्य का सामना करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने पूरी तरह सरेंडर कर दिया। जोफ्रा आर्चर ने अपनी घातक गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका के टॉप ऑर्डर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। दक्षिण अफ्रीका 20.5 ओवर में महज 72 रन पर सिमट गई। रनों के लिहाज से वनडे क्रिकेट इतिहास की यह सबसे बड़ी हार है। कॉर्बिन बोश 20 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष स्कोरर रहे।

आर्चर ने 9 ओवर में 18 रन देकर 4 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आदिल रशीद ने 3 और ब्रायडन कार्स ने 2 विकेट लिए। टेंबा बवुमा ने बल्लेबाजी नहीं की। 3 वनडे मैचों की इस सीरीज की विजेता दक्षिण अफ्रीका रही। दक्षिण अफ्रीका ने पहले और दूसरे वनडे में इंग्लैंड को हराया था। 27 साल में यह पहला मौका है, जब दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को उसके घर में वनडे सीरीज में मात दी है। केशव महाराज प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे।



## एशिया कप पर अय्यर ने तोड़ी चुप्पी, कहा- हकदार होने के बावजूद टीम से बाहर रहना निराशाजनक




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने आगामी एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम से बाहर किए जाने के बाद अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने स्वीकार किया कि यह चूक निराशाजनक थी। अय्यर ने कहा कि वह वापसी के लिए कड़ी मेहनत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अय्यर को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया। इसके बजाय वह इस महीने के अंत में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट मैचों में भारत ए की अगुवाई करेंगे।अय्यर ने एक पॉडकास्ट में कहा, 'यह तभी निराशाजनक होता है जब आपको पता होता है कि आप टीम में प्लेइंग इलेवन में जगह पाने के हकदार हैं। उस समय यह निराशाजनक होता है। लेकिन साथ ही जब आपको पता होता है कि कोई टीम के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है तो आप उसका समर्थन करते हैं। आखिरकार लक्ष्य टीम की जीत होती है और जब टीम जीत रही होती है, तो सभी खुश होते हैं।' हाल के वर्षों में अय्यर सभी प्रारूपों में एक अग्रणी खिलाड़ी के रूप में उभरे हैं। 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स को उनका तीसरा आईपीएल खिताब दिलाने के बाद उन्होंने 2025 में पंजाब किंग्स की ओर रुख किया और उन्हें फाइनल तक पहुंचाया। हालांकि पंजाब किंग्स खिताब से चूक गई लेकिन अय्यर की कप्तानी की खासकर उनकी रणनीतिक सजगता और दबाव में धैर्य की व्यापक प्रशंसा हुई। अय्यर भारतीय टीम में अपनी जगह बनाने के लिए और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित हैं। घरेलू सीजन और ऑस्ट्रेलिया के महत्वपूर्ण दौरे के साथ इस स्टाइलिश दाएं हाथ के बल्लेबाज के पास अपनी योग्यता साबित करने और सीनियर टीम में वापसी करने का एक और मौका है। अय्यर ने एक बल्लेबाज के रूप में काफी विकास किया है।

## रवि शास्त्री नहीं चाहते ओपनिंग जोड़ी में बदलाव, कहा- 'सैमसन सलामी बल्लेबाज के तौर पर ज्यादा खतरनाक'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री टी20 एशिया कप में सलामी जोड़ी में बदलाव नहीं चाहते। शास्त्री चाहते हैं कि टीम प्रबंधन अभिषेक शर्मा के सलामी जोड़ीदार के रूप में संजू सैमसन को ही बरकरार रखे। अगर शुभमन गिल प्लेइंग इलेवन में जगह बनाते हैं तो शास्त्री का मानना हैं कि गिल किसी और की जगह बल्लेबाजी करने आए।




शास्त्री ने मीडिया से बातचीत दौरान कहा, 'सैमसन शीर्ष तीन में सबसे खतरनाक हैं। यही पर वह आपको मैच जिताते हैं। उन्हें वहीं छोड़ देना चाहिए। सैमसन की जगह गिल को लाना इतना आसान नहीं होगा। सैमसन का टी20 में भारत के लिए शीर्ष क्रम में अच्छा रिकॉर्ड है। गिल के लिए भी उन्हें हटाना मुश्किल होगा। गिल किसी और की जगह आ सकते हैं। लेकिन सैमसन को सलामी बल्लेबाज के तौर पर अकेला छोड़ देना चाहिए।'

उन्होंने आगे कहा, 'सैमसन को उसी तरह खेलना जारी रखना चाहिए जैसा उन्होंने टी20 में भारत के लिए खेला है। वह शीर्ष क्रम में लगातार बड़े रन और शतक बना रहे हैं।'

गौर है कि 30 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में पदोन्नत होने के बाद से अच्छा प्रदर्शन किया है। अब तक उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में तीन शतक बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज के रूप में 17 मैचों में उन्होंने 31.76 की औसत और 178.76 के स्ट्राइक रेट से 520 रन बनाए। सैमसन ने हाल ही में हुई केरल क्रिकेट लीग 2025 में कोच्चि ब्लू टाइगर्स के लिए शानदार फॉर्म हासिल की। उन्होंने पांच पारियों में 73.60 की औसत और 186.80 के स्ट्राइक रेट से 368 रन बनाए। हाल ही में संपन्न हुए इस टूर्नामेंट में उन्होंने एक शतक और तीन अर्धशतक भी लगाए।

# क्रिस गेल ने किया खुलासा, पंजाब किंग्स में हुआ अपमान, कहा- मैं कोच कुंबले से निराश हूं

**दुबई (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क~वेस्टइंडीज के पूर्व सलामी बल्लेबाज और %यूनिवर्स बॉस% के नाम से मशहूर क्रिस गेल एक मस्तीखोर इंसान के रूप में जाने जाते हैं। वह जहां भी जाते हैं उनके चेहरे पर एक चमकदार मुस्कान होती है। गेल ने दुनिया भर की कई टी20 फ्रेंचाइजी के लिए खेला है। 2021 में पंजाब किंग्स के साथ उनका आईपीएल करियर अचानक खत्म हो गया। उन्होंने बीच में ही फ्रेंचाइजी छोड़ने के लिए बबल थकान का हवाला दिया। लेकिन अब सालों बाद उन्होंने फ्रेंचाइजी पर उनका अनादर करने का आरोप लगाया है।

गेल ने शुभंकर मिश्रा को उनके यूट्यूब शो पर कहा, %ओह, मेरा आईपीएल समय से पहले ही समाप्त हो गया। आप जानते हैं पंजाब के साथ ईमानदारी से कहूं तो। हां मेरा मतलब है कि फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स इलेवन में मेरा अनादर किया गया। आप जानते हैं। मुझे ऐसा लगा कि एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में मेरे साथ ठीक से व्यवहार नहीं किया जा रहा था। जिसने लीग के लिए इतना कुछ किया। आप जानते हैं फ्रेंचाइजी के लिए भी इतना मूल्य लाया। और फिर आपका अनादर किया जाता है और वे आपके साथ एक बच्चे की तरह व्यवहार करते हैं और फिर मैं लगभग ऐसा महसूस करता हूं जैसे मुझे लगा कि इमारत मेरे कंधे पर है। यह मेरे जीवन में पहली बार था जब मैंने अवसाद की स्थिति महसूस की। इसलिए जब लोग अवसाद के बारे में बात करते हैं तो मुझे इसका थोड़ा सा आभास हो जाता है और यह मेरे लिए नहीं था।%

गेल ने याद करते हुए कहा, %तो मुझे पता है कि हम इस बारे में बात कर रहे हैं कि यह हमारा काम है। लेकिन उस स्तर पर पैसा कुछ भी नहीं है। आपको वहां पैसे की जरूरत नहीं है। आपका मानसिक स्वास्थ्य पैसे से ज्यादा महत्वपूर्ण है। मैंने अनिल (अनिल कुंबले) को फोन किया। मैंने एक-एक करके चर्चा की और कहा कि सुनो मैं जा रहा हूं क्योंकि उसी समय मेरे पास विश्व कप भी था और हम एक बुलबुले में थे। इसलिए आप बाहर नहीं आ सकते थे इसलिए आपका मानसिक संतुलन बस जा रहा था। यह वास्तव में बहुत ही हैरान करने वाला था और आपको नष्ट कर रहा था। मैं अंदर से टूट गया था और मुंबई के खिलाफ खेले गए आखिरी गेम के बाद मैं ऐसा था। मैं शांति पाने के बजाय खुद को और नुकसान पहुंचाने वाला हूं।'




गौर है कि गेल के नाम सबसे ज्यादा टी20 शतक और सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 463 मैचों में 36.22 की औसत से 14,562 रन बनाए हैं जिनमें 22 शतक और 88 अर्धशतक शामिल हैं। उनके पूर्व साथी पोलार्ड (14,145 रन) और इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स (14,047 रन) भी उनसे ज्यादा पीछे नहीं हैं।

## एशिया कप : भारतीय महिला हॉकी टीम ने सिंगापुर को 12-0 से हराया, नवनीत और मुमताज ने 3-3 गोल दागे

बीजिंग (ईएमएस)। नवनीत कौर और मुमताज खान के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम ने चीन में खेले जा रहे एशिया कप महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने तीसरे मुकाबले में सिंगापुर को 12-0 से हरा दिया। इसी के साथ ही पूल बी से भारतीय टीम का सुपर चार में पहुंचना तय हो गया है। भारत की और से नवनीत और मुमताज ने तीन-तीन गोल किये। मुमताज ने मैच के दूसरे ही मिनट में एक गोल दागकर भारतीय टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद नवनीत ने मैच के 14वें, 18वें और 28वें मिनट में तीन गोल दाग दिये। वहीं मुमताज ने 32वें और 38वें मिनट में दो गोल और दाग दिये। वहीं लालरेम्सियामी ने 13वें, उदिता ने 29 वें जबकि शर्मिला देवी ने 45वें मिनट और ऋतुजा पिसल ने 52वें मिनट में गोल किये। नेहा ने 11वें और 38वें मिनट में दो गोल दागे। वहीं इससे पहले भारतीय टीम ने पहले मैच में थाईलैंड को 11-0 से हराया था जबकि जापान से उसका दूसरा मैच 2-2 से बराबरी पर रहा था। मैच में पूरी तरह से भारतीय टीम हावी रही। सिंगापुर की टीम केवल चौथे क्वार्टर में ही कुछ हद तक मुकाबला कर पायी।

## भारतीय टीम एशिया कप जीतेगी : गावस्कर

**-शुभमन के भी एशिया कप में भी बेहतर प्रदर्शन का भरोसा जताया**



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मनाना है कि भारतीय टीम एशिया कप में अपने मैच आसानी से जीत जाएगी। गावस्कर ने कहा, अगर भारतीय टीम अपने मैच आराम से नहीं जीत पाती है तो मुझे हैरानी होगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार का प्रदर्शन पिछले कुछ समय में भारतीय टीम का रहा है उससे वह अन्य टीमों से कहीं आगे हैं। भारतीय टीम को यहां पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका से भी टक्कर मिलेगी। इसके बाद भी पिछले कुछ साल में भारतीय टीम ने जिस प्रकार से शानदार प्रदर्शन किया है। उससे वह एशिया कप में खिताब की प्रबल दावेदार के तौर पर उतरेगी। वहीं इस पूर्व कप्तान ने कहा कि उपकप्तान बनाये गये शुभमन गिल टूर्नामेंट मे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। गावस्कर के अनुसार शुभमन में टी20 में भी अच्छी बल्लेबाजी करने की क्षमताएं हैं। वहीं इससे पहले कुछ पूर्व क्रिकेटरों ने कहा था टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर उनको टी20 टीम में शामिल करना ठीक नहीं है। वहीं गावस्कर का मानना है कि जिस प्रकार का प्रदर्शन उन्होंने इंग्लैंड के टेस्ट दौरे में किया था। उसके बाद से ही टी20 के लिए भी उनकी दावेदारी पक्की हो गयी थी। इसके अलावा आईपीएल में उन्होंने जिस तरह से टी20 फॉर्मेट में बल्लेबाजी की है जिसे देखते हुए किसी को भी उनकी क्षमताओं पर संदेह नहीं होना चाहिये। आईपीएल में टी20 फॉर्मेट में वह काफी सफल रहे है। उन्होंने गुजरात टाइटंस की कप्तानी करते हुए काफी रन बनाये हैं।

## कार्लोस अल्काराज ने सिनर को हराकर जीता यूएस ओपन का खिताब, बने नंबर 1

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** स्पेन के टेनिस सुपरस्टार कार्लोस अल्काराज ने शानदार प्रदर्शन के साथ यूएस ओपन 2025 का पुरुष एकल खिताब अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ ही उन्होंने जैनिक सिनर को हराकर यूएस ओपन खिताब जीता और विश्व नंबर 1 रैंकिंग भी हासिल की।

यूएस ओपन फाइनल में अल्काराज ने इटली के सिनर को चार सेटों में 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से हराकर अपना दूसरा यूएस ओपन और छठा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इस जीत के साथ ही अल्काराज ने सिनर की 65 सप्ताह की विश्व नंबर 1 रैंकिंग को छीनकर फिर से शीर्ष स्थान हासिल किया है।

दरअसल, अल्काराज ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। अल्काराज ने सिनर पर दबदबा कायम रखते हुए पहला सेट 6-2 से अपने नाम किया। हालांकि, सिनर ने दूसरे सेट में वापसी की और 6-3 से जीतकर मुकाबला बराबर किया। अल्काराज ने तीसरे सेट में शानदार वापसी की और 6-1 से जीत हासिल की। इसके बाद चौथे सेट में 6-4 से जीत हासिल की।



अल्काराज ने पूरे टूर्नामेंट में केवल एक सेट गंवाया, जो इस फाइनल में था। इस जीत के बाद कार्लोस अल्काराज जश्न में डूबे नजर आए। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे कुछ लोगों के साथ अपनी जीत को सेलिब्रेट कर रहे हैं। 2025 में अल्काराज और सिनर के बीच यह लगातार तीसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल था। इससे पहले अल्काराज ने फ्रेंच ओपन में सिनर को हराया था, जबकि सिनर ने विंबलडन में जीत हासिल की थी।

अल्काराज छह ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले ब्योर्न बोर्ग के बाद दूसरे सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। उनके पास अब फ्रेंच ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन में दो-दो खिताब हैं, जिसके साथ वह नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल और मैट्स विलेंडर के साथ उन चुनिंदा पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने तीनों सतहों (हार्ड कोर्ट, क्ले और घास) पर कई ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। इस जीत के साथ उन्होंने 5 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि भी हासिल की है।

## टेबल टेनिस : अंडर-15 डबल्स में अनन्या-दिव्यांशी को स्वर्ण, भारत ने जीते कुल 6 पदक




नई दिल्ली। भारत की अनन्या मुरलीधरन और दिव्यांशी भौमिक ने उत्तरी मैसेडोनिया की राजधानी स्कोप्जे में आयोजित डब्ल्यूटीटी यूथ स्टार कंटेंडर में अंडर-15 गर्ल्स डबल्स का स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। एक रोमांचक और कड़े फाइनल मुकाबले में उन्होंने चीन की झाओ वांगकी और लियू ज़ीलिंग को 3-2 के स्कोर से हराया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही, भारत ने टूर्नामेंट में 1 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक सहित कुल 6 मेडल अपने नाम किए। यह फाइनल मैच भारतीय जोड़ी के धैर्य और दृढ़ता का एक बेहतरीन उदाहरण था। शुरुआती गेम जीतने के बाद, चीनी जोड़ी ने जबरदस्त वापसी की। लेकिन, निर्णायक गेम में अनन्या और दिव्यांशी ने शांत रहते हुए खेला और कई मैच पॉइंट बचाए। उन्होंने अंतत: 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 के स्कोर से जीत हासिल की, जिससे भारत को सबसे बड़ा सम्मान मिला। इससे पहले सेमीफाइनल में, इस जोड़ी ने अपने ही देश की खिलाड़ियों, रियाना भूटा और अंकौलिका चक्रवर्ती को 3-1 (11-2, 10-12, 11-3, 11-6) के स्कोर से हराकर फाइनल में जगह बनाई। रियाना और अंकौलिका ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। भारत की पदक तालिका को पी.बी. अभिनंद (अंडर-19) और ऋत्विक गुप्ता (अंडर-15) ने अपने-अपने सिंगल्स मुकाबलों में रजत पदक जीतकर और मजबूत किया। डबल्स मुकाबलों में भी भारत के लिए और मेडल आए। पी.बी. अभिनंद और सिंड्रेला दास ने अंडर-19 मिक्स्ड डबल्स में कांस्य पदक जीता, जबकि ऋत्विक गुप्ता और साहिल रावत ने अंडर-15 बॉयज़ डबल्स में भी कांस्य पदक हासिल किया। कुल मिलाकर, भारतीय टीम ने दक्षिण-पूर्वी यूरोप के देश उत्तरी मैसेडोनिया में आयोजित इस टूर्नामेंट में एक सराहनीय प्रदर्शन किया और भविष्य के लिए बड़ी उम्मीदें जगाईं।

## वर्कलोड मैनेजमेंट पर बोले शार्दुल ठाकुर, कोई यह नहीं पूछता हमारा शरीर कैसा महसूस करता है




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने वर्कलोड मैनेजमेंट पर अपनी राय दी है। शार्दुल का मानना है कि खिलाड़ियों को हल्के में लिया जाता है। उन्हें शरीर को नियंत्रित रखने और उसे चोट से मुक्त रखने के लिए जरूरी लगातार ब्रेक नहीं मिलते।

हाल ही में वर्कलोड मैनेजमेंट एक तीखी बहस का हिस्सा रहा। कई पूर्व क्रिकेटरों ने जसप्रीत बुमराह द्वारा इंग्लैंड के खिलाफ पांच में से तीन टेस्ट मैचों के लिए खुद को उपलब्ध रखने की आलोचना की। वही शार्दुल का मानना है कि वर्कलोड मैनेजमेंट किया जाना चाहिए।

दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के आखिरी दिन वेस्ट जोन के कप्तान शार्दुल ठाकुर ने कहा, 'कई बार हमें हल्के में लिया जाता है और प्रबंधन उच्चतम स्तर का नहीं है। इतने महीनों तक खेलने के बाद कोई भी हमसे आकर यह नहीं पूछता कि हमारा शरीर कैसा महसूस कर रहा है। लेकिन हां मैं फिजियो और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच के साथ अपने शरीर का प्रबंधन कर रहा हूं और लगातार काम कर रहा हूं।'

गौर है कि चोट से वापसी के बाद शार्दुल रणजी ट्रॉफी 2024-25, विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेल चुके हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए उनके प्रतिस्थापन खिलाड़ी के रूप में खेला। इसके बाद वह इंग्लैंड लायंस के खिलाफ बहु-दिवसीय मैचों के लिए भारत ए का हिस्सा थे। दलीप ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में खेलने से पहले उन्होंने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में दो टेस्ट मैच खेले।

## दलीप ट्रॉफी : जगदीशन और पडिक्कल के जाने के बाद फाइनल में साउथ जोन में दो स्टार खिलाड़ी शामिल

आगामी दलीप ट्रॉफी फाइनल की तैयारी के लिए जगदीसन और पडिक्कल के भारत ए टीम में शामिल होने के बाद साउथ जोन की टीम ने दो होनहार बल्लेबाज कर्नाटक के रविचंद्रन स्मरण और तमिलनाडु के आंद्रे सिद्धार्थ को टीम में शामिल किया। दलीप ट्रॉफी के खिताबी मुकाबला में साउथ जोन का सामना सेंट्रल जोन से होगा। जो 11 सितंबर से बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर खेला जाएगा। एन जगदीशन और देवदत्त पडिक्कल ने हाल ही में दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज जगदीशन ने नॉर्थ जोन के खिलाफ पहली पारी में 197 रनों की शानदार पारी खेली और अपनी टीम के 536 रनों के स्कोर में अहम योगदान दिया। इस प्रदर्शन की बदौलत साउथ जोन ने फाइनल में जगह बनाई। पडिक्कल ने भी दोनों पारियों में 57 और नाबाद 16 रन बनाकर महत्वपूर्ण योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ए टीम के दो अनौपचारिक टेस्ट मैचों के लिए जगदीशन और पडिक्कल के चयन के बाद स्मरण और सिद्धार्थ को मुख्य टीम में शामिल किया गया है। यह श्रृंखला 19 सितंबर से शुरू होगी।

दलीप ट्रॉफी फाइनल के लिए साउथ जोन की टीम- मोहम्मद अज़हरुद्दीन (कप्तान और विकेटकीपर), रिकी भुई (उप-कप्तान), रविचंद्रन स्मरण, काले एम, शेख रशीद, तन्मय अग्रवाल, सलमान निज़ार, आंद्रे सिद्धार्थ, तनय त्यागराजन, गुरजापनीत सिंह, एमडी निधिश, वासुकी कौशिक, अंकित शर्मा, टी विजय, बासिल एनपी।

# भारत ने चौथी बार जीता हॉकी एशिया कप, फाइनल में कोरिया को 4-1 से हराया

**राजगीर (एजेंसी)।** बिहार के नालंदा जिले के राजगीर में खेले गए हॉकी एशिया कप में भारतीय टीम चैंपियन रही है। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने कोरिया को 4-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने विश्व कप हॉकी का टिकट भी कटा लिया है। भारतीय टीम के लिए दिलप्रीत सिंह ने दो जबकि सुखजीत सिंह और अमित रोहिदास ने एक-एक गोल किया।

भारत ने मैच के पहले ही मिनट में गोल कर दिया। हरमनप्रीत सिंह ने कोरियाई डिफेंडर को छकाते हुए सुखजीत को पास दिया। उन्होंने टॉप कॉर्नर को बैकहैंडर से टॉमहॉक मारा। उनके शॉट का कोरियाई गोलकीपर के पास जवाब नहीं था और गेंद गोल पोस्ट में समा गई। पहले क्वार्टर की समाप्ति पर भारतीय टीम 1-0 से आगे रही। दूसरे क्वार्टर के आखिरी क्षणों में भारत के लिए दिलप्रीत ने गोल दागा। पहले हाफ तक भारतीय टीम 2-0 से आगे रही।

दूसरे हाफ की शुरुआत में भारतीय टीम अटैक के साथ-साथ कोरियाई खिलाड़ियों को रोकने की रणनीति के तहत खेल रही थी। तीसरे क्वार्टर की समाप्ति से ठीक पहले भारत ने तीसरा गोल दागा। गोल दिलप्रीत ने मारा था। भारत की बढ़त 3-0 की हो गई। चौथे क्वार्टर में भारत के लिए चौथा गोल अमित रोहिदास ने किया। चौथे क्वार्टर के अंत में कोरिया की तरफ से एकमात्र गोल किया गया। समय समाप्ति की घोषणा के साथ ही भारतीय टीम कोरिया पर 4-1 की जीत के साथ एशिया चैंपियन बन गई।

भारतीय हॉकी टीम 8 साल बाद एशिया कप चैंपियन बनी है। वहीं, चौथी बार हॉकी इंडिया ने इस खिताब पर कब्जा जमाया है। भारत ने सबसे पहले 2003 में एशिया कप का खिताब अपने नाम किया था, जब फाइनल में उन्होंने पाकिस्तान को 4-2 से हराया था। इसके बाद उन्होंने 2007 में चेन्नई में टूर्नामेंट जीता। भारत ने आखिरी बार 2017 में मनप्रीत सिंह की अगुवाई में एशिया कप का खिताब अपने नाम किया था। पिछले संस्करण में भारतीय टीम तीसरे स्थान पर रही थी।





‘परम सुंदरी‘ ने वीकेंड पर लगाई छलांग

# सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की फिल्म ने 9वें दिन छाप डाले इतने करोड़

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की फिल्म ‘परम सुंदरी‘ को रिलीज हुए 9 दिन हो गए है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। इसने वीकेंड पर भी करोड़ों रुपये का कलेक्शन किया है। जानिए इसने 6 सितंबर, शनिवार को इसने कितने करोड़ रुपये कमाए हैं। पढ़ें ये रिपोर्ट।

**‘परम सुंदरी‘ बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 9**

दिल्ली का लड़का परम (सिद्धार्थ मल्होत्रा) और साउथ इंडियन लड़की सुंदरी (जान्हवी कपूर)। फिल्म का नाम ‘परम सुंदरी‘। तुषार जलोटा के डायरेक्शन में बनी ये मूवी 29 अगस्त 2025 को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। ओपनिंग डे पर 7.25 करोड़ रुपये से खाता खोला और अब 9वें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है, आइये जानते हैं। पहले बता दें कि ‘परम सुंदरी‘ प्रोड्यूस किया है।

**‘परम सुंदरी‘ की कहानी**

कहानी दिल्ली में रहने वाले एक लड़के की है, जो बिजनेस की दुनिया में नाम कमाना चाहता है, लेकिन सारे आइडिया फ्लॉप हो जाते हैं। फिर उसे एक ऐप के बारे में पता चलता है, जो आपको आपके सोलमेट से मिलवाती है। परम इस ऐप को ट्राई करने के लिए अपनी सोलमेट से मिलने जाता है, जो साउथ इंडिया में रहती है। जब दोनों के बीच कुछ-कुछ होने लगता है तो परम को पता चलता है कि वो ऐप और ऐप बनाने वाला दोनों फ्रॉड हैं। तो क्या वो अब सुंदरी को छोड़ देगा या फिर यही उसका सच्चा प्यार है, ये जानने के लिए आपको पूरी फिल्म देखनी पड़ेगी।



# परिणीति के चेहरे पर नजर आया प्रेग्नेंसी ग्लो

बॉलीवुड अदाकारा परीणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी मां बनने के बाद अनाउंसमेंट के बाद से ही सुर्खियों में हैं। अपने फैंस के साथ उन्होंने जैसे ही इस खबर को बताया कि वो मां बनने वाली हैं तो सोशल मीडिया पर बधाइयों का तांता लग गया। अब इस ऐलान के बाद वो पहली बार किसी पब्लिक इवेंट में नजर आई हैं। एक कार्यक्रम में पहुंचीं परीणीति पारंपरिक काले अनारकली सूट में नजर आईं। उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी का ग्लो दिख रहा था। जैसे ही उनकी तस्वीरें और वीडियो सामने आए, फैन्स ने सोशल मीडिया पर जमकर प्यार लुटाया।

## इंस्टाग्राम पोस्ट से किया ऐलान

बता दें अभिनेत्री और उनके पति राघव चड्ढा ने बीते 25 अगस्त को इंस्टाग्राम पर अपने नए सफर की घोषणा की थी। उन्होंने एक प्यारे कैप्शन के साथ बताया था कि उनकी छोटी सी खुशी आने वाली हैं। इसके बाद से ही प्रशंसकों, दोस्तों और बॉलीवुड से जुड़ी हस्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं भेजनी शुरू कर दीं।

## परीणीति और राघव की प्रेम कहानी

यह रिश्ता भी कम दिलचस्प नहीं रहा। लंबे समय से एक-दूसरे को जानने के बावजूद उनकी नजदीकियां लंदन में हुए एक एलुमनाई इवेंट से बढ़नी शुरू हुईं। दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदली और आखिरकार मई 2023 में दोनों ने दिल्ली में सगाई की। कुछ ही महीनों बाद, सितंबर में उदयपुर की झीलों के बीच उन्होंने करीबी रिश्तेदारों और दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लिए। शादी के बाद साझा की गई तस्वीरों में दोनों ने लिखा था कि हमारी पहली मुलाकात से ही दिलों ने कह दिया था कि यह सफर हमेशा का होगा।

# सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार जीतने के बाद भावुक हुई अनुपर्णा

महिलाओं को अवॉर्ड किया समर्पित



**भारतीय** फिल्म निर्देश अनुपर्णा रॉय ने देश का परचम लहराया है। वेनिस फिल्म फेस्टिवल में दिखाई गई एकमात्र भारतीय फिल्म- च्सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के लिए अनुपर्णा को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सम्मान दिया गहया। क्यों खास है अनुपर्णा की ये उपलब्धि? क्या है फिल्म की कहानी? जानिए सबकुछ।

**इटली में आयोजित 82वें वेनिस फिल्मः** फेस्टिवल में भारत का डंका बजा है। पूरे देश लिए गर्व के इन लम्हों को सहेजने का श्रेय फिल्ममेकर अनुपर्णा रॉय को जाता है। उनकी फिल्म च्सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज़' के लिए उन्हें ओरिज़ोंटी सेक्शन का सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पुरस्कार की घोषणा ओरिज़ोंटी जूरी की अध्यक्ष, फ्रांसीसी फिल्मकार जूलिया ड्यूकुर्नो ने समापन समारोह के दौरान की। भारतीय सिनेमा के लिए यह उपलब्धि महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है।

**अवॉर्ड जीतने के बाद क्या बोलीं अनुपर्णा रॉय?:** इस खिताब को जीतने के बाद नम आंखों के साथ अनुपर्णा रॉय ने अवॉर्ड उन सभी महिलाओं को समर्पित किया जो अपने खिलाफ हो रहे अत्याचार के खिलाफ या किसी भी मुद्दे पर अपनी आवाज नहीं उठा पाती हैं। अनुपर्णा रॉय ने कहा, ‘यह फिल्म उन हर महिलाओं को समर्पित है, जिनकी आवाज कभी दबा दी गई, जिन्हें नजरअंदाज किया गया या कम आंका गया। मेरी कामना है कि यह जीत और अधिक आवाजों और ज्यादा कहानियों और महिलाओं को सिनेमा ही नहीं बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में और अधिक ताकत देने की प्रेरणा बने।‘

**प्रवासी महिलाओं की जिंदगी पर आधारित है फिल्मः** अनुपर्णा रॉय की इस फिल्म से अनुराग कश्यप भी जुड़े हैं। खास बात ये भी रही कि इस वर्ष के ओरिज़ोंटी सेक्शन में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म- सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज़' ही रही। मुंबई में प्रवासी महिलाओं की जिंदगी पर आधारित इस फिल्म में आधी आबादी के अकेलेपन, संघर्ष और क्षणिक रिश्तों के बीच जीने का रास्ता तलाशने की जिजिविषा को दिखाया गया है।

**कलाकारों और अनुराग कश्यप का विशेष आभारः** इटली के वेनिस शहर में अवॉर्ड लेने मंच पर सफेद साड़ी में पहुंचीं अनुपर्णा रॉय ने देश के परिधान को भी सात समंदर पार खास तौर पर स्थान दिलाया। उन्होंने इस सम्मान को ‘सपना सच होने जैसा लम्हा‘ बताया। उन्होंने जूरी, अपनी टीम, कलाकारों और अनुराग कश्यप का विशेष आभार व्यक्त किया।

# ईशा गुप्ता ने पूरी की धमाल 4 की शूटिंग



बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस और बहुमुखी अभिनेत्रियों में से एक, ईशा गुप्ता अब अपनी कॉमिक टाइमिंग और दमदार स्क्रीन प्रेज़ेन्स से दिल जीतने के लिए तैयार हैं धमाल 4 में। अजय देवगन और पूरी एनसेंबल कास्ट के साथ बड़े पैमाने पर शूटिंग करने के बाद, अभिनेत्री ने अब अपनी शूटिंग पूरी कर ली है और निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर इंद्र कुमार की इस बहुप्रतीक्षित कॉमेडी एक्स्ट्रावैगेंज़ा का रैप-अप घोषित कर दिया है। ईशा के लिए धमाल 4 अजय देवगन के साथ उनकी तीसरी फिल्म है, बादशाहो और टोटल धमाल के बाद। पिछले महीने अजय और ईशा को माध आइलैंड में महत्वपूर्ण सीक्वेंसेज़ शूट करते हुए देखा गया था, जहां उनके साथ रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी, रवि किशन, संजय मिश्रा और अन्य कलाकार भी शामिल थे। रैप-अप के मौके पर ईशा ने कहा धमाल जैसी दर्शकों की पसंदीदा फ्रेंचाइज़ का हिस्सा बनना मेरे लिए एकदम खुशी की बात है। इंद्र सर, अजय और पूरी टीम के साथ काम करना, टोटल धमाल के बाद एक बार फिर, अविस्मरणीय अनुभव रहा। अजय एक पावरहाउस टैलेंट हैं, और सेट पर उनकी सहजता और एनर्जी सबको और बेहतर बना देती है। सेट का माहौल हमेशा मजेदार, हंसी-खुशी और पॉज़िटिविटी से भरा रहा। मैं बेसब्री से इंतज़ार कर रही हूं कि दर्शक वो पागलपन और मस्ती देखें जो हमने क्रिएट की है। शूट खत्म करना मेरे लिए बेहद खास है क्योंकि ये फिल्म सच में प्योर एंटरटेनमेंट है और इसका हिस्सा बनकर मैं बेहद उत्साहित हूं।

## अभिनेत्री निकिता घाग और उसके साथियों पर फिल्म निर्माता से बंदूक की नोक पर 10 लाख ट्रांसफर कराने का आरोप

बॉलीवुड से जुड़े अंधेरी वेस्ट इलाके में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। फिल्म निर्माता कृष्णकुमार वीरसिंह मीणा उर्फ के. कुमार (48) ने आरोप लगाया है कि अभिनेत्री निकिता घाग और उसके सहयोगियों ने उन्हें बंधक बनाकर बंदूक की नोक पर 10 लाख रुपए जबरन ट्रांसफर करवाए। इस घटना के बाद अंबोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। फिल्म निर्माता कृष्णकुमार वीरसिंह मीणा उर्फ के. कुमार (48) ने मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त की शाम निकिता घाग 10 से अधिक लोगों के साथ उनके स्टूडियो, चित्रलेखा हेरिटेज पहुंची।

# गणपति विसर्जन के बाद अक्षय कुमार ने किया ऐसा काम, यूजर्स ने की जमकर तारीफ

अक्षय कुमार को रविवार सुबह मुंबई के जुहू बीच पर कई लोगों के साथ देखा गया। वह गणपति विजर्सन कार्यक्रम के समापन के बाद यहां पहुंचे थे। जुहू बीच पर एक्टर ने ऐसा काम किया कि सोशल मीडिया पर उनकी वाहा-वाही हो रही है। अक्षय कुमार सोशल मैसेज वाली फिल्मों के जरिए तो लोगों को अवेयर करते हैं। साथ ही वह समय-समय पर अपनी नैतिक जिम्मेदारी भी समाज और देश को लेकर निभाते हैं। हाल ही में गणपति विजर्सन समापन के बाद एक्टर ने जुहू बीच पर कुछ ऐसा काम किया कि सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ होने लगी।

## यूजर्स ने की खिलाड़ी कुमार की तारीफ

सोशल मीडिया पर अक्षय कुमार के इस प्रयास की सराहाना हो रही है। एक यूजर ने लिखा, अक्षय कुमार हमेशा अच्छा काम करते हैं।' अन्य यूजर ने अक्षय के लिए हार्ट और फायर इमोजी सोशल मीडिया पर साझा किए और एक्टर की पहल को सराहा है।

सोशल मीडिया पर अक्षय कुमार का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह गणेश विसर्जन के बाद जुहू बीच पर फैले कचरे को साफ करते हुए दिखाई दिए। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस ने इस क्लिन अप ड्राइव को होस्ट किया है। अक्षय कुमार के साथ वायरल वीडियो में वह भी सफाई करती हुई नजर आईं।



# ‘अयोध्या रामलीला‘ में सीता बनेंगी मिस यूनिवर्स इंडिया मनिका




मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 का खिताब अपने नाम करने वाली मनिका विश्वकर्मा ‘अयोध्या रामायण‘ में माता जानकी का रोल अदा करेंगी। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा से यह अवसर मिला है। ‘मिस यूनिवर्स इंडिया 2025‘ का खिताब जीतने वाली मनिका विश्वकर्मा आगामी वार्षिक नाट्य समारोह ‘अयोध्या रामलीला‘ में हिस्सा ले रही हैं। इस रामलीला में वे माता सीता की भूमिका निभाती नजर आएंगी। मालूम हो कि ‘अयोध्या रामलीला‘ को दुनिया की सबसे बड़ी रामलीला माना जाता है। यह मौका मिलने पर मनिका बेहद खुश हैं और इसे श्रीराम की कृपा बता रही हैं।

## मनिका ने फैंस से किया अनुरोध

अयोध्या की रामलीला के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया गया है। इसमें मनिका बोलती दिख रही हैं, ‘जय श्रीराम, मैं अयोध्या की रामलीला में माता सीता का किरदार अदा करने जा रही हूं। यह मेरे लिए एक सौभाग्य की बात है कि भगवान श्रीराम के आशीर्वाद, बजरंगबली के आशीर्वाद और अयोध्यावासियों के आशीर्वाद से यह किरदार अदा करूंगी।

## ‘ यूजर्स के निशाने पर आई साई पल्लवी, ‘मां सीता के लिए कास्टिंग खराब है...



साउथ की फेमस एक्ट्रेस साई पल्लवी हाल ही में एक अवॉर्ड शो में नजर आईं। उनके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। कुछ उनकी सादगी की तारीफ कर रहे हैं तो किसी को ‘रामायणम‘ में माता सीता के लिए उनकी कास्टिंग पसंद नहीं आ रही है। उनके वीडियो पर सभी के मिले-जुले रिएक्शन आ रहे हैं। साई पल्लवी के वायरल वीडियो पर यूजर्स ने खूब रिएक्ट किया है। एक ने कहा, ‘पुरानी रामायण बेस्ट है।‘ दूसरे ने कहा, ‘मां सीता के लिए इससे बुरा कोई विकल्प नहीं हो सकता।‘ अन्य ने कहा, ‘मां सीता के लिए बेजान चेहरा अच्छी पसंद नहीं है! कास्टिंग बहुत खराब है।‘ हालांकि, साई पल्लवी के फैंस उनके सपोर्ट में हैं। उनका कहना है कि वो बहुत प्यारी दिख रही हैं और ‘रामायण‘ में मां सीता के रोल के लिए परफेक्ट हैं।

# मंदिरों का शहर हम्पी

यूनेस्को की विश्व विरासत की सूची में शामिल हम्पी भारत का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। 2002 में भारत सरकार ने इसे प्रमुख पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। हम्पी में स्थित दर्शनीय स्थलों में सम्मिलित हैं– विरूपाक्ष मन्दिर, रघुनाथ मन्दिर, नरसिम्हा मन्दिर, सुग्रीव गुफा, विठाला मन्दिर, कृष्ण मन्दिर, हजारा राम मन्दिर, कमल महल तथा महानवमी डिब्बा आदि। हम्पी से 6 किलोमीटर दूर तुंगभद्रा बांध स्थित है। कहा जाता है कि हम्पी के हर पत्थर में कहानी बसी है। यहां दो पत्थर त्रिकोण आकार में जुड़े हुए हैं। दोनों देखने में एक जैसे ही हैं, इसलिए इन्हें सिस्टर स्टोंस कहा जाता है। इसके पीछे भी एक कहानी प्रचलित है। दो ईर्ष्यालु बहनें हम्पी घूमने आईं, वे हम्पी की बुराई करने लगीं। शहर की देवी ने जब यह सुना तो उन दोनों बहनों को पत्थर में तब्दील कर दिया।



## स्थापत्य कला

विजयनगर के शासकों ने मंत्रणागृहों, सार्वजनिक कार्यालयों, सिंचाई के साधनों, देवालयों तथा प्रासादों के निर्माण में बहुत उत्साह दिखाया। विदेशी यात्री नूनीज ने नगर के अन्दर सिंचाई की अद्भुत व्यवस्था और विशाल जलाशयों का वर्णन किया है। राजकीय परकोटे के अंतर्गत अनेक प्रासाद, भवन एवं उद्यान बनाये गये थे। राजकीय परिवार की स्त्रियों के लिए अनेक सुन्दर भवन थे, जिनमें कमल-प्रासाद सुन्दरतम था। यह भारतीय वास्तुकला का अद्भुत उदाहरण था। यह माना जाता है कि एक समय में हम्पी रोम से भी समृद्ध नगर था। प्रसिद्ध मध्यकालीन विजयनगर राज्य के खण्डहर वर्तमान हम्पी में मौजूद हैं। इस साम्राज्य की राजधानी के खण्डहर संसार को यह घोषित करते हैं कि इसके गौरव के दिनों में स्वदेशी कलाकारों ने यहां वास्तुकला, चित्रकला एवं मूर्तिकला की एक पृथक शैली का विकास किया था। हम्पी पत्थरों से घिरा शहर है। यहां मंदिरों की खूबसूरत श्रृंखला है, इसलिए इसे मंदिरों का शहर भी कहा जाता है।

## मंदिरों का शहर

हम्पी मंदिरों का शहर है जिसका नाम पम्पा से लिया गया है। पम्पा तुंगभद्रा नदी का पुराना नाम है। हम्पी इसी नदी के किनारे बसा हुआ है। पौराणिक ग्रंथ रामायण में भी हम्पी का उल्लेख वानर राज्य किष्किन्धा की राजधानी के तौर पर किया गया है। शायद यही वजह है कि यहां कई बंदर हैं। हम्पी से पहले एनेगुंदी विजयनगर की राजधानी हुआ करती थी। दरअसल यह गांव है, जो विकास की रफ्तार में काफी पिछड़ा हुआ है। यहां के निवासियों को बिल्कुल नहीं पता कि सदियों पहले यह जगह कैसी हुआ करती थी। नव वृंदावन मंदिर तक पहुंचने के लिए नाव के जरिए नदी पार करनी पड़ती है, जिसे कन्नड़ में टेप्पा कहा जाता है। यहां के लोगों का विश्वास है कि नव वृंदावन मंदिर के पत्थरों में जान है, इसलिए लोगों को इन्हें छूने की इजाजत नहीं है।।

## विठल स्वामी का मन्दिर

हम्पी में विठल स्वामी का मन्दिर सबसे ऊंचा है। यह विजयनगर के ऐश्वर्य तथा कलावैभव के चरमोत्कर्ष का द्योतक है। मंदिर के कल्याणमंडप की नक्काशी इतनी सूक्ष्म और सघन है कि यह देखते ही बनता है। मंदिर का भीतरी भाग 55 फुट लम्बा है। और इसके मध्य में ऊंची वेदिका बनी है। विठ्ठल भगवान का रथ केवल एक ही पत्थर में से कटा हुआ है। मंदिर के निचले भाग में सर्वत्र नक्काशी की हुई है। लांगहर्स्ट के कथनानुसार- यद्यपि मंडप की छत कभी पूरी नहीं बनाई जा सकी थी और इसके स्तंभों में से अनेक को मुस्लिम आक्रमणकारियों ने नष्ट कर दिया, तो भी यह मन्दिर दक्षिण भारत का सर्वोत्कृष्ट मंदिर कहा जा सकता है। फग्र्युसन ने भी इस मंदिर में हुई नक्काशी की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। कहा जाता है कि पंढरपुर के विठ्ठल भगवान इस मंदिर की विशालता देखकर यहां आकर फिर पंढरपुर चले गए थे।

## विरुपाक्ष मन्दिर

विरुपाक्ष मन्दिर को पंपापटी मंदिर भी कहा जाता है, यह हेमकुटा पहाडियों के निचले हिस्से में स्थित है। हम्पी के कई आकर्षणों में से यह मुख्य है। 1509 में अपने अभिषेक के समय कृष्णदेव राय ने गोपुड़ा का निर्माण करवाया था। भगवान विठाला या भगवान विष्णु को यह मंदिर समर्पित है। 15वीं शताब्दी में निर्मित यह मंदिर बाजार क्षेत्र में स्थित है। यह नगर के सबसे प्राचीन स्मारकों में से एक है। मंदिर का शिखर जमीन से 50 मीटर ऊंचा है। मंदिर का संबंध विजयनगर काल से है। इस विशाल मंदिर के अंदर अनेक छोटे-छोटे मंदिर हैं जो विरूपाक्ष मंदिर से भी प्राचीन हैं। मंदिर के पूर्व में पत्थर का एक विशाल नंदी है जबकि दक्षिण की ओर भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा है। यहां अर्ध सिंह और अर्ध मनुष्य की देह धारण किए नरसिंह की 6.7 मीटर ऊंची मूर्ति है।

## पत्थर का रथ

किंवदंती है कि भगवान विष्णु ने इस जगह को अपने रहने के लिए कुछ अधिक ही बड़ा समझा और अपने घर वापस लौट गए। विरुपाक्ष मंदिर भूमिगत शिव मंदिर है। मंदिर का बड़ा हिस्सा पानी के अन्दर समाहित है, इसलिए वहां कोई नहीं जा सकता। बाहर के हिस्से के मुकाबले मंदिर के इस हिस्से का तापमान बहुत कम रहता है। विठाला मंदिर का मुख्य आकर्षण इसकी खम्बे वाली दीवारें और पत्थर का बना रथ है। इन्हें संगीतमय खंभे के नाम से जाना जाता है, क्योंकि प्यार से थपथपाने पर इनमें से संगीत निकलता है। पत्थर का बना रथ वास्तुकला का अद्भुत नमूना है। पत्थर को तराश कर इसमें मंदिर बनाया गया है, जो रथ के आकार में है। कहा जाता है कि इसके पहिये घूमते थे, लेकिन इन्हें बचाने के लिए सीमेंट का लेप लगा दिया गया है।

## बडाव लिंग

पास में स्थित बडाव लिंग चारों ओर से पानी से घिरा है, क्योंकि इस मंदिर से ही नहर गुजरती है। मान्यता है कि हम्पी के एक गरीब निवासी ने प्रण लिया था कि यदि उसकी किस्मत चमक उठी तो वह शिवलिंग का निर्माण करवाया। बडाव का मतलब गरीब ही होता है।

## लक्ष्मी नरसिम्हा मंदिर

हम्पी लक्ष्मी नरसिम्हा मंदिर या उग्र नरसिम्हा मंदिर बड़े चट्टानों से बना हुआ है, यह हम्पी की सबसे ऊंची मूर्ति है। यह करीब 6.7 मीटर ऊंची है। नरसिम्हा आदिशेष पर विराजमान हैं। असल में मूर्ति के एक घुटने पर लक्ष्मी जी की छोटी तस्वीर बनी हुई है, जो विजयनगर साम्राज्य पर आक्रमण के समय धूमिल हो गई।



## रानी का स्नानागार

हम्पी में स्थित रानी का स्नानागार चारों ओर से बंद है। 15 वर्ग मीटर के इस स्नानागार में गैलरी, बरामदा और राजस्थानी बालकनी है। कभी इस स्नानागार में सुगंधित शीतल जल छोटी-सी झील से आता है, जो भूमिगत नाली के माध्यम से स्नानागार से जुड़ा हुआ था। यह स्नानागार चारों ओर से घिरा और ऊपर से खुला है।

## हजारा राम मंदिर

हजारा राम मंदिर हम्पी के राजा का निजी मंदिर



माना जाता था। मंदिर की भीतरी और बाहरी दीवारों पर बेहतरीन नक्काशी की गई है। बाहरी कमरों की छतों के ठीक नीचे बनी नक्काशी में हाथी, घोड़ा, नृत्य करती बालाओं और मार्च करती सेना की टुकडियों को दर्शाया गया है, जबकि भीतरी हिस्से में रामायण और देवताओं के दृश्य दिखाए गए हैं। इसमें असंख्य पंखों वाले गरुड़ को भी चित्रित किया गया है।

## कमल महल

हम्पी में स्थित कमल के आकार का दो मंजिला



महल और इसका मुंडेर महल पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। कमल महल हजारा राम मंदिर के समीप है। यह महल इन्डो-इस्लामिक शैली का मिश्रित रूप है। कहा जाता है कि रानी के महल के आसपास रहने वाली राजकीय परिवारों की महिलाएं आमोद-प्रमोद के लिए यहां आती थीं। महल के मेहराब बहुत आकर्षक हैं।

## हाउस ऑफ विक्टरी

हाउस ऑफ विक्टरी स्थान विजयनगर के शासकों का आसन था। इसे कृष्णदेवराय के सम्मान में बनवाया गया जिन्होंने युद्ध में ओडिशा के राजाओं को पराजित किया था। वह हाउस ऑफ विक्टरी के विशाल सिंहासन पर बैठते थे और नौ दिवसीय दसारा पर्व को यहां से देखते थे।

## संग्रहालय

कमलापुर में स्थित पुरातत्व विभाग का संग्रहालय बहुत-सी प्राचीन मूर्तियों और हस्तशिल्पों का सग्रंह है। इस क्षेत्र की समस्त हस्तशिल्पों को यहां देखा जा सकता है।

## हाथीघर

हम्पी का हाथीघर जीनान क्षेत्र से सटा हुआ है। यह गुम्बदनुमा इमारत है जिसका इस्तेमाल राजकीय हाथियों के लिए किया जाता था। इसके प्रत्येक चेम्बर में एक साथ ग्यारह हाथी रह सकते थे। यह हिन्दू-मुस्लिम निर्माण कला का उत्तम नमूना है।

### कब जाएं

अक्टूबर से मार्च की अवधि हम्पी जाने के लिए सबसे उत्तम मानी जाती है। हम्पी जाने के लिए हवाई, रेल और सड़क मार्ग को अपनी सुविधानुसार अपनाया जा सकता है। हम्पी जाने के लिए होस्पेट जाना पड़ता है। हैदराबाद से होस्पेट के लिए रेल है। होस्पेट से आगे 15 किलोमीटर की दूरी पर हम्पी है।

### हवाई मार्ग

हम्पी से 77 किलोमीटर दूर बेल्लारी सबसे नजदीकी हवाई अड्डा है। बैंगलोर से बेल्लारी के लिए नियमित उड़ानों की व्यवस्था है। बेल्लारी से राज्य परिवहन की बसों और टैक्सी द्वारा हम्पी पहुंचा जा सकता है।

### रेल मार्ग

हम्पी से 13 किलोमीटर दूर होस्पेट नजदीकी रेलवे स्टेशन है। यह रेलवे स्टेशन हुबली, बैंगलोर, गुंटाकल से जुड़ा हुआ है। होस्पेट से राज्य परिवहन की नियमित बसें हम्पी तक जाती हैं।

### सड़क मार्ग

होस्पेट से सड़क मार्ग के द्वारा हम्पी पहुंचा जा सकता है। हम्पी बेलगांव से 190 किलोमीटर दूर बेंगलुरु से 350 किलोमीटर दूर, गोवा से 312 किलोमीटर दूर है।



**मंदिर की छत दो बार बनाई गई थी। लेकिन पहली बार आग से छत नष्ट हो गयी।और दूसरी बार छत ढह गई। फिर भगवान शिव स्वयं एक भक्त के सपनों में प्रकट हुए और कहा: "मैं तड़केश्वर महादेव हूं। मुझे सूर्य की किरणों की आवश्यकता है। इसलिए, मंदिर की छत को फिर से नहीं बनाना चाहिए।" उसी दिन से ताड़केश्वर महादेव के मंदिर का निर्माण इस तरह किया गया की शिवलिंग पर सूर्य की किरणे गिरते रहे।**

# 800 साल पुराना शिवालय

## गुजरात में तड़केश्वर महादेव मंदिर में सूर्य की किरणें करती हैं शिवजी का अभिषेक

**दक्षिण गुजरात के वलसाड जिले में वांकी नदी के किनारे बसा है अब्रामा गांव। यहां विराजमान हैं प्राचीन अलौकिक तड़केश्वर महादेव। भोलेनाथ के इस मंदिर पर शिखर का निर्माण संभव नहीं है, इसलिए सूर्य की किरणें सीधे शिवलिंग का अभिषेक करती हैं।**

### 1994 में हुआ था जीर्णोद्धार

1994 में मंदिर का जीर्णोद्धार कर 20 फुट के गोलाकार आकृति में खुले शिखर का निर्माण किया गया। शिव भक्त-उपासक हर समय यहां दर्शन कर धर्मलाभ अर्जित करने आते रहते हैं। पावन श्रावण माह व महाशिव रात्रि पर यहां विशाल मेला लगता है।

### स्वप्न में शिव जी ने बताया था

800 वर्ष पुराने इस अलौकिक मंदिर के बारे में उल्लेख मिलता है कि एक ग्वाले ने पाया कि उसकी गाय हर दिन झूंड से अलग होकर घने जंगल में जाकर एक जगह खड़ी होकर अपने आप दूध की धारा प्रवाहित करती है। ग्वाले ने अब्रामा गांव लौटकर ग्रामीणों को उसकी सफेद गाय द्वारा घने वन में एक पावन स्थल पर स्वतः दुग्धाभिषेक की बात बताई। शिव भक्त ग्रामीणों ने वहां जाकर देखा तो पवित्र स्थल के गर्भ में एक पावन शिला विराजमान थी।

फिर शिव भक्त ग्वाले ने हर दिन घने वन में जाकर शिला अभिषेक-पूजन शुरू कर दिया। ग्वाले की अटूट श्रद्धा पर शिवजी प्रसन्न हुए। शिव जी ने ग्वाले को स्वप्न दिया और आदेश दिया कि घनघोर वन में आकर तुम्हारी सेवा से मैं प्रसन्न हूं। अब मुझे यहां से दूर किसी पावन जगह ले जाकर स्थापित करो। ग्वाले ने ग्रामीणों को स्वप्न में मिले आदेश की बात बताई।



### कभी बन नहीं पाया शिखर

ग्वाले की बात सुनकर सारे शिव भक्त ग्रामीण वन में गए। पावन स्थल पर ग्वाले की देखरेख में खुदाई की तो यह शिला सात फुट की शिवलिंग स्वरूप में निकली। फिर ग्रामीणों ने पावन शिला को वर्तमान तड़केश्वर मंदिर में विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठित किया। साथ ही चारों ओर दीवार बना कर ऊपर छप्पर डाला। ग्रामीणों ने देखा कि कुछ ही वक्त में यह छप्पर स्वतः ही सुलग कर स्वाहा हो गया।

ऐसा बार-बार होता गया, ग्रामीण बार-बार प्रयास करते रहे। ग्वाले को भगवान ने फिर स्वप्न में बताया मैं तड़केश्वर महादेव हूं। मेरे ऊपर कोई छप्पर-आवरण न बनाएं। फिर ग्रामीणों ने शिव के आदेश को शिरोधार्य किया। शिवलिंग का मंदिर बनवाया लेकिन शिखर वाला हिस्सा खुला रखा ताकि सूर्य की किरणें हमेशा शिवलिंग पर अभिषेक करती रहें। तड़के का अभिप्राय धूप है जो यहां शिव जी को प्रिय है।



# हिमाचल के सोलन की हसीन वादियों में बसा है एशिया का सबसे ऊंचा शिव मंदिर

दोस्तों आपको पता ही होगा की भारत देश मंदिरो का देश हैं। वैसे तो भारत में कई खूबसूरत मंदिर है जिन्हें देखने हर साल देश-विदेश से करोड़ों सैलानी आते हैं। लेकिन हम जिस भव्य शिव मंदिर के बारे में आज बताने जा रहे है वो है हिमाचल प्रदेश के सोलन की हसीन वादियों में स्तिथ जटोली का शिव मंदिर।

जटोली शिव मंदिर को एशिया का सबसे ऊंचा शिव मंदिर कहा जाता हैं। हाल ही में मंदिर में 11 फुट लंबा स्वर्ण कलश चढ़ाया गया हैं। इससे जटोली शिव मंदिर की ऊंचाई करीब 122 फुट तक पहुंच गई है।

देवो के देव महादेव का यह मंदिर सोलन से करीब 6 किलोमीटर दूर है। दक्षिण-द्रविड़ शैली में बने भोलेनाथ के इस मंदिर की नक्क़ाशी की सुंदरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है की इस शिव मंदिर को बनने में करीब 39 साल का समय लगा।



ऐसा माना जाता है की भोलेनाथ ने यहां कुछ समय के लिए यहाँ विश्राम किया था। उसके बाद तपस्वी बाबा स्वामी कृष्णानंद परमहंस के मार्गदर्शन पर 1973 में जटोली शिव मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हुआ।

इस मंदिर के चारों तरफ आप कुदरत के बेहतरीन नजारों का भी लुफ़्त ले सकते हैं।

**कैसे पहुंचे :**

सोलन से बस/टैक्सी से राजगढ़ रोड़ होते हुए आसानी से जटोली शिव मंदिर पंहुचा जा सकता है। सड़क से करीबन 100 सीढ़ियां चढ़ने के बाद महादेव के दर्शन होते हैं।